रांची, बुधवार
07-10-2026
वर्ष : 01, अंक : 145
पृष्ट : 12
मूल्य 04 रू, मात्र
रांची से प्रकाशित

रफ़्तार मीडिया

RANCHI , चैत्र कृष्ण पक्ष-12 ₹04 RNI NO. - JHHIN/26/A3481 www.raftaarmedia.com



बंगाल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी की 6 सीटों पर वोटिंग

बंगाल में पुलिस ने हुमायूं कबीर को गिरफ्तार किया; ममता न सीएम-विधायक, न उम्मीदवार



□ एजेंसी **नई दिल्ली**

देश के चार राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में 6 सीटों पर मंगलवार को वोटिंग जारी है। इस दौरान आम जनता उन्नयन पार्टी के प्रमुख और विधायक हुमायूं कबीर को बंगाल के मुर्शिदाबाद में उनके पार्टी कार्यालय से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उन पर चुनाव में अनियमितताओं का आरोप लगाया है। उनके बेटे गुलाम नबी आजाद भी रेजीनगर से उम्मीदवार हैं।

वहीं, मीडिया से बात करते हुए नंदीग्राम से कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान ने आरोप लगाया है कि उनके पोलिंग एजेंट्स को जबरन उठाया जा रहा है।

जिन सीटों पर वोटिंग हो रही है, उनमें पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम और रेजीनगर, तमिलनाडु की मदुरंतकम और धारापुरम, पुडुचेरी की थट्टानचावडी विधानसभा सीट और असम की नगांव लोकसभा सीट शामिल हैं। सभी सीटों के नतीजे 9 अक्टूबर को आएंगे।

तमिलनाडु के धारापुरम में मतदान अधिकारी को हटाया गया

तमिलनाडु के धारापुरम विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को एक मतदान अधिकारी को ड्यूटी से हटा दिया गया। उस पर आरोप है कि उसने एक बुजुर्ग महिला मतदाता से 'सीटी' चुनाव चिह्न वाले उम्मीदवार को वोट देने के लिए कहा। इसके बाद मतदान केंद्र पर हंगामा हो गया। डीएमके और एआईएडीएमके समेत विपक्षी दलों के मतदान एजेंटों ने अधिकारी का विरोध किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी सत्तारूढ़ दल के पक्ष में काम कर रहा था। विरोध के बाद मतदान केंद्र पर कुछ घंटों के लिए मतदान प्रभावित रहा। बाद में संबंधित मतदान अधिकारी को वहां से हटाकर उसकी जगह दूसरे अधिकारी को तैनात किया गया

हुमायूं कबीर की गिरफ्तारी पर शुभेंदु बोले- दूसरे बूथ पर हस्तक्षेप करना गलत

पश्चिम बंगाल में एजेयूपी चीफ और विधायक हुमायूं कबीर की गिरफ्तारी पर शुभेंदु अधिकारी ने कहा-मुझे भी गिरफ्तार किया जा सकता है। वह बूथ से बाहर निकले और हस्तक्षेप किया। मैंने बूथ पर वोट डाला, इसके बाद मैं किराए के बूथ पर जाऊंगा और थोड़ा आराम करने के बाद कोलकाता चला जाऊंगा। अगर मैं किसी दूसरे बूथ पर जाता हूं, तो मुझे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। यही नियम है।

नंदीग्राम में वोटिंग से पहले थाना प्रभारी बदला गया

नंदीग्राम विधानसभा उपचुनाव के लिए वोटिंग से ठीक एक दिन पहले चुनाव आयोग ने नंदीग्राम थाने के प्रभारी (आईसी) को बदल दिया है। सोमवार को मौजूदा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा को हटाकर उनकी जगह देबाशीष सरकार को नया प्रभारी बनाया गया। दरअसल, विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी कि अजय कुमार मिश्रा सत्ताधारी पार्टी के करीबी हैं, जिसके बाद आयोग ने यह कार्रवाई की। मिश्रा को 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले यहां तैनात किया गया था। रेजीनगर विधानसभा उपचुनाव को लेकर अरुप उम्मीदवार गोलाम नबी आजाद ने दावा किया कि अगर चुनाव निष्पक्ष तरीके से होता तो उनकी जीत 100त्न तय थी।

चुनाव आयोग तक मार्च पर अड़ा विपक्षः

राहुल और प्रियंका गांधी को दिल्ली पुलिस ने रोका

आकाशवाणी भवन परिसर में धरने पर बैठे

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर इंडी गठबंधन के 19 विपक्षी दलों का "सेव डेमोक्रेसी मार्च" मंगलवार को दिल्ली में बड़े प्रदर्शन में बदल गया। संसद से चुनाव आयोग मुख्यालय तक मार्च निकाल रहे विपक्षी नेताओं को पुलिस ने कई जगहों पर रोका। इसके बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा आकाशवाणी भवन परिसर में पहुंच गए और वहां धरने पर बैठ गए। दोनों नेताओं ने चुनाव आयोग कार्यालय तक जाने की अनुमति मिलने तक प्रदर्शन जारी रखने की बात कही।

विपक्षी नेताओं ने नई संसद भवन क्षेत्र से चुनाव आयोग कार्यालय तक मार्च शुरू किया था। हालांकि, भारी सुरक्षा व्यवस्था और बैरिकेडिंग के चलते पुलिस ने जुलूस को आगे बढ़ने से रोक दिया। इस दौरान राहुल गांधी तिरंगा लेकर बैरिकेड्स पर चढ़ गए और प्रदर्शनकारी सांसदों का नेतृत्व करते दिखाई दिए।

पुलिस की तरफ से रोके जाने के बाद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और कई अन्य नेता आकाशवाणी भवन परिसर में पहुंच गए, जहां वे करीब दो घंटे तक धरने पर बैठे रहे। आकाशवाणी भवन चुनाव आयोग मुख्यालय से लगभग 270 मीटर की दूरी पर स्थित है। इसी दौरान कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता भी वहां पहुंच गए। कुछ कार्यकर्ता परिसर के गेट और बसों पर चढ़ गए, जिन्हें हटाने के लिए पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ी।

प्रदर्शन के दौरान कई विपक्षी नेताओं को हिरासत में लिया गया। इनमें समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ'ब्रायन और अभिषेक बनर्जी सहित कई नेता शामिल थे। बाद में उन्हें बसों में बिठाकर वहां से हटाया गया। प्रियंका गांधी वाड्रा और अन्य कुछ नेताओं को भी कुछ समय के लिए हिरासत में



लेने के बाद छोड़ दिया गया।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि विपक्ष चुनाव आयोग से कथित "वोट चोरी" के मुद्दे पर चर्चा करना चाहता है। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को जनता के अधिकारों से जुड़े सवाल उठाने से रोका जा रहा है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पत्रकारों से बात करते हुए आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी सत्ता में बने रहने के लिए लोगों के अधिकार छीन रही है और चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित कर रही है।

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि यदि मुख्य चुनाव आयुक्त निष्पक्ष हैं तो उन्हें विपक्ष की बात सुननी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष लोकतंत्र बचाने का है और प्रदर्शनकारियों के साथ पुलिस का व्यवहार उचित नहीं है।

समाजवादी पार्टी सांसद धर्मेंद्र यादव ने भी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का विरोध करते हुए कहा कि विपक्ष शुरू से इसके खिलाफ है और मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाए जाने तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान समाजवादी पार्टी सांसद जया बच्चन भी पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) मतदाताओं से जुड़े मुद्दे उठाने वाला पोस्टर लेकर पहुंचीं। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया का असर इन वर्गों के मतदाताओं पर अधिक पड़ सकता है।

प्रदर्शन के दौरान इंडी गठबंधन ने अपने आंदोलन के तहत पांच प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे, मतदाता सूची में पूर्ण पारदर्शिता, एसआईआर प्रक्रिया पर रोक, चुनावों में फिर से मतपत्र प्रणाली लागू करने और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता के मुद्दे पर विपक्षी दलों की एकजुटता शामिल है। विपक्ष की मांग है कि बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जाने की आशंका है और भविष्य के चुनावों में एसआईआर से पहले की मतदाता सूची को आधार बनाया जाना चाहिए। विपक्षी नेताओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने की इच्छा भी जताई है।

2026 का फिजिक्स नोबेल फ्रांसिस हाल्जेन को मिला



□ एजेंसी **स्टॉकहोम**

बेल्जियम के वैज्ञानिक फ्रांसिस हाल्जेन को 2026 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार मिला है। उन्हें यह पुरस्कार अंतरिक्ष से धरती तक आने वाले बेहद ताकतवर न्यूट्रिनो को पकड़ने और उनके बारे में पता लगाने में अहम काम के लिए दिया गया है। उन्होंने दक्षिणी ध्रुव की बर्फ में न्यूट्रिनो पकड़ने वाली आइसक्यूब ऑब्जर्वेटरी बनाने का विचार दिया था। नोबेल पुरस्कार के विजेताओं को दिसंबर में स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में सम्मानित किया जाएगा। उन्हें मेडल, डिप्लोमा और पुरस्कार राशि दी जाएगी। 2026 में नोबेल पुरस्कार की राशि करीब 11.5 करोड़ रुपए है। आइसक्यूब न्यूट्रिनो ऑब्जर्वेटरी दक्षिणी ध्रुव में है। इसके सेंसर दक्षिणी ध्रुव की करीब 1.5 से 2.5 किलोमीटर गहरी बर्फ के अंदर लगाए गए हैं। आइसक्यूब न्यूट्रिनो ऑब्जर्वेटरी दक्षिणी ध्रुव में है। इसके सेंसर दक्षिणी ध्रुव की करीब 1.5 से 2.5 किलोमीटर गहरी बर्फ के अंदर लगाए गए हैं।

दुर्गा पूजा समितियों ने सीएम हेमंत सोरेन से की मुलाकातः मुख्यमंत्री ने दिया दिशा निर्देश

सौरभ रॉय/रफ्तार मीडिया

रांचीः शक्ति की देवी माँ दुर्गा की उपासना के त्यौहार यानी की दुर्गा पूजा का आयोजन राजधानी रांची के विभिन्न हिस्सों मे किया जाता हैं। इसी क्रम में रांची जिला दुर्गा पूजा समिति, रांची महानगर दुर्गा पूजा समिति एवं विभिन्न शांति समितियों के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की।प्रतिनिधिमंडल द्वारा मुख्यमंत्री



को चुनरी, मां दुर्गा की प्रतिमा और गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

इस दौरान पूजा समितियों ने जिला प्रशासन की ओर से मिल रहे सहयोग के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया।

■ पंडाल भ्रमण के लिए दिया गया आमंत्रण

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को सपरिवार रांची के विभिन्न पूजा पंडालों के भ्रमण, मां दुर्गा के दर्शन और महाआरती में शामिल होने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए दुर्गा पूजा उत्सव में शामिल होने और विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण करने की बात कही।

एसआईआर के फॉर्म-6 विवाद पर राहुल vs भाजपा

बीजेपी बोली- इसे सुप्रीम कोर्ट ने सही ठहराया; राहुल ने कहा था- गैरकानूनी बदलाव किए गए

□ एजेंसी **नई दिल्ली**

भाजपा ने मंगलवार को राहुल गांधी के फॉर्म-6 में बदलाव को लेकर लगाए आरोपों पर जवाब दिया। प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि चुनाव आयोग ने फॉर्म-6 में कोई बदलाव नहीं किया है। एसआईआर के लिए इसके साथ एक अतिरिक्त घोषणापत्र जोड़ा गया था।

पात्रा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 27 मई को बिहार में एसआईआर को बरकरार रखा था। कोर्ट ने एसआईआर के लिए अतिरिक्त दस्तावेजी प्रक्रिया की जरूरत को स्वीकार किया था। 5 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसने फॉर्म-6 के किसी संशोधित संस्करण को मंजूरी नहीं दी थी।

सीजेपी सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया। कहा कि



अगर फॉर्म में बदलाव हुआ है तो वह किसने और किस अधिकार के तहत किया। यही बात अब राहुल और भाजपा के बीच विवाद का केंद्र है। राहुल ने आरोप लगाया था कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने फॉर्म-6 में 'गैरकानूनी और एकतरफा' बदलाव किया। अपने पद का इस्तेमाल बीजेपी को फायदा पहुंचाने के लिए किया। चुनाव आयोग ने राहुल के पोस्ट को 'भ्रामक' बताते हुए कहा कि बिहार में एसआईआर का आदेश 24 जून 2025 को आयोग की सहमति से जारी हुआ था।

1. फॉर्म 6 गैरकानूनी तरीके से बदला गया

दावा- ज्ञानेश कुमार ने फॉर्म 6 में गैरकानूनी रूप से फेरबदल किया है।

जवाब- सुप्रीम कोर्ट या जस्टिस सूर्यकांत ने अपने किसी भी बयान में फॉर्म 6 को अवैध नहीं ठहराया है। कोर्ट ने केवल यह कहा था कि रिकॉर्ड आने पर वे जांच करेंगे कि क्या हुआ है, इसलिए फैसले से पहले ही इसे अवैध बता देना पूरी तरह झूठ है।

निमार्ण **121 किमी का वाखान कॉरिडोर चीन के लिए सीधा रास्ता, लद्दाख के पास बढ़ेगा असर**

अफगानिस्तान ने चीन तक बनाई सड़क, भारत के लिए चिंता

□ एजेंसी **नई दिल्ली/काबुल**

अफगानिस्तान ने उत्तर-पूर्वी बदख्शां प्रांत में वाखान कॉरिडोर के जरिए चीन के शिनजियांग तक 121 किलोमीटर लंबी सड़क बना ली है। करीब 55 लाख डॉलर की लागत से बनी इस सड़क का उद्घाटन भी हो गया है। यह सड़क अफगानिस्तान और चीन के बीच पहला सीधा जमीनी रास्ता है।

तालिबान सरकार इस सड़क के जरिए अपने प्राकृतिक संसाधनों और सोने की खदानों को चीन के बाजार तक पहुंचाना चाहती है। इससे उसे दूसरे देशों और विदेशी कंपनियों पर अपनी निर्भरता कम करने में मदद मिल सकती है।

पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच इस रास्ते को रणनीतिक तौर पर भी अहम माना जा रहा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अफगान विदेश मंत्री



अमीर खान मुत्तकी से मुलाकात के दौरान कहा था कि भारत की नजर वाखान में हो रही गतिविधियों पर है।

चीन के लिए खनिज-कनेक्टिविटी का रास्ता

चीन के लिए वाखान कॉरिडोर शिनजियांग की सुरक्षा और व्यापार के लिहाज से महत्वपूर्ण है। चीन ने इसी साल इस इलाके में नया प्रशासनिक कॉरिडोर भी बनाया है।

इस रास्ते से चीन को अफगानिस्तान के सोने और दूसरे खनिजों तक आसानी से पहुंच मिल सकती है। साथ ही ईरान और मध्य पूर्व के बाजारों तक भी जमीनी रास्ता मिल सकता है।


भारत के लिए चिंता का विषय क्यों

वाखान कॉरिडोर भारत के दावे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान के पास है। ऐसे में इस इलाके में चीन की बढ़ती मौजूदगी भारत के लिए चिंता की बात मानी जा रही है। यह क्षेत्र लद्दाख के भी करीब है। इससे भारत को उत्तरी सीमा पर निगरानी और सुरक्षा बढ़ानी पड़ सकती है।



न्यूज़ | ब्रीफ

फिरायालाल पब्लिक स्कूल, राँची में सेवानिवृत्ति योजना पर जागरूकता सत्र



रांची : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) के सहयोग से सेवानिवृत्ति योजना पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य शिक्षकों एवं शिक्षाविदों को सुविचारित एवं समयबद्ध सेवानिवृत्ति योजना के महत्व के प्रति जागरूक करना था। सत्र के संसाधन व्यक्ति प्रो. (डॉ.) रमन बल्लभ ने वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सेवानिवृत्ति के बाद सुखद एवं सम्मानजनक जीवन के लिए वित्तीय तैयारी, व्यवस्थित बचत, निवेश योजना और सूझ-बूझ के साथ वित्तीय निर्णय लेने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए समय रहते योजना बनाने, उपलब्ध विभिन्न वित्तीय साधनों को समझने तथा अपने वित्तीय संसाधनों के प्रबंधन में अनुशासित दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

सत्र का समापन इस महत्वपूर्ण संदेश के साथ हुआ कि सेवानिवृत्ति योजना केवल पेशेवर जीवन के समापन की तैयारी नहीं है, बल्कि उसके बाद सम्मान, आत्मनिर्भरता और मानसिक शांति से भरपूर जीवन सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कांग्रेस कार्यालय में मासिक बैठक संपन्न,कमेटी के प्रभारी सुरेंद्र सिंह शामिल हुए।



रफ्तार संवाददाता की रिपोर्ट

गिरिडीह/झारखंड : आज जिला कांग्रेस कार्यालय में मासिक बैठक संपन्न हुई जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सुरेंद्र सिंह भी शामिल हुए इस बैठक में पिछले माह संगठन में हुए कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने कहा की जिला संगठन पीछे की अपेक्षा काफी सशक्त हो मजबूत हुआ है अभी बीजेपी जिस तरह से लोकतंत्र की हत्या करने में लगी है निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी मजबूती से लोकतंत्र को बचाने के लिए खड़ी हुई है और अभी सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मतदाताओं के अधिकार को बचाने के लिए सजग रहने की जरूरत है बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश केडिया ने कहा की पार्टी लगातार चुनाव आयोग द्वारा किए जा रहे जन विरोधी कार्यों के खिलाफ खड़ी है और हमें आगामी चुनाव को देखते हुए तैयारी भी करनी है इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर मजबूती के साथ जनसमस्याओं के समाधान के लिए खड़ारहे और आगामी पंचायत चुनाव की तैयारी में जुट जाएं इसके लिए जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को कुछ टिप भी दिए बैठक में तमाम प्रखंड अध्यक्ष और जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे मुख्य रूप से मो शमीम अशोक विश्वकर्मा विमल सिंह मोहम्मद अली खान मनोज राय नागेश्वर मंडल निजामुद्दीन अंसारी अभिनंदन प्रताप सिंह मोतीलाल शास्त्री मोहम्मद सोहेल मोहम्मद अख्तर मोहम्मद ओवैस मोहम्मद जुनैद अहमद राजा नूरी रघुनंदन प्रसाद सिंह एवं सभी प्रमुख कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे

लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलीट के द्वारा गंगापुर गांव में आदिवासी महिलाओ और बच्चों के बीच अल्पाहार का वितरण किया गया।



रफ्तार मीडिया की रिपोर्ट

गिरिडीह/झारखंडः लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलीट के द्वारा गिरिडीह के सुदूर आदिवासी गांव गंगापुर में 250 महिलाओ और बच्चों के बीच अल्पाहार का वितरण किया गया l

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए क्लब अध्यक्ष लायन राहुल बर्मन ने कहा कि लायंस इंटरनेशनल के सेवा सप्ताह के तीसरे दिन यह कार्यक्रम रखा गया है l हमारे क्लब के द्वारा सेवा सप्ताह में सभी दिन मानव सेवा का कार्यक्रम रखा गया है l रीजन चेयरपर्सन लायन धर्म प्रकाश ने कहा कि सेवा सप्ताह के अंतर्गत हमारे क्लब के द्वारा कई कार्यक्रम किया जा रहा है जिससे जरूरतमंद लोगों को सहायता मिल जा रहा है l आज के कार्यक्रम में अल्पाहार पाकर लोगों ने काफी खुशी जाहिर किया l कार्यक्रम में लायन राजेश कुमार गुप्ता लायन मसरूर आलम सिद्दकी लायन रवि राज लायन शब्बीर आलम लायन राहुल कुमार लायन सुदीप गुप्ता लायन अवनिस अंशु लायन शत्रुघ्न सिंह सहित कई सदस्यों ने भाग लिया l

पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ निकली साइकिल जागरूकता रैली

कनहरी से शुरू हुई रैली, स्कूली बच्चों और युवाओं ने लगाए पर्यावरण संरक्षण के नारे

रफ्तार मिडिया

हजारीबाग। पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ वायु का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण समिति के तत्वावधान में "पर्यावरण साइकिल जागरूकता रैली" का आयोजन किया गया। कनहरी परिसर से रैली को सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) चंद्र भूषण शर्मा, जिला वन पदाधिकारी (पश्चिमी) मौन प्रकाश एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं, युवाओं, सामाजिक संगठनों के सदस्यों और वन विभाग के कर्मियों ने भाग लिया। प्रतिभागी साइकिल पर पर्यावरण संरक्षण से संबंधित संदेश लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे और "स्वच्छ हवा, हरित धरा" तथा "साइकिल चलाओ, प्रदूषण भगाओ" जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।



इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल किसी एक विभाग या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का सामूहिक दायित्व है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए लोगों को अपनी जीवनशैली में पर्यावरण अनुकूल उपायों को अपनाना होगा। उन्होंने अधिक से अधिक पौधरोपण करने के साथ-साथ छोटी दूरी की यात्रा में साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की।

वक्ताओं ने कहा कि साइकिल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली को भी बढ़ावा देती है। ऐसी जागरूकता रैलियां लोगों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने और प्रकृति संरक्षण के लिए आगे आने की प्रेरणा देती हैं।

रैली के दौरान वन विभाग के अधिकारी, पर्यावरण संरक्षण समिति के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

प्रोजेक्ट समर्थ के तहत आदिम जनजाति के लिए विशेष शिविर, कई समस्याओं का मौके पर हुआ समाधान

आशीष कुमार मुखर्जी/रफ्तार मीडिया



कुजू (रामगढ़) : आदिम जाति एवं जनजाति समुदाय के लोगों की समस्याओं के समाधान तथा उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से मंगलवार को कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में प्रोजेक्ट समर्थ के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज के निर्देश पर आयोजित शिविर में मुरपा राजस्व क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को सुना गया तथा कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी उपस्थित रहे। वहीं जिला एनडीसी रविंद्र गुप्ता, मांडू अंचलाधिकारी तृप्ति विजया तिर्की, प्रखंड विकास पदाधिकारी रीना कुजूर, बीपीओ विजय कुमार, विनीता कुमारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

शिविर में रोजगार, आवास, पेंशन, अंचल एवं राजस्व, बैंक ऋण, शिक्षा तथा स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं को लेकर अलग-अलग विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों का तत्काल निष्पादन किया तथा शेष मामलों के समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्रामीणों के आर्थिक सशक्तीकरण एवं रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लाभुकों के बीच मुर्गी के चूजे वितरित किए गए। वहीं दिव्यांग लाभुक को ट्राई साइकिल तथा जरूरतमंद ग्रामीणों को मनरेगा जॉब कार्ड प्रदान किया गया। साथ ही कई लाभुको का राशन कार्ड , आधारकार्ड बनाया गया ।इस दौरान लाभुकों को शॉल देकर सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत झारखंडी परंपरा के अनुसार अतिथियों के पारंपरिक स्वागत के साथ हुई। अतिथियों को आम के पत्तों की माला पहनाकर तथा पत्तों का पारंपरिक ताज पहनाकर सम्मानित किया गया।

इसके बाद टाटा स्टील फाउंडेशन की ओर से गोद भराई एवं बच्चों के मुंह जूठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी ने उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज की पहल की सराहना करते हुए कहा कि उपायुक्त की सकारात्मक सोच और बड़ी पहल के कारण इस तरह के जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना जरूरी है। विधायक ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि वे हमेशा क्षेत्र की जनता के साथ हैं और उनके कल्याण एवं विकास के लिए लगातार कार्य करते रहेंगे।

शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ उनके अधिकारों एवं उपलब्ध सुविधाओं के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी रही।

रांची में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान, 7 अक्टूबर को डीसी कार्यालय का घेराव

रफ्तार मीडिया

रांची। चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने आंदोलन तेज करने का ऐलान किया है। 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत 7 अक्टूबर को रांची में डीसी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। कांग्रेस कार्यकर्ता मार्च निकालकर उपायुक्त कार्यालय पहुंचेंगे और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करने के बाद ज्ञापन सौंपेंगे।

युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कुमार राजा* ने कहा कि यह आंदोलन जिला स्तर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे प्रखंड और पंचायत स्तर तक ले जाया जाएगा। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग भी दोहराई।

कुमार राजा ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और चुनाव प्रक्रिया को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और मतदाताओं के अधिकारों की सुरक्षा जरूरी है।

कांग्रेस नेताओं के अनुसार, 'लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ' और 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत देशभर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पार्टी का कहना है कि आने वाले दिनों में आंदोलन को प्रखंड और पंचायत स्तर तक विस्तार दिया जाएगा।

कांग्रेस नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्रीय जांच एजेंसियों का कथित रूप से राजनीतिक इस्तेमाल किया जा रहा है। पार्टी नेताओं का कहना है कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित होने तक लोकतांत्रिक संस्थाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर उनका आंदोलन जारी रहेगा।

समाज के अंतिम पायदान तक सेवा और संवेदना पहुँचाना भाजपा का संकल्पः सुरेश प्रसाद मंडल

रफ्तार मीडिया की रिपोर्ट



गिरिडीह/झारखंडः भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत गिरिडीह महानगर जिला अंतर्गत कोवाड़ मंडल के महुआटाँड स्थित आँगनबाड़ी केंद्र में अत्यंत उत्साह और आत्मीयता के साथ भाजपा गिरिडीह जिला मंत्री सह सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद मंडल के द्वारा 'आँगन का उत्सव' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नौनिहालों के बीच ताजे फल एवं चॉकलेट का वितरण किया गया, जिससे बच्चों के चेहरों पर अद्भुत मुस्कान खिल उठी। इसके साथ ही जमीनी स्तर पर बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और प्राथमिक शिक्षा की रीढ़ मानी जाने वाली आँगनबाड़ी केंद्र की सेविका एवं सहायिका को अंगवस्त्र व सम्मान देकर उनके समर्पण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

कार्यक्रम के संबंध में अपने विचार रखते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश प्रसाद मंडल ने कहाः आज के बच्चें कल के भविष्य हैं।

सेवा ही संगठन' केवल हमारा नारा नहीं, बल्कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का जीवन-मंत्र और कार्यसंस्कृति है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक संवेदना, सहयोग और खुशियाँ पहुँचाना ही हमारे राजनीतिक जीवन का सच्चा उद्देश्य है। आँगनबाड़ी केंद्र हमारे राष्ट्र के भविष्य यानी नौनिहालों की पहली पाठशाला हैं। जब हम इन नन्हे बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखते हैं और दिन-रात निःस्वार्थ भाव से जुटी सेविका-सहायिका बहनों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं, तो सेवा और सामाजिक सहभागिता का हमारा संकल्प और अधिक सुदृढ़ होता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय दर्शन को धरातल पर साकार करने के लिए हम निरंतर समाज के बीच समर्पित रहेंगे।"

उपस्थित वक्ताओं ने रेखांकित किया कि बच्चों का सर्वांगीण विकास और मातृ-शिशु कल्याण समाज के समग्र उत्थान की पहली सीढ़ी है। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी जुड़ाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नेत्री सरिता शर्मा, बबली देवी, सेविका उषा देवी, सहायिका रीता कुमारी, कमलदेव शर्मा, सुरेश मोहली सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, अभिभावक एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

केके पॉलिटेक्निक के प्रिंसिपल रूम में कंप्यूटर ऑपरेटर ने लगाई फांसी, 10 लाख मुआवजे और पत्नी को नौकरी पर बनी सहमति

गोवर्धन रजक रफ्तार मीडिया संवाददाता



धनबादः धनबाद जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र स्थित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान केके पॉलिटेक्निक में मंगलवार को एक बेहद दुखद और हृदयविदारक घटना सामने आई। यहां कार्यरत 32 वर्षीय कंप्यूटर ऑपरेटर अनूप कुमार सेन ने संस्थान के प्रिंसिपल के कमरे में पंखे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। कुर्ची निवासी अनूप के इस खौफनाक कदम से न केवल उनका परिवार उजड़ गया, बल्कि पूरे संस्थान में शोक की लहर दौड़ गई है।शाम 4:25 बजे फंदे से झूलता मिला शव जानकारी के अनुसार, यह दर्दनाक वाकया मंगलवार शाम करीब 4:25 बजे का है। संस्थान में काम कर रहे अन्य कर्मियों की नजर जब अचानक प्रिंसिपल के कमरे में गई, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। अनूप का शव छत के पंखे से फंदे के सहारे झूल रहा था। आनन-फानन में इसकी सूचना संस्थान प्रबंधन और गोविंदपुर थाना पुलिस को दी गई। दुर्भाग्यवश, जब तक लोग अनूप को फंदे से उतारकर बचा पाते, तब तक उनकी सांसें हमेशा के लिए थम चुकी थीं। घटना की मनहूस खबर मिलते ही अनूप के बदहवास परिजन तुरंत मौके पर पहुंच गए। जवान बेटे का शव फंदे से लटकता देख परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। इस दौरान आक्रोशित परिजनों और प्रबंधन के बीच काफी नोकझोंक हुई। स्थिति को तनावपूर्ण होता देख पुलिस ने हस्तक्षेप किया।

जेसीआई एक्सपो "आखिरी दिन, आखिरी मौका"

रफ्तार मीडिया

रांची : युवा सामाजिक एवं व्यापारिक संगठन जेसीआई (Junior Chamber International) के बहुप्रतीक्षित और भव्य आयोजन 'एक्सपो उत्सव 2026' की आज आखरी दिन है । रांची का त्यौहार कहे जाने वाले यह बहुप्रतीक्षित व्यापार मेले की 29वीं वर्षगांठ मना रही है । इस मेले में देश विदेश के कई स्टॉल लगते है । हर साल के भांति इस बार भी रांचीवासियों के लिए आखरी दिन सभी स्टाल्स में ऑफर्स उपलब्ध रहेगा । रांचीवासियों से अनुरोध है की इस आखरी दिन दी मेले में आकर भरपूर लाभ ले ।

एक्सपो के चीफ कोऑर्डिनेटर जेसी एचजीएफ सीए प्रशांत पाटोदिया ने बताया की पिछले छह दिनों में रांची वासियो ने इस मेले का भरपूर लुफ्त उठाया एवं सराहना की, इस मेले में कुल 400 स्टॉल्स देश के वभिन्न शहरो से लगेंगे, सभी स्टॉल्स वातानुकूलित है, बड़े ब्रांड्स, स्टार्ट अप्स, ऑटोमोबाइल्स, ड्राई फ्रूट्स इत्यादि स्टॉल्स लगेंगे, औरतो के लिए एक समर्पित पिंक हेंगर लगा है, जिसमे सिर्फ महिला उद्यमियों को स्टाल्स दिया गया है, बच्चो के लिए एम्यूजमेंट पार्क है, जिसमे तरह तरह के झूले लगे हुए है ।

आज इस उत्सव का समापन समारोह आयोजित होगी, जिसमे इस आयोजन को सफल बनाने हेतु सदस्यों को एवं सभी स्पोंसर्स को सम्मानित किया जाएगा, इस समारोह में मुख्य अतिथि श्री भारत अन आचार्य, राष्ट्रिय अध्यक्ष, जे सी आई, इंडिया, विशिष्ट अतिथि श्री गौरव सेठ, मंडलीय अध्यक्ष, श्रीमती तन्वी अग्रवाल, मंडलीय



उपाध्यक्ष एवं श्रीमती राखी जैन, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे ।

बिग बनयान ट्री के अधिकारियों ने अपने स्कुल के 35 बच्चों को मेले का भ्रमण कराया, जेसीआई के पदाधिकारियो ने सभी बच्चो को फंगोला में फ्री झूला झुलवाया एवं सभी बच्चो को फ्री रॉलिक आइसक्रीम खिलाया एवं टैंगो जूस पिलाया, सभी उत्साहित बच्चो ने जेसीआई के युवा सदस्यों का धन्यवाद किया ।

एक्सपो प्रेमिसेस में दिनांक 6 अक्टूबर को भजन जामिंग का आयोजन किया गया । यह जैमिंग का प्रोग्राम पुणे से आये जपनाम बैंड द्वारा किया गया । इस आयोजन के संयोजक जेसी सिद्धार्थ जैन, जेसी नितिन पोद्दार एवं जेसी अनीश जैन थे ।

'एक्सपो उत्सव 2026' के इस संस्करण के Principal Sponsor पंचरत्न स्काईलाइन (Panchratna Skyline - A legacy of trust) है। इसके साथ ही टैंगो (Tango), अल्पाइन (Alpine) और गृहस्थी (Grihasthi) द्वारा Powered है।

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए शहर के कई बड़े ब्रांड्स सहयोगी के रूप में जुड़े हैं, जिनमें होटल चाणक्य (हॉस्पिटैलिटी पार्टनर), मोशन (एजुकेशन पार्टनर), बुद्धा टोयोटा (ऑटोमोबाइल पार्टनर), श्री अलंकार (ज्वेलरी पार्टनर), श्नाइडर इलेक्ट्रिक (इलेक्ट्रिक पार्टनर), प्रभुजी (फ़ूड पार्टनर), वॉव डिटेलिंग (डिटेलिंग पार्टनर), बागला (सिक्योरिटी पार्टनर) बलीफिया (फोटोग्राफी पार्टनर), NTPC (माइनिंग पार्टनर), आराध्या (ट्रैवल पार्टनर), अपना मार्ट (ग्रोसरी पार्टनर), मी & मॉम्स (लाइफस्टइल पार्टनर), ए टी सी (स्वच्छ पार्टनर), कैफीनेटर्स (बेवरेज पार्टनर) और रेडियो धूम (रेडियो पार्टनर) है ।

संस्था के सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने हेतु बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, अध्यक्ष जेसी अभिषेक जैन, सचिव जेसी साकेत अग्रवाल, को-ऑर्डिनेटर्सः जेसी सौरभ जालान, जेसी राहुल टिबरेवाल, जेसी सौरव नारेड़ी, जेसी सीए दीपक पटेल (एक्सपो ट्रेजरर) जेसी ऋषभ जालान (डायरेक्टर बिजनेस), जेसी अनिमेश निखिल (उपाध्यक्ष - बिजनेस), जेसीरेट तृष्णा अग्रवाल (चेयरमैन, एक्सपो, लेडीज विंग), लेडीज विंग की अध्यक्ष जेसीरेट खुशबु सिंघानिया एवं सचिव जेसीरेट नलिनी जैन शामिल थे । यह जानकारी एक्सपो के मिडिया प्रभारी जेसी वरुण जालान द्वारा साझा की गई ।

संक्षिप्त खबरें

एसबीयू में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन लर्निंग पर पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ



नामकुम : सरला बिरला विश्वविद्यालय में शिक्षकों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन लर्निंग विषय पर पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम झारखंड राज्य संकाय विकास अकादमी (जेएसएफडीए) एवं उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित किया जा रहा है। सरला बिरला विश्वविद्यालय इस कार्यक्रम में नॉलेज पार्टनर के तौर पर भाग ले रहा है। कार्यक्रम 9 अक्टूबर तक चलेगा।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. एला कुमार, कुलपति, जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते महत्व और इससे जुड़े अवसरों एवं चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मशीन लर्निंग में गुणवत्तापूर्ण एवं संतुलित आंकड़े अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि गलत अथवा पक्षपातपूर्ण आंकड़ों से गलत परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। इस अवसर पर श्री विशाल कुमार एवं श्रीमती बरूणा दत्ता ने JSFDA के विजन एवं मिशन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्था का उद्देश्य शिक्षकों के शैक्षणिक विकास को सशक्त करना तथा समाज के व्यापक हित में योगदान देना है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में एआई एवं एमएल की बढ़ती भूमिका तथा शिक्षकों के लिए इन तकनीकों को व्यावहारिक रूप से समझने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में डॉ. पंकज के. गोस्वामी, डीन, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड एप्लाइड साइंसेज, डॉ. संतोष कुमार दास, आनंद कुमार विश्वकर्मा, अमृत कुमार, सुप्रिया सोनी, कुणाल राज, अमन जसबीर चंद्र एवं बसंत कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे। सरला बिरला विश्वविद्यालय के माननीय प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान एवं माननीय राज्यसभा सांसद सह निदेशक प्लानिंग एंड डेवलपमेंट डॉ प्रदीप कुमार वर्मा के एफडीपी के आयोजन पर शुभकामना संदेश प्रेषित किया है।

विशेष अभियान 6.0 के तहत सीसीएल में ई-कचरा प्रबंधन अभियान का शुभारंभ



सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय स्थित गंगोत्री कन्वेंशन सेंटर के प्रांगण में विशेष अभियान 6.0 के अंतर्गत ई-कचरा प्रबंधनः प्रभावी संग्रहण, पृथक्करण एवं निस्तारण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सीएमडी, सीसीएल श्री निलेंदु कुमार सिंह ने ई-वेस्ट संग्रहण केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक कचरा निस्तारित कर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री चंद्र शेखर तिवारी एवं निदेशक (योजना एवं परियोजना) श्री अनुप हंजुरा उपस्थित रहे। साथ ही मुख्यालय के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। निदेशकों, महाप्रबंधकों एवं विभागाध्यक्षों ने स्वयं ई-कचरा संग्रहण केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक कचरा निस्तारित कर अभियान में सहभागिता दर्ज कराई। इस पहल के माध्यम से ई-कचरे के उचित संग्रहण, पृथक्करण एवं वैज्ञानिक निस्तारण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम स्थल पर विशेष रूप से तैयार किया गया सेल्फी स्टैंड भी आकर्षण का केंद्र रहा, जहां अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक तस्वीरें खिंचवाईं। विशेष अभियान 6.0 के तहत ई-कचरा प्रबंधन जैसी पर्यावरणीय पहल को बढ़ावा देना सीसीएल की स्वच्छ, स्वस्थ एवं सतत कार्यस्थल के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह पहल ई-कचरे के जिम्मेदार प्रबंधन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी को भी मजबूत करती है।

एलआईसी गिरिडीह बेस की वार्षिक आम बैठक संपन्न, निजीकरण के विरोध का प्रस्ताव



गिरिडीह । बीमा कर्मचारी संघ, हजारीबाग मंडल के गिरिडीह बेस इकाई की वार्षिक आम बैठक एलआईसी शाखा परिसर में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों एवं वरीय शाखा प्रबंधक द्वारा 10 छायादार पौधों के रोपण के साथ हुई। बैठक की अध्यक्षता बेस इकाई के अध्यक्ष संजय शर्मा ने की। बैठक में मंडलीय अध्यक्ष हेमंत मिश्रा, मंडलीय महासचिव जगदीश चंद्र मित्तल, संयुक्त सचिव शंकर कुमार एवं कोषाध्यक्ष विजय चौबे उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया गया। बेस सचिव धर्म प्रकाश ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए केंद्र सरकार की विनिवेश नीति और सार्वजनिक प्रतिष्ठानों से जुड़े मुद्दों पर संघ का पक्ष रखा। मुख्य अतिथि जगदीश चंद्र मित्तल ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों को मजबूत करना राष्ट्रहित में है। उन्होंने बीमा क्षेत्र में निजीकरण के प्रयासों, नई नियुक्तियों, पुरानी पेंशन योजना की बहाली और कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर संघ के संघर्षों की जानकारी दी। हेमंत मिश्रा ने संगठनात्मक एकता पर जोर देते हुए गिरिडीह बेस की सक्रिय भागीदारी को आगे भी मजबूत करने की बात कही।बैठक में एलआईसी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों के निजीकरण के प्रयासों का विरोध करने, संवर्ग तीन एवं चार में पर्याप्त नई भर्ती शुरू करने तथा कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल करने सहित तीन प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। नई कार्यकारिणी का गठनः आगामी वर्ष के लिए संजय शर्मा को अध्यक्ष, धर्म प्रकाश को सचिव, कुमकुम बाला वर्मा एवं उमानाथ झा को उपाध्यक्ष, अनुराग मुर्मू, विजय कुमार एवं राजेश कुमार उपाध्याय को संयुक्त सचिव बनाया गया। सुनील कुमार वर्मा एवं कुलजीत कुमार रवि को संगठनात्मक सचिव, महफूज आलम को कोषाध्यक्ष तथा रोशन कुमार को अंकेक्षक की जिम्मेदारी दी गई। अंत में राजेश कुमार उपाध्याय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक में बड़ी संख्या में बीमा कर्मचारी उपस्थित रहे।

ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कांग्रेस और माले का हल्लाबोल

प्रतिवाद मार्च निकालकर किया ज्ञानेश कि गिरफ़्तारी कि मांग

रफ्तार संवाददाता



गिरिडीह । मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों के विरोध में इंडिया गठबंधन ने गिरिडीह में जोरदार प्रदर्शन और मार्च निकाला है. प्रतिवाद मार्च में कांग्रेस और माले के कार्यकर्त्ता शामिल हुए. इंडिया गठबंधन का आरोप है कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान जबरन विपक्षी मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए, जिससे चुनावी प्रक्रिया प्रभावित हुई। झंडा मैदान से शुरू हुआ प्रतिवाद मार्च गाँधी चौक स्थित गाँधी जी के प्रतिमा के समक्ष समाप्त हुआ. प्रतिवाद मार्च में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सतीश केडिया, पार्टी के प्रदेश महासचिव सुरेन्द्र सिंह, माले के पूर्व विधायक राजकुमार यादव, बगोदर के पूर्व विधायक विनोद सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह, मुखिया मो समीम, डॉ समीर राज चौधरी,राजेश सिन्हा समेत हजारो की संख्या में माले और कांग्रेस का कार्यकर्त्ता मौजूद थे. झंडा मैदान से शुरू हुआ प्रतिवाद मार्च का काँरवा नटराज चौक स्थित बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर के प्रतिमा के समक्ष ठहराव हुआ और तमाम नेता भीमराव के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहर भ्रमण के लिए निकल पड़े. प्रतिवाद मार्च टावर, काली बाड़ी चौक होते हुए बड़ा चौक पहुंचा इसके बाद यह काँरवा गाँधी चौक स्थित गाँधी जी के प्रतिमा के समक्ष समाप्त हुआ. यहाँ गाँधी जी के प्रतिमा के समक्ष एक सभा का आयोजन हुआ. सभा को सम्बोधित करते हुए माले के पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार भारत सरकार के चुनाव आयुक्त के भूमिका में है जबकि चुनाव आयोग का यह पद संवेधानिक है और ज्ञानेश कुमार देश के चुनाव आयुक्त होना चाहिए. इन्होने फर्जी तरीके से चुनाव कराकर भाजपा को जीत दिलाने का काम किया है जिसका खुलासा हो गया है. ऐसे में ज्ञानेश कुमार को अविलम्ब बर्खास्त कर गिरफ्तार करना चाहिए. पूर्व विधायक विनोद सिंह ने कहा कि ज्ञानेश कुमार ने एसआईआर के नाम पर लोगो का नाम काटने का काम किये है. इन्होने फॉर्म 6 के नाम पर नया अधिसूचना जारी कर दिया जिसका माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी विरोध दर्ज कराया है. कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सतीश केडिया ने कहा कि ज्ञानेश कुमार ने सविधान के की धारा 326 के खिलाफ काम करने का काम किया है. कांग्रेस मांग करती है कि ज्ञानेश कुमार कि अविलम्ब गिरफ़्तारी हो और उसपर कानूनी कार्यवाई कि प्रक्रिया शुरू कि जाये.. प्रतिवाद मार्च में मनोज यादव, , अशोक विश्वकर्मा, लड्डू खान, नरेश वर्म, राजेश तुर्री, साबिर खान,जयंती कुमारी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

सोनाहातु के साकेत मुंडा को रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय से मिली डिग्री, राज्यपाल की मौजूदगी में हुआ सम्मान

रफ़्तार मिडिया बुंडू संवाददाता



बुंडू । सोनाहातु प्रखंड के भुरसुडीह गांव के युवा साकेत मुंडा ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्हें झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय, रांची से सुरक्षा प्रबंधन में व्यवसाय प्रशासन स्नातक (बीबीए इन सिक्योरिटी मैनेजमेंट) की डिग्री प्रदान की गई है।विश्वविद्यालय में दिनांक 05/10/2026 को आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह में यह सम्मान दिया गया। गरिमामय समारोह में माननीय राज्यपाल की मौजूदगी रही। विश्वविद्यालय के कुलपति राहुल कुमार पुरवार, भारतीय प्रशासनिक सेवा द्वारा साकेत मुंडा, पिता प्रदीप कुमार सिंह मुंडा को डिग्री प्रमाण-पत्र सौंपा गया।साकेत की इस बड़ी उपलब्धि से पूरे सोनाहातु और बुंडू अनुमंडल क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों में खुशी की लहर है। वर्तमान में साकेत बुंडू के कॉलेज रोड में रहकर आगे की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हैं। उनकी इस सफलता पर परिवार, मित्रों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। युवाओं के लिए साकेत प्रेरणा स्रोत बन गए हैं।

श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव 2026 का होगा भव्य आयोजन,10 अक्टूबर को निकलगी शोभा यात्रा

रफ्तार संवाददाता



झुमरी तिलैया । श्री अग्रवाल समाज, झुमरी तिलैया के तत्वावधान में श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव 2026 का आयोजन 8 से 11 अक्टूबर तक भव्य एवं विविध कार्यक्रमों के साथ किया जाएगा। महोत्सव में खेलकूद, धार्मिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं के साथ सामाजिक एकता और सहभागिता का संदेश दिया जाएगा। समाज के मीडिया प्रभारी अरविन्द चौधरी सह मीडिया प्रभारी महावीर खेतान ने बताया कि महाराजा अग्रसेन समाज वाद के प्रवर्तक थे उनके द्वारा एक रुपया एक ईंट कि प्रथा आज भी प्रासंगिक हैं इधर महोत्सव का 8 अक्टूबर से 11 अक्टुबर तक विविध कार्यक्रम का आयोजन होगा। 10 अक्टुबर को शोभा यात्रा निकाली जायेगी और 11 को सुबह में पूजा अर्चना एवं शाम को समाज के प्रतिभावान छात्र -छात्राओं एवं खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरूस्कार दिया जायेगा। साथ ही एक आम सभा अग्रसेन भवन में आयोजित होगी। 8 अक्टूबर से प्रतियोगिताओं का सिलसिला 8 अक्टूबर को श्री अग्रसेन भवन में दोपहर 3 बजे उद्घाटन समारोह के साथ प्रतियोगिताओं का शुभारंभ होगा। इसके बाद चित्रकला प्रतियोगिता, 'अनूठा श्रृंगार क्रियरबड्स का नया अवतार', 'मंच के महारथी' एवं 'किस्मत की करवट' जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। 9 अक्टूबर को बौद्धिक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं के अंतर्गत प्रतियोगिता, 'एक वस्तु के रूप अनेक', सुडोकू प्रतियोगिता एवं मटका गेम का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद विभिन्न कार्यक्रमों के साथ शाम 5:30 बजे छात्र सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह, शाम 6 बजे आमसभा, शाम 7 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा रात्रि 8 बजे सामूहिक गोठ का आयोजन किया जाएगा। समाज के अध्यक्ष कैलाश चौधरी, सचिव संजीव खेतान, संयोजक मनोज पिलानियां एवं अंकित चौधरी तथा सहसंयोजक सारिका लड्ढा एवं नेहा हिसारिया ने समाज के सभी सदस्यों से महोत्सव के सभी कार्यक्रमों में सहपरिवार शामिल होकर महाराजा अग्रसेन जी का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। श्री अग्रवाल समाज, झुमरी तिलैया द्वारा आयोजित यह महोत्सव सामाजिक एकता, भाईचारे, संस्कृति एवं समाजहित की भावना को मजबूत करने का संदेश देगा।

ओरमांझी में रांची स्पीक का प्रखंड स्तरीय आयोजन, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

सबा परवीन और नाजिश परवीन ने मारी बाजी, जिला स्तर के लिए चयनित

रफ्तार संवाददाता

ओरमांझी। मध्य विद्यालय डहु में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय 'रांची स्पीक' कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम में ओरमांझी प्रखंड के सभी आठ संकुलों से चयनित विजयी प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक एवं समसामयिक विषयों पर बेबाकी से अपने विचार रखते हुए अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक, रांची बादल राज ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह कारवां आगे भी जारी रहेगा। यहां तक पहुंचना भी अपने आप में एक उपलब्धि है। सभी प्रतिभागियों ने उच्च कोटि का प्रदर्शन किया है। उन्होंने बच्चों को निरंतर सीखने, अपनी बात आत्मविश्वास के साथ रखने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन मध्य विद्यालय चकला के शिक्षक सतीश बड़ाईक ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सीमा कुमारी, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी ओरमांझी डॉ. नसीम अहमद तथा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रीना यादव उपस्थित रहीं। रांची स्पीक की प्रखंड नोडल हेमा मिश्रा समेत सभी संकुल नोडल भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। प्रतियोगिता के उच्च प्राथमिक वर्ग में उत्क्रमित मध्य विद्यालय पाहन टोली, संकुल इरबा की छात्रा सबा परवीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं प्राथमिक वर्ग में उत्क्रमित मध्य विद्यालय कामता उर्दू, संकुल कुचू की नाजिश परवीन ने प्रथम स्थान हासिल किया। दोनों प्रतिभागियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों और शिक्षकों को खासा प्रभावित किया। प्रतिभागियों ने अपने विचारों को स्पष्ट और प्रभावशाली तरीके से रखते हुए यह संदेश दिया कि सरकारी विद्यालयों के बच्चों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत सिर्फ उन्हें उचित मंच और अवसर देने की है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के पवन प्रकाश, युधिष्ठिर महतो, सज्जाद हैदर एवं अब्दुल रहमान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं कल्चरल कनेक्ट के प्रखंड नोडल द्वारा अतिथियों का झारखंड की पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया गया, जो कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। पारंपरिक स्वागत ने झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की सुंदर झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को अपनी बात रखने का मंच मिला और उनमें नेतृत्व, संवाद एवं अभिव्यक्ति कौशल विकसित करने का संदेश भी दिया गया।

मालगाड़ी के वैगन से उठता धुआं देख ट्रैक मेंटेनर ने बचाया बड़ा खतरा, फेकन कुमार सम्मानित

- **हजारीबाग रोड में ड्यूटी के दौरान दिखाई सजगता, महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**

रफ्तार संवाददाता



झुमरी तिलैया । रेलवे ट्रैक पर ड्यूटी के दौरान एक छोटी-सी चूक भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, लेकिन हजारीबाग रोड में तैनात ट्रैक मेंटेनर फेकन कुमार की सजग निगाहों ने समय रहते संभावित खतरे को भांप लिया। मालगाड़ी के एक वैगन से धुआं निकलता देख उन्होंने बिना देर किए इसकी सूचना रेलवे अधिकारियों को दी, जिसके बाद मालगाड़ी को रोककर आवश्यक संरक्षा जांच की गई। उनकी इस सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के लिए पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। 1 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब 8:50 बजे एक मालगाड़ी समपार संख्या-31 से गुजर रही थी। इसी दौरान उन्होंने मालगाड़ी के 24वें वैगन से धुआं निकलते देखा। समय रहते सूचना मिलने से संभावित खतरे को टालने में मदद मिली। महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने फेकन कुमार की कर्तव्यनिष्ठा और सजगता की सराहना करते हुए कहा कि रेल परिचालन में संरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मचारियों की सतर्कता और त्वरित निर्णय रेल परिचालन को सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। फेकन कुमार की सजगता ने एक बार फिर साबित किया कि रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था में जमीन पर तैनात प्रत्येक कर्मचारी की जिम्मेदारी कितनी महत्वपूर्ण है।

लाखों के टिकट, कमीशन का खेल और गरीबों का नुकसानः साहिबगंज में अवैध लॉटरी का काला सच

टिकटों के जाल में फंसते गरीब, एजेंटों की जेबें मोटी, पुलिस की कार्रवाई बेअसर

रफ्तार संवाददाता

राजेंद्र पाठक/साहिबगंज। साहिबगंज में अवैध लॉटरी का कारोबार न सिर्फ बेखौफ चल रहा है, बल्कि यह अब एक संगठित सिंडिकेट का रूप ले चुका है। यहां रोजाना लाखों रुपये के जाली लॉटरी टिकट बिक रहे हैं, जबकि इनसे होने वाला असली मुनाफा गरीबों की जेब से निकलकर एजेंटों और बड़े सिंडिकेट के पास पहुंच रहा है। कमीशन का खेल इतना गहरा है कि छोटे एजेंट से लेकर बड़े ऑपरेटर तक मोटी कमाई कर रहे है और नुकसान सिर्फ आम आदमी का हो रहा है। लाखों के टिकट, रोज का कारोबारः सूत्रों के अनुसार अवैध लॉटरी के टिकटों की बिक्री से रोजाना लाखों रुपये का कारोबार हो रहा है। पुलिस की कई कार्रवाइयों में बड़ी संख्या में टिकट, नकदी और एजेंटों की लिस्ट बरामद हुई, लेकिन कार्रवाई के कुछ ही दिनों बाद नेटवर्क फिर से सक्रिय हो जाता है, क्योंकि बड़े ऑपरेटर पकड़ में नहीं आते और छोटे कमीशन कोर विक्रेता ही बलि का बकरा बन जाते हैं। कमीशन का खेलः कौन कितना कमाता है?: अवैध लॉटरी के नेटवर्क में कमीशन का गणित बेहद चौंकाने वाला है: छोटा एजेंटः हर टिकट पर 10 से 15 प्रतिशत कमीशन बड़ा एजेंट/सुपरवाइजरः 5 से 10 प्रतिशत अतिरिक्त कमीशन सिंडिकेट ऑपरेटरः कुल कलेक्शन का 40 से 50 प्रतिशत हिस्सा गरीब खरीदारः न तो जीत की गारंटी, न ही पैसे वापसी का विकल्प, यानी एक टिकट बेचने पर जो पैसा गरीब की जेब से निकलता है, उसका बड़ा हिस्सा एजेंटों और ऑपरेटरों में बंट जाता है। इस नेटवर्क में कई ऐसे दबंग लोग भी शामिल है, जिसके कारण कार्रवाई के बाद भी धंधा बंद नहीं हो पाता। निष्कर्षः क्या बंद होगा यह खेल?: साहिबगंज में अवैध लॉटरी का कारोबार सिर्फ एक अपराध नहीं, बल्कि गरीबों की आर्थिक तबाही का जरिया बन चुका है। लाखों के टिकट, मोटे कमीशन और बेखौफ एजेंट यह पूरा नेटवर्क सिस्टम की खामियों का फायदा उठा रहा है। अब देखना यह है कि पुलिस प्रशासन बड़े शिकारियों तक पहुंच पाता है या फिर यह धंधा ऐसे ही चलता रहेगा। जब तक साहिबगंज के बंगाली टोला, बाटा रोड, शोभनपुर भट्ठा, कुलीपाड़ा और हबीबपुर मोहल्ले में अपनी पांव मजबूती से जमा चुके बड़े बड़े सिंडिकेट एजेंटों पर शिकंजा नहीं कसा जाएगा, तो इस काले कारोबार पर लगाम लगाना मुश्किल होगा और यह धंधा ऐसे ही गरीबों की मेहनत की कमाई लूटता रहेगा, और अवैध लॉटरी के धंधे बाज मालामाल होते रहेंगे। झारखंड में लॉटरी पूरी तरह प्रतिबंधित है, और पुलिस इस पर लगातार कार्रवाई कर रही है। नियम केंद्रीय कानून से तय होते हैं, जबकि कार्रवाई राज्य स्तर पर होती है। क्या हैं नियम?: झारखंड में लॉटरी पर प्रतिबंध का आधार लॉटरी (विनियमन) अधिनियम, 1998 और बिहार लॉटरी प्रतिबंध अधिनियम, 1993 है। इसके तहत झारखंड में लॉटरी पूर्ण प्रतिबंधित है। झारखंड में किसी भी प्रकार की लॉटरी का आयोजन, संचालन या बिक्री पूरी तरह गैरकानूनी है।

2900 विद्यार्थियों पर शिक्षक कम, टपकती छत और कीचड़ भरा रास्ता; बासोडीह स्कूल की बदहाली पर शालिनी गुप्ता ने उठाई आवाज

- **उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र, शिक्षकों की पदस्थापना से लेकर पेयजल, भवन मरम्मत व जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग**

रफ्तार संवाददाता



झुमरी तिलैया। जहां हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने की जिम्मेदारी है, वहां यदि शिक्षक पर्याप्त नहीं हों, कक्षाओं की छत से पानी टपकता हो और विद्यालय तक पहुंचने वाला रास्ता कीचड़ व गंदगी से पटा हो, तो शिक्षा व्यवस्था की तस्वीर सहज ही समझी जा सकती है। सतगावां प्रखंड के राज्य सम्पोषित +2 उच्च विद्यालय, बासोडीह में व्याप्त ऐसी ही समस्याओं को लेकर अब आवाज उठी है। विद्यालय की बदहाल व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा नेत्री सह पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कोडरमा उपायुक्त को मांग पत्र सौंपकर विद्यार्थियों के हित में समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की है। विद्यालय तक जाने वाले पहुंच मार्ग पर हाट-बाजार का कचरा फेंके जाने और जलजमाव के कारण रास्ते की स्थिति खराब हो गई है। जगह-जगह कीचड़ फैले रहने से विद्यार्थियों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। बरसात के दिनों में समस्या और गंभीर हो जाती है।

शालिनी गुप्ता ने मांग की है कि विद्यालय के आसपास जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराई जाए तथा पहुंच पथ का सुदृढ़ीकरण कराया जाए, जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को विद्यालय आने-जाने में परेशानी नहीं हो। विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर त्वरित कार्रवाई की मांग शालिनी गुप्ता ने उपायुक्त से विद्यालय की सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में विद्यार्थी इस विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। ऐसे में शिक्षकों की कमी, भवन की जर्जर स्थिति, पेयजल संकट और खराब पहुंच मार्ग जैसी समस्याओं का सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई और सुरक्षा पर पड़ रहा है। उन्होंने छात्रहित में शिक्षकों की पर्याप्त पदस्थापना, भवन की मरम्मत, पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा जल निकासी एवं पहुंच पथ के सुदृढ़ीकरण की दिशा में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

दुर्गापूजा से पहले गरीबों को राशन उपलब्ध कराने की मांग, झामुमो ने अपनाया कड़ा रुख

रफ्तार संवाददाता पवन कुमार राम



रेम्बा/गिरिडीह। जमुआ दुर्गापूजा से पहले गरीब एवं राशन कार्डधारियों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने की मांग को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के जमुआ प्रखंड नेताओं ने प्रशासन के समक्ष कड़ा रुख अपनाया है। प्रखंड अध्यक्ष रंजीत राम के नेतृत्व में नेताओं ने राशन आपूर्ति में कथित अनियमितता और कालाबाजारी की शिकायत को लेकर संबंधित अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई की मांग की। नेताओं ने आरोप लगाया कि यदि कोई व्यक्ति या व्यवस्था सरकार की छवि खराब करने की कोशिश कर रही है तो इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और प्रशासन को ऐसे मामलों में तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। मौके पर रंजीत राम, रोजन अंसारी, भोला पासवान, राजकुमार राय, सरयू राय, बंटी यादव समेत बड़ी संख्या में झामुमो नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। **नेताओं ने स्पष्ट कहा—दुर्गापूजा से पहले गरीबों को राशन उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुगार्पूजा और दशहरा मनाएं जिलेवासी : उपायुक्त

दुगार्पूजा को लेकर जामताड़ा केंद्रीय शांति समिति की हुई बैठक, सुरक्षा व यातायात व्यवस्था पर दिए गए दिशा-निर्देश

रफ्तार मीडिया संवाददाता





जामताड़ा : जामताड़ा जिले में दुगार्पूजा एवं दशहरा पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को समाहरणालय स्थित एसजीएसवाई प्रशिक्षण भवन सभागार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में केंद्रीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूजा पंडालों की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यातायात, बिजली, सफाई, चिकित्सा, अग्निशमन, पेयजल सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। उपायुक्त आलोक कुमार ने सभी पूजा समितियों को पंडालों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाने, पर्याप्त संख्या में वॉलिंटियर्स रखने तथा श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकास की अलग-अलग व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया। वही उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। अफवाह फैलाने वालों और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। सोशल मीडिया पर बिना जांचे-परखे किसी भी अपुष्ट सूचना, वीडियो या संदेश को प्रसारित नहीं करने की अपील की। साथ ही ड्रोन से निगरानी, संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बलों की तैनाती, यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने और बड़े वाहनों के प्रवेश पर नियंत्रण के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक शम्भू कुमार सिंह ने कहा कि पूजा के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। वाहन चेकिंग अभियान चलाने के साथ नाबालिग चालकों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पूजा एवं विसर्जन के दौरान अश्लील गीत, भड़काऊ संगीत, धार्मिक उन्माद फैलाने वाली टिप्पणी या आपत्तिजनक सामग्री पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। प्रत्येक पूजा समिति से जिम्मेदार 40 लोगों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में एसडीओ अनंत कुमार ने लाइसेंसी एवं गैर लाइसेंसी पूजा पंडालों के सत्यापन, विसर्जन एवं विधि-व्यवस्था से संबंधित जानकारी दी। खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांच, अग्नि सुरक्षा, स्वच्छता, चिकित्सा एवं विसर्जन मार्ग के सत्यापन को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर मिहिजाम नगर परिषद अध्यक्ष जयश्री देवी, परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज, अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, सिविल सर्जन डॉ एस के मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक मु० नीलम कुजूर, एसडीपीओ जामताड़ा एवं नाला, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी सहित शांति समिति के सम्मानित सदस्यगण एवं अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

ट्रक से भारी मात्रा में अवैध शराब और बीयर बरामद, दो गिरफ्तार



गया जी : गया जी जिले के बहेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत धीरजापुल स्थित अस्थायी जांच चौकी पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने अवैध विदेशी शराब और बीयर की बड़ी खेप बरामद की है। कार्रवाई के दौरान ट्रक से शराब को चावल से भरे प्लास्टिक के बोरों के नीचे छिपाकर ले जाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, तलाशी के दौरान ट्रक से कुल 117 लीटर अवैध विदेशी शराब तथा 12 लीटर बीयर बरामद की गई। शराब की खेप को पुलिस से बचाने के उद्देश्य से चावल से भरे प्लास्टिक के बोरों के नीचे छिपाकर रखा गया था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजाराम शर्मा (लगभग 40 वर्ष), पिता स्व. रिपुशुदन शर्मा, निवासी गंधार, थाना घोसी, जिला जहानाबाद तथा दीपक दास (लगभग 35 वर्ष), पिता रामेश्वर दास, निवासी धनौत, थाना सकुराबाद, जिला जहानाबाद के रूप में हुई है। राजाराम शर्मा ट्रक चालक बताया गया है। कार्रवाई में शामिल छापामार दल में उमेश चंद्र राय(नि. म नि)राहुल तिवारी(अ. नि.)धर्मेंद्र कुमार(स. अ. नि)सहित एक गृह रक्षक जवान शामिल थे। पुलिस ने बताया कि मामले में अनुसंधान के बाद आरोप पत्र समर्पित किया जाएगा।

समाचार सार

हैंडबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी हरियाणा के लिए रवाना



बोकारो : भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी एवं तृतीय ऑल इंडिया पुलिस हैंडबॉल क्लस्टर 2026-27 के आयोजन सचिव राजेश कुमार की ओर से प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ियों की सूची जारी की गई है। प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर संबंधित अधिकारियों एवं खिलाड़ियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं। जारी सूची में विभिन्न पुलिस इकाइयों से चयनित खिलाड़ियों के नाम शामिल हैं। संपूर्ण झारखंड से कुल हैंड बॉल के लिए 33 खिलाड़ी और बास्केटबॉल से कुल 26 खिलाड़ी रवाना हुए हैं। बोकारो से बास्केटबॉल के लिए बाल्मीकि पाठक को कोच बनाया गया है जबकि हैंड बॉल के लिए बोकारो से अनुरंजन सोमेंद्र को कोच बनाया गया है। बाल्मीकि पाठक ने बताया कि टीम पंचकूला हरियाणा के लिए रवाना हुई है। यह प्रतियोगिता 10 सितंबर से 14 सितंबर तक आयोजित होंगे।

पंचायत परामर्श यात्रा में ग्रामीणों ने उठाए आवास, पेंशन, जमीन और पुल के मुद्दे



बालूमाथ(रफ्तार मीडिया संवाददाता)। पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री के.एन. त्रिपाठी के नेतृत्व में पंचायत परामर्श यात्रा के तहत बालूमाथ प्रखंड के मुरपा, मारांगलोइया, गणेशपुर एवं सेरेगाड़ा पंचायत का दौरा किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। विभिन्न पंचायतों में ग्रामीणों ने आवास, पेंशन, पुल निर्माण तथा जमीन से जुड़े कई मुद्दे उठाए। मुरपा पंचायत में ग्रामीणों ने आवास एवं पेंशन से संबंधित समस्याएं रखीं। ग्रामीणों का कहना था कि पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी हो रही है। वहीं मारांगलोइया पंचायत में बलबल नदी पर पुल निर्माण की मांग प्रमुखता से उठाई गई। ग्रामीणों ने बताया कि पुल के अभाव में क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गणेशपुर पंचायत में जमीन से संबंधित शिकायतें प्रमुख मुद्दा रहीं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र की जमीन को दूसरे जिले के व्यक्ति के नाम किए जाने से संबंधित मामला सामने आया है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी के प्रति नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने जमीन से संबंधित अभिलेखों की जांच कर मामले की निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। यात्रा के दौरान बालूमाथ में महिलाओं से भी संवाद किया गया। महिलाओं ने आवास, पेंशन सहित विभिन्न समस्याओं को पूर्व मंत्री के समक्ष रखा। ग्रामीणों ने सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में हो रही परेशानियों तथा कार्यालयों के चक्कर लगाने की समस्या से भी अवगत कराया।पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने कहा कि पंचायत परामर्श यात्रा का उद्देश्य गांवों तक पहुंचकर जनता की वास्तविक समस्याओं को समझना है। ग्रामीणों द्वारा उठाए गए मुद्दों को उचित मंच तक पहुंचाने और उनके समाधान के लिए आवश्यक पहल की जाएगी। इस दौरान कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो. आमिर हयात, पश्चिम मंडल अध्यक्ष कर्मदेव भगत, अबरार, विदेश्वर राम, रियासत, सतीश यादव, परमेश्वर, अजय भगत, मंतोष राम, बारीक समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

आर्थिक तंगी के बीच ममता के सपनों को मिला सांसद का सहारा



हजारीबाग(रफ्तार मीडिया संवाददाता)। आर्थिक तंगी किसी मेधावी विद्यार्थी के सपनों की राह में बाधा न बने, इसके लिए हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपुरा निवासी मेधावी छात्रा ममता कुमारी की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। आईएएस बनने का सपना देख रही ममता को अब दो वर्षों तक निःशुल्क कोचिंग मिलेगी। सांसद ने चाणक्या आईएएस एकेडमी में उसके नामांकन के साथ दो साल की पूरी कोचिंग का खर्च उठाने की जिम्मेदारी ली है। ममता ने हिंदी विषय से स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की है और प्रशासनिक सेवा में जाकर देश-समाज की सेवा करना चाहती है। उसने आईएएस की तैयारी के लिए चाणक्या आईएएस एकेडमी की डेमो कक्षा में हिस्सा लिया था, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण कोचिंग की फीस उसके लिए बड़ी चुनौती बन गई थी। ममता के पिता प्रमोद महतो किसान हैं। सीमित आर्थिक संसाधनों के बावजूद उन्होंने बेटी को पढ़ाने और उसके सपनों को पूरा करने का प्रयास किया। आर्थिक परेशानी की जानकारी सांसद मनीष जायसवाल को मिलने के बाद उन्होंने ममता की मदद करने का निर्णय लिया। कोचिंग में नामांकन के बाद मंगलवार सुबह ममता अपने पिता प्रमोद महतो के साथ हजारीबाग स्थित सांसद सेवा कार्यालय पहुंची। वहां उसने सांसद को पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार जताया। ममता ने कहा कि आर्थिक परेशानी के कारण आगे की पढ़ाई और आईएएस की तैयारी मुश्किल हो रही थी, लेकिन सांसद के सहयोग से उसे अपने लक्ष्य की तैयारी का अवसर मिला है। अब वह पूरी मेहनत और लगन से आईएएस बनने का प्रयास करेगी। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा, पंख आपके हुनर के हैं, उड़ान भरने का हौसला हम देंगे। उन्होंने कहा कि अत्यंत जरूरतमंद और मेधावी विद्यार्थियों को लक्ष्य हासिल करने में आर्थिक कठिनाई आती है तो जनप्रतिनिधि के रूप में यथासंभव सहयोग करना उनका प्रयास रहा है। भविष्य में भी ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थियों के सपनों को उड़ान देने के लिए वे हरसंभव सहयोग करते रहेंगे।

डीपीएस बोकारो की छात्राओं ने बास्केटबॉल में लहराया परचम, इंटर डीपीएस टूर्नामेंट में बनीं चैंपियन

स्वर्णिम विजय के साथ नेशनल के लिए किया क्वालिफाई, प्राचार्य ने दीं शुभकामनाएं

रफ्तार मीडिया संवाददाता



डीपीएस बोकारो टीम को विजेता ट्रॉफी, स्वर्ण पदक और प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया।

बोकारो : दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो की छात्राओं ने बास्केटबॉल में अपनी गजब की स्फूर्ति, आक्रामक रणनीति और शानदार तालमेल का परिचय देते हुए शानदार विजय पताका लहराया है। गया (बिहार) में आयोजित बालिका वर्ग की जोन-4 इंटर डीपीएस बास्केटबॉल टूर्नामेंट (ओपन) में डीपीएस बोकारो की टीम ने स्वर्णिम सफलता हासिल करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया है। इस दमदार जीत के साथ ही यहां की टीम ने अब आगामी 13-14 दिसम्बर, 2026 को डीपीएस मेगासिटी, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की इंटर डीपीएस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया है। डीपीएस सोसाइटी के तत्वावधान में डीपीएस गया में 2 से 4 अक्टूबर तक आयोजित जोन-4 स्तर की उक्त तीनदिवसीय प्रतियोगिता में पूर्वोत्तर और मध्य भारत के सात राज्यों- झारखंड, बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मणिपुर, पश्चिम बंगाल और असम की टीमों के कुल 84 खिलाड़ियों ने अपनी ताकत झोंकी थी। प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबले में डीपीएस बोकारो की बालिकाओं ने शुरूआत से ही अपनी आक्रामक और संतुलित रणनीति से मेजबान डीपीएस गया पर दबाव बनाए रखा। हरेक स्कोर के लिए चले इस रोमांचक मुकाबले में बोकारो की बेटियों ने 39-24 अंकों के अंतर से डीपीएस गया को उसी के घरेलू कोर्ट पर करारी शिकस्त देकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सशस्त्र सीमा बल की 29वीं वाहिनी के कमांडेंट कुणाल ने प्रतियोगिता में डीपीएस गया दूसरे, तो डीपीएस रांची की टीम तीसरे स्थान पर रही। विजय पताका लहराने वाली डीपीएस बोकारो की टीम में छात्रा त्रिनयोना, किया कोरल सिंह, अन्वेषा शर्मा, तान्या सिंह, सौम्या प्रकाश, सौम्या जैन, आनिका आनंद, परिना पांडा, सानवी शेखर और शगुन शामिल थीं। बोकारो लौटीं इन खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत करते हुए मंगलवार को विद्यालय परिसर में सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पूरी टीम और उनके प्रशिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह शानदार विजय विद्यालय के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में छात्राओं के कठिन परिश्रम, अटूट लगन और खेल के प्रति सच्चे समर्पण का सुखद परिणाम है। हमारी छात्राओं ने अपनी प्रतिभा से न केवल बोकारो, बल्कि पूरे राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी इसी प्रकार बेहतरीन प्रदर्शन की आशा व्यक्त की।

खासमहल में सीआईएसएफ की कार्रवाई से हड़कंप, अवैध कोयला ढुलाई की बाइकें जब्त

रफ्तार मीडिया संवाददाता



बेरमो : सीसीएल बीएंडके क्षेत्र में अवैध कोयला ढुलाई और भंडारण के खिलाफ सीआईएसएफ ने एक बार फिर जोरदार कार्रवाई की है। मंगलवार की अहले सुबह खासमहल रेलवे साइडिंग, बरवाबेड़ा के आसपास सीआईएसएफ की टीम ने अचानक अभियान चलाकर अवैध कोयला ढुलाई में इस्तेमाल की जा रही दर्जनों मोटरसाइकिलें जब्त कर लीं। कार्रवाई की खबर फैलते ही अवैध कोयला कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया। सीआईएसएफ की इस कार्रवाई को अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ बड़ी चोट के रूप में देखा जा रहा है। बताया जाता है कि क्षेत्र में ड्रोन सर्विलांस, निगरानी और छापेमारी के माध्यम से अवैध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। इसी निगरानी के आधार पर अहले सुबह कार्रवाई को अंजाम दिया गया। बाइक जब्त, कोयले का भी खुल सकता है बड़ा खेल। अभियान के दौरान कितनी मोटरसाइकिलें और कितनी मात्रा में कोयला जब्त हुआ, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभियान पूरा होने के बाद होने की बात कही जा रही है। हालांकि, बड़ी संख्या में बाइक जब्त किए जाने की कार्रवाई ने इलाके में सक्रिय अवैध कोयला ढुलाई के नेटवर्क पर सवाल खड़े कर दिए हैं।
सीआईएसएफ की लगातार कार्रवाई से जहां अवैध कोयला कारोबारियों में बेचैनी बढ़ी है, वहीं दूसरी ओर लंबे समय से चल रही अवैध ढुलाई ने स्थानीय स्तर पर निगरानी व्यवस्था और जवाबदेही पर भी सवाल खड़े किए हैं। खासमहल रेलवे साइडिंग क्षेत्र गांधीनगर ओपी के अंतर्गत आता है। अब देखना होगा कि सीआईएसएफ की कार्रवाई के बाद अवैध कोयला ढुलाई के पूरे नेटवर्क तक कार्रवाई की आंच पहुंचती है या नहीं।

पेवर ब्लॉक सड़क है या दुकान का एक्सटेंशन? नगर परिषद के अलाउंसमेंट से अतिक्रमणकारियों में खलबली



बेरमो (रफ्तार मीडिया संवाददाता) : फुसरो नगर परिषद क्षेत्र में पेवर ब्लॉक पथ पर दुकानदारों द्वारा किए गए कथित अतिक्रमण को लेकर नगर प्रशासन ने अब सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। मंगलवार को नगर परिषद की ओर से बाकायदा अलाउंसमेंट कर दुकानदारों को अपना-अपना सामान हटाने की चेतावनी दी गई। नगर प्रशासन के अलाउंसमेंट के बाद ऐसा लगा मानो पेवर ब्लॉक पथ ने भी राहत की सांस ली हो। लंबे समय से जहां राहगीरों के हिस्से का रास्ता दुकानों के सामान, ठेले और अन्य सामग्री ने घेर रखा था, वहां अब प्रशासन ने साफ संदेश दे दिया है। दुकान आपकी है, लेकिन रास्ता जनता का है। अलाउंसमेंट के माध्यम से दुकानदारों से अपील की गई कि वे स्वयं अपना सामान हटाकर पथ को अतिक्रमण मुक्त करें। प्रशासन का उद्देश्य आम लोगों को सुगम आवागमन उपलब्ध कराना है। नगर परिषद की इस कार्रवाई के बाद अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों में हलचल मच गई है। अब देखना दिलचस्प होगा कि प्रशासन की आवाज सुनकर सामान पहले हटता है या बहाने पहले निकलते हैं। नगर प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दे दिया है कि सार्वजनिक पथ को निजी दुकान का हिस्सा बनाने की व्यवस्था अब ज्यादा दिन नहीं चलने वाली। राहगीरों को रास्ता चाहिए और नगर परिषद अब रास्ता दिलाने के मूड में नजर आ रही है।

दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस मुस्तैद, बेरमो में सघन वाहन जांच

बेरमो थाना के पास चला अभियान, बिना हेलमेट-सीट बेल्ट वालों पर कार्रवाई, सड़क किनारे बेतरतीब पार्किंग पर भी सख्ती

रफ्तार मीडिया संवाददाता



बेरमो : दुर्गा पूजा को लेकर बेरमो में पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर कमर कस ली है। त्योहार के दौरान बढ़ने वाली भीड़ और वाहनों की आवाजाही को देखते हुए बोकारो एसपी के निर्देश पर मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस ने बेरमो थाना के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया। अचानक हुई इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान पुलिस ने सड़क से गुजरने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर उनकी गहन जांच की। वाहनों की डिक्की की जांच के साथ चालकों के हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य जरूरी दस्तावेजों की भी पड़ताल की गई। बिना हेलमेट दोपहिया चलाने वालों तथा सीट बेल्ट का इस्तेमाल नहीं करने वाले कार चालकों पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए मौके पर ही जुमार्ना वसूला गया। जांच अभियान के दौरान बिना जरूरी कागजात और सुरक्षा नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाने वालों के बीच अफरा-तफरी का माहौल दिखा। कई चालक पुलिस की जांच से बचने के लिए रास्ता बदलते नजर आए।

सड़क पर पार्किंग करने वालों को भी चेतावनी

वहीं, सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों के कारण यातायात प्रभावित होता देख पुलिस ने वाहन चालकों को तत्काल गाड़ियां हटाने का निर्देश दिया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि दुर्गा पूजा के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए सड़क पर अनावश्यक पार्किंग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पूरी तरह पालन करने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट का इस्तेमाल केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए जरूरी है। पुलिस ने संकेत दिया कि दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर वाहन जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

51 सदस्यीय समिति के गठन पर भी बनी सहमति, भाईचारे और सौहार्द के साथ जतरा आयोजित करने का निर्णय

जोगियाडीह में गूंजेगा सोहराय जतरा का उल्लास, सर्वसम्मति से बनी आयोजन समिति

रफ्तार मीडिया संवाददाता



बैठक में सर्वसम्मति से सोहराय जतरा समिति का गठन किया गया।

बालूमाथ। ग्राम जोगियाडीह स्थित जतरा मैदान में मंगलवार को सोहराय (दिवाली) जतरा के सफल आयोजन को लेकर ग्रामप्रधान हरि गंझू की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीणों एवं आयोजन से जुड़े लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान आगामी सोहराय जतरा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सुरेश गंझू को अध्यक्ष, पिंटू नायक को सचिव, माईकल कुजूर को कोषाध्यक्ष तथा शंभू गंझू को सह-कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं प्रदीप गंझू को समिति का संरक्षक बनाया गया।इसके अलावा प्रेम चंद भोगता, रोशन लोहरा, नरेश लोहरा एवं ऐश्वर्या उरांव को संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई।
काबिल उरांव, पंकज लोहरा, देवनारायण गंझू, प्रवीण गंझू एवं नरेश उरांव को उपाध्यक्ष बनाया गया।बैठक में निर्णय लिया गया कि अगली बैठक में समिति का विस्तार करते हुए 51 सदस्यीय जतरा समिति का गठन किया जाएगा। समिति का उद्देश्य सोहराय जतरा को आपसी भाईचारे, सामाजिक एकता, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक आयोजित करना है। ग्रामीणों ने कहा कि सोहराय जतरा क्षेत्र की सांस्कृतिक एवं सामाजिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसे सभी वर्गों के सहयोग और सहभागिता से भव्य एवं शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित किया जाएगा। बैठक में सुरेश गंझू, पिंटू नायक, प्रदीप गंझू, विजय गंझू, राजेश उरांव, सागर नायक, राजा लोहरा, प्रवीण गंझू, पंकज लोहरा, शंभू गंझू, दीपक गंझू, बिलेंद्र गंझू, पवन टोप्पो, प्रेमचंद भोगता, राजेश गंझू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

टुंडी में पहुंची चलंत लोक अदालत, 4 मामलों का हुआ सफल निस्तारण, नुक्कड़ नाटक से किया गया जागरूक

टुंडी प्रखंड परिसर में हुआ जागरूकता वैन और चलंत लोक अदालत शिविर का आयोजन

- गरीब, मजलूम और न्याय से वंचित वर्गों को सुलभ न्याय दिलाना रहा मुख्य उद्देश्य।
- राष्ट्रीय और जिला विधिक सेवा प्राधिकार की कल्याणकारी योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी।
- सर्वम समिति सर्विस प्राइवेट लिमिटेड और जनसंपर्क विभाग के सौजन्य से हुआ भव्य नुक्कड़ नाटक।

रफ्तार मीडिया संवाददाता



धनबाद : समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सुलभ न्याय पहुंचाने के उद्देश्य से धनबाद के टुंडी प्रखंड परिसर में 'चलंत लोक अदालत सह जागरूकता वैन' पहुंची। इस दौरान आयोजित विशेष शिविर में त्वरित कानूनी प्रक्रिया के तहत कुल 4 मामलों का सफल निस्तारण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गरीब, मजलूम और न्याय की पहुंच से वंचित वर्गों के लिए कानूनी सहायता को सरल और सक्षम बनाना था।

नुक्कड़ नाटक से दिया गया जागरूकता का संदेश

आम लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए सर्वम समिति सर्विस प्राइवेट लिमिटेड (धनबाद) और जिला सूचना जनसंपर्क विभाग (धनबाद) के सौजन्य से परिसर में एक भव्य नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से लोगों को विधिक सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना लक्ष्य

कार्यक्रम के दौरान मंच पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विशाल कुमार पाण्डेय, अंचलाधिकारी सुरेश प्रसाद वर्णवाल और मुखिया प्रतिनिधि नंदकिशोर रविदास उपस्थित रहे। शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) के विद्वान अधिवक्ता सुमन कुमार पाठक ने अपना सारगर्भित वक्तव्य दिया। उन्होंने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) और जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) द्वारा आम जनमानस के लिए प्रस्तावित विभिन्न मुफ्त कानूनी कार्यक्रमों और उनकी आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक तंगी के कारण न्याय पाने से वंचित नहीं रह सकता।

पारा लीगल वॉलंटियर्स ने किया अधिकारियों का स्वागत

इस शिविर को सफल बनाने में विधिक स्वयंसेवकों की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम के दौरान टुंडी प्रखंड के पारा लीगल वॉलंटियर (पीएलवी) सौरभ जायसवाल और टुंडी पंचायत के पारा लीगल वॉलंटियर सूरज कुमार मुर्मू, संदीप कुमार मिश्रा व प्रदीप चन्द्र दान ने मंचासीन अधिकारियों का शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर विधिवत स्वागत किया।

अवैध पार्किंग और बिना कागजात वाले वाहनों पर परिवहन विभाग की चाबुक, 1.26 लाख का जुर्माना और एक वाहन जब्त





- उपायुक्त आदित्य रंजन के सख्त निर्देश पर बरमसिया एफसीआई गोदाम के पास चला चेकिंग अभियान।
- सड़क किनारे खड़े 4 और बिना कागजात के पकड़े गए 12 वाहनों का कटा चालान।
- अनियमितता मिलने पर एक वाहन को जब्त कर मनियाडीह ओपी को सौंपा गया।
- सड़क सुरक्षा को लेकर आगे भी लगातार जारी रहेगा सघन जांच अभियान।

रफ्तार मीडिया संवाददाता

धनबाद : सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी रूप से लगाम लगाने के लिए उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश पर जिला परिवहन कार्यालय (डीटीओ) ने कड़ा कदम उठाया है। परिवहन विभाग की विशेष टीम ने बरमसिया स्थित एफसीआई गोदाम के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाकर यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर बड़ी कार्रवाई की है।

1.26 लाख रुपये का कटा चालान

अभियान के दौरान जांच टीम ने मुख्य रूप से उन वाहनों को निशाने पर लिया जो यातायात को बाधित कर रहे थे या जिनके पास वैध दस्तावेज नहीं थे। सड़क किनारे अवैध (नो-पार्किंग) रूप से खड़े पाए गए 4 भारी वाहनों और मौके पर आवश्यक कागजात प्रस्तुत न कर पाने वाले 12 वाहनों पर कड़ा एक्शन लेते हुए कुल 1 लाख 26 हजार रुपये का चालान काटा गया। इसके साथ ही, एक वाहन में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर उसे तुरंत जब्त कर मनियाडीह ओपी के सुपुर्द कर दिया गया।

अवैध पार्किंग से हादसों का खतरा, नहीं बख्शे जाएंगे दोषी

उपायुक्त आदित्य रंजन ने इस कार्रवाई पर कहा कि सड़क किनारे बेतरतीब और अवैध रूप से खड़े भारी वाहनों के कारण लगातार यातायात बाधित होने की शिकायतें मिल रही थीं, जिससे दुर्घटनाओं की प्रबल संभावना बनी रहती है। इसे गंभीरता से लेते हुए ही परिवहन विभाग ने यह त्वरित कार्रवाई की है। वहीं, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी. द्विवेदी ने सख्त लहजे में कहा कि सड़क सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्य सड़कों पर अवैध पार्किंग से आम नागरिकों की जान-माल को बड़ा खतरा होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और यह विशेष जांच अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

अभियान में इनकी रही मौजूदगी

इस सघन जांच अभियान में परिवहन विभाग की ओर से मोटरयान निरीक्षक (एमवीआई) हरीश कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अमरेश कुमार और आईटी सहायक देवेन्द्र कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

शिक्षा के साथ जिम्मेदारी और संस्कार जरूरी : डॉ. चंचल भंडारी

सेंट एंथोनी विद्यालय में काउंसिल व बाल संसद की हुई बैठक

- विद्यार्थियों ने लिया जिम्मेदारी निभाने का संकल्प

रफ्तार मीडिया संवाददाता



जामताड़ा : जामताड़ा शहर के सेंट एंथोनी विद्यालय में विद्यालय कार्उंसिल एवं बाल संसद के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक डॉ. चंचल भंडारी ने की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य लारेब खान, उप प्राचार्य उत्पल मंडल सहित विद्यालय कार्उंसिल एवं बाल संसद के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालय के पठन-पाठन, खेलकूद, अनुशासन, समय-पालन तथा अन्य शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक गतिविधियों को बेहतर बनाने के संबंध में विद्यार्थियों के विचार एवं सुझाव जानना था। विद्यार्थियों को स्वच्छता, अनुशासन, समय-पालन, विद्यालय की संपत्ति की देखभाल तथा विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता से संबंधित दायित्व भी सौंपे गए। सभी विद्यार्थियों ने अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने तथा विद्यालय के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी शनिवार को विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया जाएगा। बैठक के दौरान विद्यालय के निदेशक डॉ. चंचल भंडारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, जिम्मेदारी और अच्छे संस्कार विकसित करने का माध्यम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अपने घर या आसपास एक पेड़ माँ के नाम लगाने और उसकी देखभाल करने का अनुरोध किया। उन्होंने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। अंत में विद्यालय के प्राचार्य लारेब खान ने विद्यार्थियों से सौंपे गए दायित्वों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करने तथा स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर हेड बॉय सोनू शाही, हेड गर्ल श्रद्धा पंडित, स्कूल कैप्टन रिया कुमारी, पूजा कुमारी, हाउस कैप्टन प्रियंका सरखेल, रणवीर दास, हाउस कैप्टन वर्षा कुमारी, प्रधानमंत्री इमरान अंसारी सहित विद्यालय कार्उंसिल एवं बाल संसद के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

आठ अक्टूबर को इंडिया गठबंधन निकालेगा वोट बचाओ, देश बचाओ मार्च

अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद निकलेगा मार्च, मताधिकार और संविधान की रक्षा का लिया संकल्प

रफ्तार मीडिया संवाददाता



हजारीबाग। लोकतंत्र की रक्षा, मताधिकार की सुरक्षा एवं संविधान के मूल्यों के संरक्षण के संकल्प के साथ इंडिया गठबंधन की ओर से आठ अक्टूबर को हजारीबाग में ह्यवोट बचाओ, देश बचाओह्न मार्च निकाला जाएगा। मार्च से पहले डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में इंडिया गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री सह जिला कांग्रेस अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने की। बैठक को संबोधित करते हुए जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मताधिकार की रक्षा और मतदाता सूची में पारदर्शिता जरूरी है। वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के माध्यम से आम जनता को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा केवल राजनीतिक दलों की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। इंडिया गठबंधन की ओर से सीपीआई (एम) के गणेश कुमार सिटू ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयोग के महानिदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) सीमा खन्ना की गिरफ्तारी की मांग की।

उन्होंने आरोप लगाया कि एक साजिश के तहत चुनाव आयोग का कार्य निजी कंपनी को सौंपा गया है। धन्यवाद ज्ञापन नगर परवेज अहमद ने किया। बैठक में कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, सीपी के पच्चू राणा, अनिरुद्ध प्रसाद, अनवर हुसैन, राजद के हिरामन यादव, शमशेर आलम, सीपीआई (एमएल) के सुधीर यादव, प्रदेश कोऑर्डिनेटर बिनोद कुशवाहा, प्रदेश सचिव रेणु कुशवाहा, साजिद अली खान, पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार यादव, अवधेश कुमार सिंह, रजी अहमद, कांग्रेस मीडिया विभाग अध्यक्ष निसार खान, बिनोद सिंह, विरेन्द्र कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह, निजामुद्दीन अंसारी, मकसुद आलम, लखराज सिंह, सलीम रजा, बाबर अंसारी, संजय सिंह, दिलीप कुमार, रघु जायसवाल, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, कैलाश पति देव,अरूण कुमार सिन्हा, रेखा देवी, भैया असीम कुमार, सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जामताड़ा शहर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने पर चेंबर के अध्यक्ष ने एसपी को सौंपा आभार पत्र

रफ्तार मीडिया संवाददाता



जामताड़ा। जामताड़ा जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक शम्भू कुमार सिंह से मुलाकात कर चेंबर परिवार की ओर से आभार पत्र भेंट किया। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने जिले में बेहतर प्रशासनिक कुशलता, कानून व्यवस्था एवं शहर की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की। आभार पत्र में कहा गया कि एसपी शम्भू कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में जामताड़ा शहर को अपराध मुक्त बनाने की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। विशेष रूप से 3 सितंबर 2026 को शहर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से पूरे शहरी क्षेत्र को तीन विशेष बीट में विभाजित करने तथा प्रत्येक बीट में जिम्मेदार पुलिस पदाधिकारियों की नियुक्ति को चेंबर ने अभूतपूर्व एवं रणनीतिक कदम बताया।चेंबर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि मजबूत सुरक्षा व्यवस्था से अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के हौसले पस्त होंगे तथा व्यापारियों, उद्यमियों और आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि व्यवसाय के विकास के लिए भयमुक्त वातावरण आवश्यक है और पुलिस प्रशासन की नई व्यवस्था से व्यापार जगत में भरोसा बढ़ा है। चेंबर परिवार ने एसपी के सुरक्षा मॉडल का पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि जिले की कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन के हर सकारात्मक प्रयास में चेंबर परिवार सहयोग करता रहेगा। मौके पर चेंबर पदाधिकारियों ने एसपी को बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

नगवां टोल प्लाजा पर नो-पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई

हजारीबाग। शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को यातायात पुलिस एवं जिला परिवहन कार्यालय की संयुक्त टीम ने नगवां टोल प्लाजा क्षेत्र में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 75 हजार रुपये का चालान काटा गया। अभियान के दौरान टीम ने टोल प्लाजा एवं आसपास के क्षेत्रों में सड़क किनारे तथा निर्धारित नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों की जांच की। जांच के क्रम में कई वाहन ऐसे पाए गए, जिन्हें निर्धारित पार्किंग स्थल के बजाय सड़क किनारे या यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले स्थानों पर खड़ा किया गया था। ऐसे वाहनों के चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला गया। मौके पर जिला परिवहन कार्यालय के पदाधिकारियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया। अधिकारियों ने कहा कि सड़क के किनारे बेतरतीब ढंग से वाहन खड़ा करने से यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है और दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। वाहन चालकों से निर्धारित पार्किंग स्थल का ही उपयोग करने की अपील की गई। अभियान में यातायात थाना प्रभारी अनूप प्रसाद, जिला परिवहन कार्यालय की मोटरयान निरीक्षक रवीना कुमारी, रोड सेफ्टी मैनेजर संतोष कुमार सहित यातायात पुलिस के जवान शामिल रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नो-पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। विभाग के अनुसार सड़क सुरक्षा को लेकर ऐसे अभियान जिले के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, टोल प्लाजा और प्रमुख मार्गों पर लगातार चलाए जाएंगे। अभियान का उद्देश्य महज जुमार्ना वसूलना नहीं, बल्कि वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था कायम करना है।

समाचार सार

दुगार्पूजा में सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चाक-चौबंद, दारू थाना में शांति समिति की बैठक



हजारीबाग (रफ्तार मीडिया संवाददाता)। दारू दुगार्पूजा को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को दारू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह ने की। बैठक में पूजा समितियों के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ पर्व के दौरान सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने कहा कि दुगार्पूजा आस्था और श्रद्धा का पर्व है। इसे आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया जाए। उन्होंने पूजा समितियों को प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेशों का सख्ती से पालन करने की अपील की। पूजा पंडालों में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त रोशनी तथा अग्निशमन उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूजा के दौरान ऐसे गीत, कार्यक्रम या गतिविधियां नहीं होनी चाहिए, जिससे किसी धर्म अथवा समुदाय की भावनाएं आहत हों। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह, आपत्तिजनक टिप्पणी अथवा भड़काऊ सामग्री प्रसारित करने से बचने की अपील की गई। थाना प्रभारी ने कहा कि धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने वाली किसी भी गतिविधि की सूचना मिलने पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में श्रद्धालुओं से मोबाइल चोरी और चेन छिनतई जैसी घटनाओं को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई। बैठक में सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार भगत, एसआई श्री प्रसाद, एएसआई रामप्रवेश राय, एएसआई पिंटू कुमार सहित प्रभात सिंह, संतोष सिन्हा, दिनेश सोनी, प्रमोद राम, वीरेंद्र यादव,राजेश कुमार, नरेश यादव, राजेश साहा समेत जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

अरविंद यादव को मनीष जायसवाल ने भेंट की इलेक्ट्रिक ट्राई-साइकिल



हजारीबाग। दोनों पैरों से दिव्यांग होने के बावजूद भाजपा संगठन और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहने वाले कटकमसांडी पश्चिमी मंडल के भाजपा महामंत्री अरविंद यादव के हौसले को नई रफ्तार मिली है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने उन्हें इलेक्ट्रिक ट्राई-साइकिल भेंट कर उनके आवागमन को आसान बनाने की पहल की। कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम पंचायत कटकमसांडी अंतर्गत उलांज गांव निवासी अरविंद यादव लंबे समय से भाजपा संगठन से जुड़े हैं। दोनों पैरों से दिव्यांग होने के कारण उन्हें दैनिक आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद वे बैसाखी के सहारे संगठन के कार्यक्रमों में भाग लेते रहे हैं और सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करते हैं। अरविंद यादव की कर्मठता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने उन्हें इलेक्ट्रिक ट्राई-साइकिल उपलब्ध कराई। सांसद ने कहा कि अरविंद यादव का संघर्ष, आत्मविश्वास और संगठन के प्रति समर्पण प्रेरणादायी है। उन्होंने महसूस किया कि इलेक्ट्रिक ट्राई-साइकिल उनके आवागमन और सामाजिक कार्यों में बड़ी मददगार साबित होगी। इससे उनकी थकान कम होगी और रोजमर्रा की गतिविधियां भी आसान होंगी। सांसद ने कहा कि एक समर्पित कार्यकर्ता को यह सुविधा उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मीय संतोष मिल रहा है। उन्होंने कहा कि शारीरिक चुनौतियों के बावजूद अरविंद यादव जिस तरह लगातार सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय हैं, वह दूसरों के लिए प्रेरणा है। इलेक्ट्रिक ट्राई-साइकिल मिलने से अरविंद यादव के लिए संगठनात्मक कार्यों और सामाजिक गतिविधियों में आवागमन अधिक सुगम होने की उम्मीद है। सांसद की इस पहल को कार्यकर्ताओं ने संवेदनशील और सराहनीय कदम बताया।

7 अक्टूबर को दूधमटिया में वन एवं पर्यावरण मेला, तैयारियां पूरी



हजारीबाग। टाटीझरिया प्रखंड के दुधमनिया में वन, पर्यावरण एवं हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल के तत्वावधान में 7 अक्टूबर को टाटीझरिया प्रखंड के दूधमटिया में वन एवं पर्यावरण मेला आयोजित किया जाएगा। मेले को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया है तथा लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। मेले का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को वन संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी दी जाएगी। ग्रामीणों, विद्यार्थियों, वन समितियों और पर्यावरण प्रेमियों की सहभागिता सुनिश्चित करने की तैयारी की गई है। दूधमटिया क्षेत्र में वन संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता को लेकर लंबे समय से विभिन्न गतिविधियां आयोजित होती रही हैं। विभाग की ओर से लोगों से अधिक से अधिक संख्या में मेले में शामिल होकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने की अपील की गई है।

चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान गिरे दिव्यांग यात्री की आरपीएफ जवानों ने बचाई जान

गया जी : गया जी रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को आरपीएफ के जवानों की तत्परता से एक दिव्यांग यात्री की जान बच गई। घटना गया जी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-4 की है, जहां गया-पटना मेमू ट्रेन के चलने के दौरान यात्री ने उसमें चढ़ने का प्रयास किया। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह प्लेटफॉर्म पर गिर गया और तेजी से प्लेटफॉर्म तथा चलती ट्रेन के बीच के गैप की ओर जाने लगा। यात्री को गंभीर खतरे में देखकर प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी में तैनात आरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक बलवंत कुमार सिंह एवं आरक्षी सावन कुमार ने अपनी जान की परवाह किए बिना यात्री को खींचकर चलती ट्रेन से सुरक्षित दूरी पर कर दिया। इस त्वरित कार्रवाई से संभावित गंभीर हादसा टल गया और यात्री की जान बच गई। आरपीएफ के पोस्ट प्रभारी निरीक्षक बनारसी यादव ने बताया कि यह घटना मंगलवार, 6 अक्टूबर 2026 को गाड़ी संख्या 63254 डाउन गया-पटना मेमू के प्लेटफॉर्म संख्या-4 से प्रस्थान के दौरान हुई। यात्रियों को चलती ट्रेन में चढ़ने से लगातार मना किया जाता है, इसके बावजूद उक्त दिव्यांग यात्री ने चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया था। घटना की पूरी कार्रवाई प्लेटफॉर्म संख्या-4 के दिल्ली एंड स्थित लैडर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है। निरीक्षक बनारसी यादव ने बताया ने बताया कि ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत दोनों बल सदस्यों द्वारा दिखाई गई तत्परता और सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। उनकी कार्रवाई यात्री सुरक्षा के प्रति आरपीएफ की सजगता और प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

संपादकीय

बाढ़ आती है तब सांप एक साथ नजर आने लगते हैं

मामला लोकोक्ति का है। कहानी है कि जब बाढ़ आई तो उससे पहले एक-दूसरे को निगल जाने पर आमादा सांप एक-दूसरे से यूं लिपट गए, जैसे कि जन्म-जन्मांतर का साथ हो। ऐसा भी फिर होता दिख रहा है।अभिनेता संजय दत्त इन दिनों अपने एक बयान को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे अब हमारे देश में वो शांति महसूस नहीं होती।' संजय दत्त के अलावा, शाहरुख खान और आमिर खान भी भारत को लेकर अपने बयानों से विवाद में घिर चुके हैं शाहरुख खान- साल 2015 में अभिनेता शाहरुख खान ने देश में बढ़ रही असहिष्णुता को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा था, "मुझे लगता है कि असहिष्णुता बढ़ रही है।ह उनके इस बयान के बाद काफी विवाद हुआ। कई लोगों ने उन्हें परिवार के साथ पाकिस्तान जाकर रहने की सलाह भी दी। बाद में शाहरुख ने अपने बयान पर सफाई देते हुए कहा था कि उनकी बात का गलत मतलब निकाला गया। उन्होंने कहा था, "मैंने ऐसा कभी नहीं कहा कि भारत असहिष्णु देश है। मेरे बयान का गलत मतलब निकाला गया जिसकी वजह से मुझे काफी परेशानी हुई। यह बहुत गलत है।"

अभिमत

शाहरुख ने कहा था कि युवाओं को देश को सेकुलर और विकासशील बनाने पर ध्यान देना चाहिए। इनसे पहले आमिर खान ने देश के माहौल को लेकर अपनी चिंता जाहिर की थी। उन्होंने कहा था, "एक व्यक्ति के तौर पर, एक नागरिक के रूप में इस देश के हिस्से के तौर पर हम अखबारों में पढ़ते हैं कि क्या हो रहा है। हम इसे अखबारों में देखते हैं और निश्चित तौर पर मैं चिंतित हुआ हूं। मैं इससे इनकार नहीं कर सकता। मैं कई घटनाओं से चिंतित हुआ हूं। मैं जब घर पर किरण के साथ बात करता हूं, वह कहती हैं कि 'क्या हमें भारत से बाहर चले जाना चाहिए?' किरण को बच्चों की चिंता है। उन्हें डर है कि हमारे आसपास कैसा माहौल होगा। उन्हें हर दिन अखबार खोलने में डर लगता है।" उनके बयान के बाद आमिर और उनकी पत्नी किरण राव को लेकर भी काफी विवाद हुआ, हालांकि बाद में आमिर ने साफ किया था कि उनका या किरण का देश छोड़ने का कोई इरादा नहीं था। उन्होंने कहा था, "भारत मेरा देश है, मैं इससे प्यार करता हूं। मैं यहां पैदा होकर खुद को खुशकिस्मत मानता हूं और यहीं रह रहा हूं।" नसीरुद्दीन शाह- दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह भी देश और सरकार को लेकर अपनी राय के लिए कई बार चर्चा में रहे हैं। हाल ही में जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रदर्शन और उनके खिलाफ हुई कार्रवाई पर उन्होंने एक वीडियो शेयर किया था। इसमें उन्होंने कहा था, "अगर एक जाहिल इस मुल्क की रहनुमाई करे, तो उसका दिल ही चाहेगा कि पूरा मुल्क उसी की तरह जाहिल, नासमझ, नाकाबिल और बेरहम बने।"



इतिहास

क्या-क्या हुआ

- 1862 - भारतीय दंड संहिता (IPC) पारितः भारत में कानून व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए ऐतिहासिक 'भारतीय दंड संहिता कानून' (Indian Penal Code) को आज ही के दिन आधिकारिक तौर पर अधिसूचित और पारित किया गया था।
- 1858 - नाना साहेब पेशवा का निधनः 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नायक और मराठा साम्राज्य के वीर क्रांतिकारी नाना साहेब पेशवा का आज ही के दिन निधन हुआ था।
- 1893 - वैज्ञानिक मेघनाद साहा का जन्मः खगोल भौतिकी (Astrophysics) के क्षेत्र में क्रांतिकारी 'साहा समीकरण' (Thermal Ionization Equation) देने वाले प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक मेघनाद साहा का जन्म आज ही के दिन हुआ था।
- 1946 - अभिनेता विनोद खन्ना का जन्मः भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता, फिल्म निमार्ता और राजनेता विनोद खन्ना का जन्म आज ही के दिन हुआ था, जिन्होंने बॉलीवुड में कई दशकों तक अपनी अमिट छाप छोड़ी।
- 1983 - पंजाब में राष्ट्रपति शासनः पंजाब राज्य में हिंसक अशांति और अस्थिरता के बढ़ते मामलों को देखते हुए वहां की राज्य सरकार को बर्खास्त कर पहली बार राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था।
- 1989 - सुप्रीम कोर्ट में पहली महिला न्यायाधीशः न्यायमूर्ति एम. फातिमा बीबी ने आज ही के दिन भारत के सर्वोच्च न्यायालय (Supreme Court) की पहली महिला न्यायाधीश के रूप में कार्यभार संभाला था, जो भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में एक मील का पत्थर था।
- 1499 - फ्रांस का मिलान पर कब्जाः फ्रांस के राजा लुईस बारहवें (Louis XII) ने इटली के प्रमुख शहर मिलान पर सफलतापूर्वक कब्जा कर लिया था, जो यूरोपीय इतिहास की एक बड़ी सैन्य घटना थी।
- 1908 - बोस्नियाई संकट की शुरूआतः ऑस्ट्रिया-हंगरी साम्राज्य ने आधिकारिक तौर पर बोस्निया और हजेगोविना के विलय की घोषणा की, जिससे बाल्कन क्षेत्र में भारी तनाव पैदा हुआ और इसने प्रथम विश्व युद्ध की नींव रखी।
- 1927 - पहली बोलती फिल्म 'द जैज सिंगर': दुनिया की पहली संवाद और संगीत से युक्त फीचर फिल्म (Talkie Film) 'द जैज सिंगर' (The Jazz Singer) न्यूयॉर्क में रिलीज हुई, जिसने मूक फिल्मों (Silent Era) के दौर को हमेशा के लिए बदल दिया।

कविता

मेरी भूल सुधार


भूल हुई तो मान लो, मत करना इनकार।
सुधर गया जो वक्त पर, उसका जीवन सार॥
गलती से जो सीख ले, वही है समझदार।
ठोकर बनती राह की, मंजिल का आधार॥

अपनी भूलें देखकर, मन में करो विचार।
कल से बेहतर आज हो, यही सच्चा सुधार॥
कल जो मुझसे हो गया, उसका है अफसोस।
आज सुधारूँ स्वयं को, रखकर पूरा होश॥

शब्दों से जो चोट दी, उसका मानो खेद।
मीठे बोलों से भरें, मन के सारे भेद॥
क्रोध किया जो बात पर, पछताया दिन-रात।
संयम रखकर बोलना, जीवन की सौगात॥

अपनों को जो दुख दिया, मन में रहा मलाल।
प्रेम भरे व्यवहार से, फिर कर लें खुशहाल॥
भूलों की गठरी लिए, कब तक चलना साथ।
सीख बनाकर छोड़िए, बीती सारी बात॥

कल की भूलें राह हैं, आज नया आधार।
सीख उन्हें जो ले सके, वही करे सुधार॥
भूल सुधारूँ आज से, मन में लेकर ठान।
अपने कर्मों से बनूँ, खुद अपनी पहचान॥



000

लेखक

लोक मुद्दा

शाबाश!! कैप्टन स्मित मच्छार...!!

30 सितंबर 2026, बुधवार की प्रातः 8.35 बजे फ़्लाइ दुबई की फ्लाइट संख्या एफजेड 1073 जब दुबई से इस्त्राइल की राजधानी तेल अवीव के लिए उड़ी तो उसमे बैठे 174 यात्रियों जिनमे से अधिकतर इस्त्राइली नागरिक थे, ने कभी नहीं सोचा होगा कि आज इस उड़ान पर संकट के बादल छाने वाले हैं। 35000 फुट की ऊंचाई पर उड़ रहे इस प्लेन से 11.01 बजे अचानक सामान्य आपातकाल का संकेत कोड 7700 जारी हुआ जो इस बात का संकेत था कि हवाई जहाज मे कहीं कुछ गड़बड़ है ? और अचानक कुछ ही सेकंड मे विमान 35000 फुट की ऊंचाई से गोता लगा कर 17000 फुट की ऊंचाई पर तेजी से नीचे की ओर आया. केबिन की लाइट अचानक बुझ गई। यात्रियों के बीच भय और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यात्रियों ने कॉकपिट से चीख-पुकार की आवाजे सुनी।



विजय सहगल

इस पूरे घटनाक्रम पर तीखी राजनीति हो रही है जो कि स्वाभाविक ही है क्योंकि ये निश्चित ही एक खौफनाक आतंकी घटना हो सकती थी क्योंकि इसका अंजाम, लगभग 170 इस्त्राइली नागरिकों की मौत के रूप मे एक हवाई दुर्घटना होती लेकिन भला हो कैप्टन स्मित मच्छार के साहस और शौर्य का, जिसने आतंकी हमलों के मंसूबों पर पानी फेर दिया।

किसी ने सोचा भी नहीं था कि अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन द्वारा प्रत्येक प्लेन मे अनिवार्य रूप से रक्खी जाने वाली जिस सुरक्षा कुल्हाड़ी (क्रेश एक्स या फायर एक्स भी कहते हैं।) का उपयोग हवाई जहाज के पायलट और कोपायलट द्वारा आपातकालीन परिस्थितियों मे आग बुझाने, रास्ता बनाने, खिड़की तोड़ने, बिजली के तार काटने (बिधुत रोधी होने के कारण) कर सकते हैं, उसका दुरूपयोग ओमानी नागरिक, साथी कोपायलट अपने मुख्य पायलट कैप्टन स्मित मच्छार के उपर जानलेवा आतंकी हमला करने मे करेगा!! इसी बीच 11.08 बजे फ़्लाइ दुबई के कैप्टन स्मित ने, इस्लामी अतिवादी, आत्मघाती मानसिकता से ग्रसित अपने साथी कोपायलट द्वारा 9/11 जैसे हमले की पुनरावृत्ति करने के लिए अपने उपर हुए घातक और जानलेवा हमले और लहूलुहान होने के बावजूद हवाईजहाज के अपहरण का कोड संख्या 7500 का सिंगनल हवाई नियंत्रण कक्ष को भेजा।

फ़्लाइ दुबई की इस उड़ान के अपहरण की सूचना पर जहां हवाई यातायात नियंत्रण कक्ष का पूरा तंत्र सक्रिय हो गया और वहाँ कॉकपिट के अंदर कैप्टन स्मित, हवाई जहाज के 174 यात्रियों की जान बचाने के लिए अपने ही सह पायलट ओमानी नागरिक हमाम अल हमामी के द्वारा चाकू से लगातार किए जा रहे हमलों से जूझ रहे थे। अपने अदम्य साहस और सूझ बूझ से कैप्टन स्मित ने पेट, सिर, हाथों से बह रहे खून के बावजूद मन मे चल रहे अंतर्द्वंद कि आज अगर हिम्मत नहीं दिखाई तो 174 यात्री अपनी जान गंवा देंगे। कॉकपिट मे गंभीर रूप से घायल पड़े कैप्टन स्मित को 9750 घंटे से भी ज्यादा का प्लेन उड़ाने के अनुभव से मालूम था कि साथी सहपायलट द्वारा विमान की नोज को नीचे करने के कारण विमान नीचे जा रहा है, अपने आराध्य बीर हनुमान को याद कर उसने अपने अथक प्रयास से केबिन का दरबाजा खोल दिया ताकि ताकि दूसरे लोग कॉकपिट के अंदर आ सके।

ऐसा करते ही केबिन के बाहर के कुछ यात्री कॉकपिट मे



आ घुसे. उन्हे खून से लथपथ, पायलट स्मित को देख मामला समझने मे देर न लगी और पेशे से प्लम्बर एक इस्त्राइली यात्री यानिव हायून ने प्लेन को नुकसान पहुंचा रहे सह पायलट को पीछे से गले को दबोच कर सीट से बाहर हटाया। अन्य यात्रियों की मदद से हेडफोन के तारों से बांधने की कार्यवाही को जिव्का मान्स एवं असफ रेगुआन नामक यात्रियों ने अंजाम दिया और तब तक अपने पैरों से उसे दबोचे रहे जब तक प्लेन सकुशल नीचे नहीं उतार गया। चींखे सुनकर सबसे पहले पहुंचे एक अन्य इकलौते डॉक्टर यात्री डेन्टिस्ट शोटा मुसाएव ने बेहद नाजुक हालात मे पहुंचे कैप्टन स्मित के सिर और हाथों से बह रहे खून को रोका और लेंडिंग तक कैप्टन के स्वास्थ्य पर नजर बनाएँ रखी। मौत से बेखौफ, ये एक स्वतः स्फूर्त सामूहिक संकल्प था जिसमे आतंक और अतिवाद से लड़ने की दृढ़ इच्छाशक्ति, स्पष्ट प्रण और प्रतिज्ञा यात्रियों मे दिखलाई दे रही थी।

इस बेहद खौफनाक हवाई यात्रा का सौभाग्य था कि इस यात्रा मे दो हवाई पायलट यात्री के रूप मे इस प्लेन मे हवाई यात्रा कर रहे थे जिन्होने पायलट स्मित के निदेर्शानुसार कॉकपिट को सम्हाल लिया और सऊदी अरब के शहर तबुक मे 12.51 बजे सुरक्षित आपात लेंडिंग कराई। इस तरह मौत के भय, अकाल और असमय मृत्यु के खौफनाक दरवाजे पर खड़े, 174 यात्रियों की 3 घंटे 53 मिनिट की आतंक के साये मे उड़ी हवाई यात्रा का डरावना, खौफनाक, भयानक दिल दहलाने वाले मंजर का बिना किसी जनहानि के अच्छा सुखांत हुआ।

इस घटना की खबर जंगल मे आग की तरह सारी दुनियाँ मे फैल गयी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार के साहस और सूझ बूझ की खुलकर तारीफ की। कॉकपिट का दरबाजा खोल मदद के लिए चिल्लाने पर उनकी प्रशंसा की और उन्हे नायक बताया। इस्त्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहाः असाधारण बहदुरी दिखाने वाले भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार को मेरा सलाम!, मै उनके स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। वह सच्चे नायक हैं। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार के धैर्य, साहस और सूझ बूझ की की सराहना करते हुए कहा कि, कैप्टन स्मित मच्छार ने अपनी जान की परवाह किए बिना 9/11 जैसे आतंकी हमले को नाकाम कर दिया। घायल होने के बाद भी हिम्मत नहीं हारी और यात्रियों की मदद से एक बड़ा विमान हादसा होने से बचा लिया। मोदी ने कहा कि कैप्टन स्मित मच्छार के साहसिक कृत्य से हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो गया। 140 करोड़ भारतीय उन्हे सलाम कर रहे हैं और उनके शीघ्र स्वास्थ्य की कामना कर रहे हैं। एक विडियो संदेश मे मोदी ने कैप्टन स्मित मच्छार के माध्यम से ठीक ही संदेश दिया कि हम भारतीय जान लेने वाले लोग नहीं है, हम जान बचाने वाले लोग हैं। ये स्पष्ट संदेश उन आतंकवादियों और उनका पालन पोषण करने वालों को एक खुला संदेश कि भारत की संस्कृति और सभ्यता सर्वे भवन्तु सुखिनः..... की राह पर चलने वाली है। देश विदेश के सभी बड़े राजनैतिक दलों और उनके नेताओं ने कैप्टन स्मित मच्छार की बहादुरी, साहस और सूझ बूझ की तारीफ की जिसने 174 लोगों की जान बचाकर आतंकी हमले को निष्फल कर दिया।

लोक विचार

जीते जी सेवा, यही सच्चा श्राद्ध




डॉ. प्रियंका सौरभ

श्रद्धा केवल मृतकों के लिए नहीं, जीवित माता-पिता के लिए भी होनी चाहिए। कौवे को भोजन कराना, ब्राह्मण को दान देना और धार्मिक अनुष्ठान करना अपनी जगह महत्वपूर्ण हो सकता है, लेकिन यदि घर में बैठी माँ भूखी है, पिता दवा के लिए किसी का इंतजार कर रहे हैं और बच्चे उनसे बात करने तक को तैयार नहीं, तो हमें अपने धर्म और कर्म के अर्थ पर पुनर्विचार करना चाहिए।

भारतीय संस्कृति में माता-पिता को देवतुल्य माना गया है। हमारे संस्कारों में माँ के चरणों में ममता, त्याग और करुणा का संसार दिखाई देता है, तो पिता के जीवन में परिश्रम, जिम्मेदारी और सुरक्षा की छाया। माँ-बाप अपने बच्चों के भविष्य के लिए अपनी इच्छाओं को पीछे छोड़ देते हैं। वे अपनी जरूरतें कम कर बच्चों की जरूरतें पूरी करते हैं। उनकी खुशियाँ बच्चों की मुस्कान में बसती हैं और उनका जीवन परिवार को सँवारने में बीत जाता है। लेकिन विडंबना यह है कि जिस उम्र में उन्हें सबसे अधिक प्रेम, सम्मान और सहारे की आवश्यकता होती है, उसी समय कई बुजुर्ग अपने ही घर में उपेक्षा के शिकार हो जाते हैं।

हमारे समाज में श्राद्ध, तर्पण और पितृपक्ष के दौरान पूर्वजों को याद करने की परंपरा है। लोग श्रद्धापूर्वक भोजन कराते हैं, दान देते हैं और धार्मिक कर्मकांड करते हैं। यह परंपरा हमारी सांस्कृतिक स्मृति और पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। लेकिन एक सवाल हमें अपने भीतर जरूर पूछना चाहिए—क्या उस श्रद्धा का अर्थ केवल मृत्यु के बाद के कर्मकांड तक सीमित है? यदि माँ-बाप जीवित हैं और उन्हें दो वक्त की रोटी, सम्मान के दो शब्द तथा अपनापन देने में हम पीछे हट जाते हैं, तो मृत्यु के बाद किया गया भव्य भोज हमारी संवेदनहीनता को कैसे ढक सकता है?

आज परिवारों में आर्थिक समृद्धि बढ़ी है, लेकिन कई जगह भावनात्मक समृद्धि कम होती दिखाई देती है। आधुनिक जीवन की भागदौड़, नौकरी, व्यवसाय और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के बीच माता-पिता के लिए समय निकालना कठिन समझा जाने लगा है। कई बुजुर्गों को घर में रहते हुए भी अकेलापन महसूस होता है। जिन पिता ने पसीना बहाकर घर बनाया, वही पिता बुढ़ापे में बेटे के व्यस्त जीवन में बाधा समझे जाने लगते हैं। जिन माताओं ने अपनी भूख दबाकर बच्चों को खिलाया, वही माँ कभी-कभी अपने ही घर में उपेक्षित हो जाती है।



सबसे पीड़ादायक स्थिति तब होती है जब जीवित माँ-बाप को ताने मिलते हैं, उनकी आवश्यकताओं को बोझ समझा जाता है और उनकी भावनाओं को महत्व नहीं दिया जाता। मृत्यु के बाद उनकी तस्वीर पर फूल चढ़ाने के लिए लंबी कतार लग जाती है। जीते जी जिनसे बातचीत करने का समय नहीं था, उनके लिए मृत्यु के बाद बड़े-बड़े आयोजन किए जाते हैं। यह विरोधाभास केवल पारिवारिक समस्या नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक संवेदना पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न है।

पिता का जीवन अक्सर परिवार के लिए संघर्ष की कहानी होता है। सीमित साधनों में उन्होंने बच्चों की शिक्षा, विवाह, घर और भविष्य की चिंता की। अपने सपनों को स्थगित कर बच्चों के सपनों को पूरा किया। माँ ने भी अपने जीवन का बड़ा हिस्सा परिवार की जरूरतों में लगा दिया। बीमारी में रात-रात भर जागना, बच्चों की छोटी-सी खुशी पर खिल उठना और कठिन समय में ढाल बनकर खड़ा होना—माता-पिता के प्रेम का कोई आर्थिक मूल्य नहीं हो सकता। इसलिए बुढ़ापे में उनका सबसे बड़ा अधिकार संपत्ति नहीं, बल्कि सम्मान और अपनापन है।

वृद्धाश्रमों की बढ़ती जरूरत भी हमें सोचने के लिए मजबूर करती है। हर वृद्धाश्रम बुरी व्यवस्था का प्रतीक नहीं है। कई बार परिस्थितियाँ ऐसी होती हैं कि बुजुर्गों को विशेष देखभाल की आवश्यकता पड़ती है। लेकिन जब वृद्धाश्रम इसलिए चुनना पड़े कि अपने ही बच्चों के पास माता-पिता के लिए समय, धैर्य या सम्मान नहीं है, तब समस्या गंभीर हो जाती है। जिस घर को माता-पिता ने अपने खून-पसीने से बसाया, उसी घर से उनका भावनात्मक विस्थापन हमारे पारिवारिक मूल्यों की परीक्षा है।

श्राद्ध का वास्तविक अर्थ केवल अन्न और दान में नहीं, बल्कि श्रद्धा में है। माँ-बाप की सेवा कोई एहसान नहीं है। यह उस ऋण को पूरी तरह चुकाने का प्रयास भी नहीं, जिसे किसी संतान के लिए चुकाना संभव नहीं। यह केवल कर्तव्य है—मानवीय कर्तव्य, पारिवारिक कर्तव्य और नैतिक कर्तव्य। उनके साथ कुछ समय बैठना, उनकी बातें सुनना, उनकी दवाओं का ध्यान रखना, उन्हें सम्मान देना, उनकी पसंद-नापसंद समझना और उनके अकेलेपन को बाँटना—ये छोटे-छोटे काम उनके लिए बहुत बड़ी खुशी बन सकते हैं।

हमें अपने बच्चों को भी यही संस्कार देने होंगे। वे वही सीखेंगे जो हमें करते देखेंगे। यदि बच्चे अपने दादा-दादी और नाना-नानी का सम्मान देखेंगे, तो उनके भीतर भी बुजुर्गों के प्रति संवेदना विकसित होगी। परिवार केवल एक छत के नीचे रहने का नाम नहीं है; परिवार वह भाव है जहाँ कमजोर पड़ते व्यक्ति को सबसे पहले सहारा मिलता है। मृत्यु के बाद फूल चढ़ाना आसान है, लेकिन जीवन रहते किसी के आँसू पोंछना कठिन।



हिमाचल की 9 घाटियां, जहां हर मोड़ पर बिखरी है जन्नत

हिमाचल प्रदेश सिर्फ बर्फीले पहाड़ों का नाम नहीं, बल्कि ऐसी खूबसूरत घाटियों की धरती है, जहां प्रकृति हर कदम पर अपना नया रंग दिखाती है। कुल्लू की देवभूमि से कांगड़ा की हरियाली, पार्वती की रोमांचक वादियों से स्पीति के शांत बौद्ध मठों तक, हर घाटी की अपनी अलग कहानी है। सोलंग में रोमांच, किन्नौर में सेब के बागान, सांगला में पहाड़ी संस्कृति और बरोट में सुकून आपका इंतजार करता है। अगर पहाड़ों के बीच कुछ यादगार पल बिताना चाहते हैं, तो हिमाचल की ये 9 घाटियां आपकी यात्रा को खास बना देंगी।

न्यूज ट्रेक

सऊदी अरब से रक्षा और सुरक्षा समझौता निभाएगा अमेरिका

वॉशिंगटन । अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि सऊदी अरब समर्थित यमनी सेनाएं हूती विद्रोहियों के हमले का जवाब दे रही हैं और ऐसे समय में अमेरिका, सऊदी अरब के साथ अपने रक्षा और सुरक्षा से जुड़े वादों को निभाएगा। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि वॉशिंगटन इस लड़ाई में हवाई सैन्य मदद देगा या नहीं। यूरोप रवाना होने से पहले वॉशिंगटन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान रुबियो ने कहा कि सऊदी अरब पर हूती विद्रोहियों ने हमला किया है और उसे अपनी रक्षा करने का अधिकार है। रणनीतिक रूप से अहम जलडमरूमध्य के पास के इलाके को लेकर लड़ाई जारी है। जॉइंट बेस एंड्रयूज में पत्रकारों से बात करते हुए रुबियो ने कहा कि अमेरिका का सऊदी अरब के साथ रक्षा और सुरक्षा समझौता है और हम इसे निभाने का इरादा रखते हैं। उन्होंने कहा कि मैं इससे ज्यादा जानकारी पर चर्चा नहीं करूंगा।

असम और मणिपुर में भूकंप के झटकों से डोली धरती

गुवाहाटी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी की ओर से मंगलवार को जानकारी दी गई कि असम के नागांव जिले में 4.5 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, तड़के 4:23 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसका केंद्र जमीन में तकरीबन 33 किलोमीटर गहराई में था। भूकंप के झटकों से लोगों में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार, भूकंप की वजह से किसी भी जान-माल की कोई क्षति नहीं हुई है। वहीं, मंगलवार तड़के 4:27 बजे मणिपुर तामेंगलोंग में भी 2.9 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसका केंद्र जमीन में तकरीबन 12 किलोमीटर गहराई में था। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात 12:33 बजे मेघालय के पश्चिम खासी हिल्स में 3.1 की तीव्रता का भूकंप का झटका आया। इसका केंद्र जमीन में 5 किलोमीटर गहराई में था।

पंजाब में पराली जलाने पर सख्ती, 84 मामले आए सामने आए, 1.40 लाख का जुर्माना

पटियाला । पंजाब में धान की पराली जलाने के मामलों पर प्रशासन सख्त हो गया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की 5 अक्टूबर तक की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में अब तक पराली जलाने की 84 घटनाएं सामने आई हैं। रिपोर्ट के अनुसार इनमें से 78 मामलों में खेतों का निरीक्षण किया गया। भौतिक जांच के दौरान 30 जगहों पर पराली जलाने की पुष्टि हुई है। प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए 28 मामलों में पर्यावरणीय मुआवजा लगाया है। इसकी कुल राशि 1.40 लाख रुपए है, जिसमें से अब तक 55 हजार रुपए वसूले जा चुके हैं। इसके अलावा 13 मामलों में किसानों के फार्म रिकॉर्ड में रेड एंट्री की गई है और एक मामले में एफआईआर भी दर्ज की गई है। नोडल और सुपरवाइजरी अधिकारियों ने 36 जगहों पर चेतावनी और शो-कॉज नोटिस जारी किए हैं।

राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा से समझौता नहीं करेगा ईरान-विदेश मंत्री अराघची

तेहरान। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन और विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने तेहरान दौरे पर आए आर्मेनिया के विदेश मंत्री अरारत मिर्जोयान से अलग-अलग मुलाकात की। दोनों ने कहा कि ईरान अपने राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है। ईरानी राष्ट्रपति कार्यालय की वेबसाइट पर जारी बयान के अनुसार, सोमवार को मिर्जोयान के साथ मुलाकात में पेजेश्कियन ने अमेरिका की आलोचना की। उन्होंने कहा, ऐसे दुश्मन के साथ बातचीत का कोई मतलब नहीं है, जो हर दिन हत्या, प्रतिबंध, दबाव और धमकियों का सहारा लेता है और अपने वादे तोड़ता है। अब तक बातचीत के बाद अमेरिका ने हम पर तीन बार हमला किया है। इससे साफ है कि वे बातचीत नहीं चाहते, बल्कि उनका मकसद ईरान की इस्लामी गणराज्य की व्यवस्था को गिराना है।÷ समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, पेजेश्कियन ने कहा कि 28 फरवरी को दक्षिणी ईरान के मिनाब शहर के एक स्कूल में 168 मासूम बच्चों की मौत पर वॉशिंगटन के पास कोई जवाब नहीं है।

ज्योति बोलीं- पवन सिंह पावर-पोजिशन का फायदा उठा रहे

बार-बार बुलाने पर भी कोर्ट नहीं आते; उनका पर्सनल नंबर तक मेरे पास नहीं

पटना। भोजपुरी एक्टर पवन सिंह और उनकी पत्नी ज्योति सिंह के बीच तलाक का केस चल रहा है। 5 अक्टूबर को यूपी के बलिया कोर्ट में पवन सिंह को हाजिर होना था, लेकिन वो नहीं पहुंचे। कोर्ट को बताया गया कि उनकी मां की तबीयत खराब है।

पवन सिंह के कोर्ट नहीं पहुंचने पर पर बलिया की कोर्ट ने 1 हजार का जुर्माना लगाया है। वह सोमवार को पत्नी के भरण-पोषण केस में तारीख पर नहीं पहुंचे थे।

बलिया कोर्ट ने पवन सिंह को अगली सुनवाई पर व्यक्तिगत रूप से पेश होने का अंतिम मौका दिया है। मामले की अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी। वहीं, कोर्ट ने समय पर सबूत न देने के मामले में पवन सिंह की पत्नी ज्योति पर भी 500 रुपए का हर्जाना भी लगाया है।

पवन सिंह की पत्नी ज्योति 9 सितंबर को हुई पिछली सुनवाई में भी कोर्ट पहुंची थीं। जबकि, पवन सिंह के न आने पर कोर्ट ने 1 हजार रुपए का जुर्माना लगाया था। अगली सुनवाई पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया था।

सुनवाई के बाद ज्योति सिंह ने बातचीत में कहा- मेरे पिता की तबीयत खराब रहती है। मुझे बार-बार कोर्ट आने में परेशानी होती है।





ज्योति बोलीं- पवन बार-बार बुलाने पर भी कोर्ट नहीं आते

सुनवाई के बाद ज्योति सिंह ने बातचीत में कहा- पवन सिंह को बार-बार कोर्ट बुलाया जाता है, लेकिन वह पेश नहीं होते। इससे मुझे काफी परेशानी होती है। मेरे पिता की तबीयत भी ठीक नहीं है। मैं खुद भी बलिया में नहीं रहती हैं। हर तारीख पर मुझे बाहर से बलिया आना पड़ता है। पवन सिंह अपने पावर और पोजिशन का फायदा उठाते हैं।

ज्योति ने कहा- मेरे पास तो पवन सिंह का पर्सनल नंबर तक नहीं

पवन सिंह की मां की तबीयत खराब होने की जानकारी पर ज्योति ने कहा- इसके बारे में सोशल मीडिया से पता चला। उन्होंने पवन सिंह के नंबर पर फोन किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। उनके पास पवन सिंह का पर्सनल मोबाइल नंबर भी नहीं है। ज्योति ने अपने भाई को सास की तबीयत की जानकारी लेने के लिए भेजा था। भाई से मिली जानकारी के अनुसार, उनकी सास अब ठीक हैं। वह अस्पताल से डिस्चार्ज होकर घर आ गई हैं। ज्योति सिंह ने बताया कि पवन सिंह से उनकी आखिरी बातचीत लोकसभा चुनाव के दौरान हुई थी। चुनाव प्रचार के समय दोनों के बीच बातचीत हुई थी।

अब पवन सिंह और ज्योति सिंह के तलाक का पूरा केस जानिए

ज्योति, पवन सिंह की दूसरी पत्नी हैं। दरअसल, पवन सिंह की पहली शादी 2014 में नीलम सिंह से हुई थी। शादी के एक साल बाद ही नीलम ने सुसाइड कर लिया था। इसके 3 साल बाद 6 मार्च 2018 को पवन सिंह ने ज्योति से यूपी के बलिया में शादी की। शादी के कुछ महीने बाद ही दोनों के रिश्तों में खटपट शुरू हो गई।

ज्योति ने मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न तथा दो बार गर्भपात करवाने का आरोप लगाया। पवन सिंह ने इन आरोपों को खारिज किया। अप्रैल 2022 में ज्योति सिंह ने तलाक के लिए अर्जी दाखिल की। पवन सिंह ने भी आरा फैमिली कोर्ट में तलाक की अर्जी लगाई। 11 फरवरी को सुलह की कोशिश के लिए कोर्ट में दोनों को हाजिर होना था, लेकिन पवन सिंह तबीयत खराब होने के कारण उपस्थित नहीं हुए।

हरीश रावत का कांग्रेस पर सीधा सवाल-

संगठन का कोई कार्यक्रम नहीं, फिर मेरी यात्रा से कमजोरी कैसे?

नैनीताल, एजेंसी

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने एक बार फिर अपनी ही पार्टी के संगठन और जमीनी गतिविधियों को लेकर सवाल खड़े किए हैं। अपनी 'धन्यवाद एवं जनसंवाद यात्रा' को लेकर उठे सवालों पर



सफाई देते हुए रावत ने कहा कि उनकी यात्रा को गलत तरीके से समझा गया। इसी कारण उन्होंने आगे होने वाली 8 से 10 सभाओं को स्थगित करने का निर्णय लिया है। हालांकि, उन्होंने पार्टी की मौजूदा सक्रियता पर भी सवाल उठाते हुए पूछा कि जब कांग्रेस का कोई संगठित कार्यक्रम ही नहीं चल रहा है तो उनकी यात्रा से पार्टी के कार्यक्रमों में कमजोरी कैसे आ रही है?हरीश रावत ने सामाजिक माध्यम पर साझा की गई अपनी पोस्ट में कहा कि वह 7 अक्टूबर को कांग्रेस की वरिष्ठ नेता कुमारी शैलजा से मुलाकात करेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एक दिन की यात्रा को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल से वह पहले ही क्षमा मांग चुके हैं। रावत ने कहा कि उनकी यात्रा का उद्देश्य पार्टी को कमजोर करना नहीं, बल्कि जनता से संवाद स्थापित करना था।

जिलों से गांवों तक अभियान की कमी

रावत ने कांग्रेस की जमीनी गतिविधियों को लेकर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में कहीं-कहीं एक-दो प्रदर्शन जरूर हो रहे हैं और वह स्वयं भी उनमें शामिल होते हैं, लेकिन जिलों, विकासखंडों, सड़कों और ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस का कोई संगठित जनसंपर्क अभियान दिखाई नहीं दे रहा है।

लखनऊ एयरपोर्ट परिसर में लगी आग दो मजदूर झुलसे; दो किमी तक दिखा धुआ

लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट परिसर में मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे मजदूरों की लेबर कॉलोनी में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में लपटें और धुआं दूर से दिखाई देने लगा। हादसे के बाद मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के मुताबिक, एयरपोर्ट परिसर में टाटा प्रोजेक्ट्स की ओर से मजदूरों के रहने के लिए पीवीसी पैनल से तीन मंजिला आवास बनाया गया था। इसमें करीब 352 मजदूर रह रहे थे। बताया गया कि सुबह एक मजदूर सिलेंडर से खाना बना रहा था, तभी अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग फैलने से पहले ही सभी मजदूरों को आवास से सुरक्षित बाहर निकाल लिया



गया। हालांकि सामान निकालने की कोशिश में निर्मल और राहुल नाम के दो मजदूर झुलस गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलते ही दमकल की नौ गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से ग्राउंड

सीईसी का पुतला फूंकना सपा नेताओं को पड़ा भारी, जिलाध्यक्ष समेत 9 पर मुकदमा दर्ज

कौशाम्बी, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के कौशाम्बी जिले में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के सांकेतिक पुतले को जलाकर प्रदर्शन करना समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को भारी पड़ गया। पुलिस ने मंझनपुर चौराहे पर प्रदर्शन, सड़क पर यातायात बाधित करने, नारेबाजी और पुतला दहन के आरोप में सपा जिलाध्यक्ष दयाशंकर यादव समेत नौ नामजद लोगों और अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि प्रदर्शन के दौरान मुख्य



मार्ग पर आवागमन प्रभावित हुआ और पुतला जलाए जाने के बाद मौके पर धुआं और अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। दरअसल, 5 अक्टूबर को समाजवादी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में मंझनपुर चौराहे पर प्रदर्शन किया था। कार्यकर्ता सपा कार्यालय से नारेबाजी करते हुए चौराहे तक पहुंचे।

ललन सिंह ने वही किया,जो पार्टी के लिए बेहतर था

अनंत सिंह-नीरज विवाद पर बोले संजय झा; भगवान कुशवाहा ने कहा- एक ही एमएलए छटके हैं

पटना। जदयू विधायक अनंत सिंह की बगावत से पार्टी का अंदरूनी घमासान चरम पर है। पटना स्नातक सीट से जदयू उम्मीदवार नीरज कुमार को हराने और जनसुराज के अनुज सिंह को जिताने पर अड़े अनंत सिंह को समझाने का जिम्मा ललन सिंह को दिया गया।

ललन सिंह ने अनंत सिंह से बात की। अनंत ये साफ कर दिया किया वो नीरज कुमार के पक्ष में प्रचार नहीं करेंगे। पिछले चुनाव में नीरज ने अनंत को हराने की पूरी कोशिश की थी, अनंत उसी का बदला ले रहे हैं। तब नीरज पर कार्रवाई न करना पार्टी की बड़ी चूक थी। ललन सिंह ने यह भी दावा किया कि अब अनंत सिंह पार्टी के फैसले को लेकर खुल्लेआम बयान नहीं देंगे।

ललन सिंह के बयान पर संजय झा ने कहा, ÷ललन बाबू ने जो किया, वह पार्टी के बेस्ट इंटरेस्ट का काम उन्होंने किया है, बस अभी इतना ही है। वहीं अनंत सिंह और नीरज विवाद पर ललन सिंह के बयान पर विजय चौधरी ने कहा है कि ललन सिंह रास्ता बताया है। ललन सिंह के संज्ञान में जो बातें आई ।उन्होंने पार्टी के संज्ञान में उसे लाया है। उन्होंने मामले को सुलझाने का प्रयास किया है। हम ललन सिंह को धन्यवाद देते हैं। पार्टी को लग रहा है ललन सिंह की कोशिश के बाद विवाद खत्म होने की ओर है। उन्होंने रास्ता भी बताया है। पार्टी इन सब चीजों को देख रही है।

भगवान कुशवाहा बोले- एक ही विधायक छिटके हैं, लौट आएंगे

मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि ललन बाबू ने कहा है कि सब ठीक हो जाएगा।



285 रूरमें एक ही रूरन छटके हैं। हमको लगता है कि वे आ जाएंगे। नीरज कुमार नहीं हारेंगे।

बहुत सारे ऐसे मामले होते है, जिसमें पॉलिटिकल पार्टी कुछ नहीं बोलना और करना पसंद करती है। सब एकजुट हैं।

देर शाम सीएम आवास पर संजय झा, मंत्री विजय कुमार चौधरी और अशोक चौधरी के साथ बैठक हुई। इसमें अनुशासन कायम रखने और विवाद सुलझाने पर बात हुई।

राजद बोली- दो लोग जदयू को खत्म कर देंगे

जदयू में चल रही खींचतान पर सियासत भी तेज है। राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता भाई वीरेंद्र ने कहा, दो लोग जदयू को खत्म करने में लगे हैं। सेंध लगाई गई है, पार्टी कब धराशाई होगी, यह आगे-आगे देखते जाइए। मै नीतीश कुमार और निशांत कुमार से कहता हूं...जाग जाग पार्टी की रक्षा करिए। नीतीश कुमार जी होशियार हो जाइए।

अब जानिए पूरे विवाद पर ललन सिंह ने क्या कहा

5 अक्टूबर की सुबह पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ललन सिंह से उनके पटना स्थित आवास पर मुलाकात की। 20 मिनट तक बंद कमरे में दोनों में बातें हुईं। इसके बाद दिल्ली जाते वक्त केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन (ललन) सिंह ने पटना एयरपोर्ट पर कहा

'आज मैंने अनंत सिंह से बात की है। उनकी कुछ शिकायतें हैं। उनका (अनंत सिंह) कहना है कि जब नीतीश सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया था तब मैं आरजेडी में होते हुए भी नीतीश सरकार के समर्थन में था। मेरी पत्नी ने नीतीश सरकार को सपोर्ट किया था।

समर्थन के पीछे एक वजह थी, नीतीश कुमार का सम्मान। समर्थन देने के बाद जब वो नीतीश से मिलने गए थे तब नीतीश कुमार ने कहा था आप मोकामा से लड़िए। लेकिन जब वो चुनाव लड़े तो कई तरह का दुष्प्रचार किया गया।

पाकिस्तान में 60 लड़कियों के फोन लेकर फरार हुए ठग

नौकरी का झांसा देकर बुलाया, सभी के मोबाइल जमा कराए, फिर बाइक से भाग निकले







कराची। पाकिस्तान के कराची में ठग नौकरी का झांसा देकर कम से कम 60 लड़कियों के मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। ठगों ने सोशल मीडिया और वॉट्सऐप ग्रुप के जरिए उन्हें एक कार्य म में स्टॉल संभालने का काम दिया था।

30 सितंबर को सभी को कराची के बाहर एक फार्महाउस ले जाया गया, जहां कंपनी पॉलिसी का हवाला देकर उनके मोबाइल जमा करा लिए गए। कुछ देर बाद ठग मोबाइल से भरा बैग लेकर बाइक से भाग निकले।

पुलिस ने मंगलवार को बताया कि मुख्य आरोपी अब भी फरार है। उसके दो भाइयों को पुलिस थाने लाई है, जबकि एक महिला साथी को भी हिरासत में लिया गया है।

रोज 2 हजार पाकिस्तानी रुपए देने का वादा

स्थानीय पुलिसकर्मी मुहम्मद अली ने बताया कि सभी लड़कियां नौकरी की तलाश में थीं और मिडिल-क्लास परिवारों से आती हैं।

उन्हें एक हफ्ते तक काम करने के लिए रोजाना 2,000 पाकिस्तानी रुपए और दूसरी सुविधाएं देने का वादा किया गया था।

उन्हें बताया गया था कि कराची के बाहर एक गेटेड कम्युनिटी में कार्य म होगा, जहां उन्हें स्टॉल लगाने हैं।

कार्यक्रम की जगह फार्महाउस ले गए

30 सितंबर को लड़कियों को बहरिया टाउन ले जाने के बजाय कराची के बाहरी इलाके में स्थित एक फार्महाउस ले जाया गया। इससे कुछ लड़कियां घबरा गईं।

एक पीड़िता ने बताया कि मुख्य आरोपी और उसका साथी सामान्य तरीके से पेश आए। उन्होंने कहा कि फार्महाउस में महिला कोऑर्डिनेटर से मुलाकात होगी और दोपहर के खाने के बाद सभी को बहरिया टाउन ले जाकर स्टॉल लगाने हैं।

इसके बाद मुख्य आरोपी ने कंपनी पॉलिसी का हवाला देकर सभी लड़कियों के मोबाइल जमा करा लिए। उसने कहा कि काम खत्म होने के बाद फोन वापस कर दिए जाएंगे।

मुख्य आरोपी गुजरांवाला में छिपा

मुहम्मद अली ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में मोबाइल फोन लेकर फरार होने का ऐसा मामला उन्होंने पहली बार देखा है। पुलिस मुख्य आरोपी की तलाश कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी कराची से भागकर गुजरांवाला चला गया है। उसके दो भाइयों को थाने लाया गया है। दोनों ने फोन पर उससे बात कर पुलिस के सामने सरेंडर करने के लिए कहा है।

पाकिस्तान का ड्रोन हमलों से बचने के लिए सस्ता तरीका: सेना-पुलिस के ठिकानों पर मछली पकड़ने वाला जाल लगा रहे, दावा- इसमें ड्रोन फंसकर फट जाएंगे

पाकिस्तान में ड्रोन हमलों से बचने के लिए पुलिस और सेना अब मछली पकड़ने वाले जाल का इस्तेमाल कर रही है। अल जजीरा के मुताबिक, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के संवेदनशील इलाकों में पुलिस चौकियों और सुरक्षा ठिकानों के ऊपर कई मीटर की ऊंचाई पर ये जाल लगाए जा रहे हैं।

ब्रीफ न्यूज

महाराष्ट्र: हिंगोली के पटाखा गोदाम में आग, दो की मौत

हिंगोली, आरएनएन। महाराष्ट्र के हिंगोली जिले में सोमवार रात पटाखों के गोदाम में आग लग गई। हादसा रात 8 बजे मारवाड़ी गली में हुआ। आग तेजी से फैली और पटाखे फटने से रुक रुककर धमाके हुए। इससे इलाके में दहशत फैल गई। आग से कुछ घर और गली में खड़े दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। यह पटाखा गोदाम गोपाल बस्तवार का बताया गया है। 2 लोगों के शव मिले हैं। बुरी तरह जल जाने के कारण उनकी पहचान नहीं हो पाई है। जबकि 7 लोग झुलस गए हैं।

शिप पर ड्रोन हमला, कप्तान की मौत, 11 का रेस्क्यू

लंदन, आरएनएन। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोमवार को दावा किया कि ब्लैक सी में तुर्किये के झंडे वाले एक मालवाहक शिप पर रूसी ड्रोन हमले के बाद आग लग गई। हमले में जहाज के कप्तान की मौत हो गई, जबकि चालक दल के 11 क्रू सदस्यों का रेस्क्यू किया गया। जहाज पर भारत, अजरबैजान के नागरिक भी सवार थे। जेलेंस्की ने बताया कि अविवादित जलक्षेत्र में तुर्किये के झंडे वाले और मक्का ले जा रहे एक जहाज पर दो रूसी ड्रोन ने भीषण हमला किया।

ट्रम्प ने ब्राजील के राष्ट्रपति चुनाव को भारत का बताया

वाशिंगटन, आरएनएन। यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में सुधार किया, जिसमें उन्होंने यूएस चुनावी प्रक्रिया को भ्रष्ट बताने के लिए ब्राजील के राष्ट्रपति चुनाव का जिक्र भारत के चुनाव के तौर पर किया था। ट्रम्प न सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर पहले एक पोस्ट में दावा किया कि भारत के राष्ट्रपति चुनाव में 12.5 करोड़ लोगों ने मतदान किया और मतदान खत्म होने के कुछ ही समय बाद परिणाम आ गए। बाद में उन्होंने अपनी गलती सुधार ली।

कांगो नदी में दो नावों की टक्कर, 30 की मौत, दर्जनों लापता

● किंशासा

कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में कांगो नदी पर रविवार को दो मोटर चालित लकड़ी की नावों के बीच हुई भीषण टक्कर में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग अब भी लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को हादसे की जानकारी दी।

इक्वेटर प्रांत के प्रांतीय गृह मंत्री क्रिस्पिन मपुतु के मुताबिक, यह नाव हादसा नगोंबे-लुकोलेला इलाके के पास हुआ। दुर्घटना के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है। मपुतु ने बताया कि हादसे में मारे गए 30 लोगों को दफना दिया गया है। दुर्घटना के बाद लापता लोगों की तलाश और संभावित जीवित बचे लोगों को खोजने के लिए अभियान जारी है। अधिकारियों के अनुसार, एक नाव उत्तर-पश्चिमी इलाके उबांगी से राजधानी किंशासा की ओर जा रही थी, जबकि दूसरी नाव किंशासा से लुकोलेला जा रही थी। दोनों नावों की टक्कर उस क्षेत्र के पास हुई, जहां से लुकोलेला पहुंचा जाता है।



सामान से ओवरलोड थी नाव

एक सुरक्षा बल के सदस्य, जिन्होंने नदी किनारे से इस हादसे को होते हुए देखने का दावा किया, ने एजेंसी को बताया कि उबांगी से लौट रही नाव सामान से ओवरलोड थी और उसकी टक्कर किंशासा से आ रही दूसरी नाव से हो गई। उन्होंने बताया कि नाव में सवार लगभग सभी यात्री पानी के नीचे फंस गए और नाव भी पूरी तरह डूब गई। उन्होंने पहचान उजागर न करने की शर्त पर यह जानकारी दी, क्योंकि उन्हें अपने वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति के बिना सार्वजनिक रूप से बोलने की अनुमति नहीं थी। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में इस तरह के नौका हादसे आम हैं। देर रात नावों का संचालन और क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाना अक्सर इन दुर्घटनाओं की प्रमुख वजहों में गिना जाता है। हाल के वर्षों में नाव हादसों में सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है।

अमेरिकी सैनिक को गोली मारकर मौत की सजा दी जाएगी

टेक्सास। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पूर्व अमेरिकी सैनिक निदाल हसन को गोली मारकर मौत की सजा देने का आदेश दिया है। पेंटागन ने सोमवार को इसकी जानकारी दी।

अगर हसन की सजा लागू होती है तो वह 1961 के बाद अमेरिकी सैन्य न्याय व्यवस्था के तहत मौत की सजा पाने वाला पहला व्यक्ति होगा। सैन्य व्यवस्था में आखिरी बार प्राइवेट जॉन ए. बेनेट को मौत की सजा दी गई थी।

हसन ने 2009 में टेक्सास के सैन्य अड्डे पर धार्मिक नारा लगाते हुए गोलीबारी की थी, जिसमें 13 लोगों की मौत हो गई थी। टेक्सास के फोर्ट हुड पर हसन के हमले के बाद अमेरिकी सैनिक अपने साथी को स्ट्रेचर पर ले जाते हुए।

नाइजीरिया में सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, 32 लोगों की मौत

● लागोस

नाइजीरिया का सैन्य हेलीकॉप्टर लागोस जाते समय एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क टूटने के बाद ओंडो राज्य में एक नेवल बेस के पास क्रैश हो गया। इसमें 25 यात्री और सात क्रू मेंबर सवार थे। हादसे में विमान में सवार सभी 32 लोगों की मौत हो गई।

नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टिनुबू ने इस बात की पुष्टि कर दी है। नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टिनुबू ने इस बात की पुष्टि कर दी है। राष्ट्रपति और वायु सेना के मुताबिक, यह यात्री विमान दक्षिणी नाइजीरिया के बेनिन सिटी से आर्थिक केंद्र लागोस की ओर सामान्य मिशन पर जा रहा था। इसी समय ओन्डो राज्य के इगबोकोडा में सुबह 9:00 बजे के बाद यह क्रैश हो गया। यह हाल के वर्षों में नाइजीरिया के सबसे खराब सैन्य विमान हादसों में से एक है और अधिकारियों द्वारा कारण की जांच किए जाने के साथ ही फ्लाइट सेफ्टी और आपरेशनल तैयारी की जांच और कड़ी होने की संभावना है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में दिखाया गया कि नदी के पास भीड़ जुटी हुई है।



यूएस ने ब्रिटेन के आरएएफ फेयरफोर्ड एयरबेस से हटाए सभी बमवर्षक विमान

● लंदन

अमेरिकी वायुसेना ने ब्रिटेन स्थित आरएएफ फेयरफोर्ड एयरबेस से अपने सभी रणनीतिक बमवर्षक विमानों को वापस बुला लिया है। अमेरिकी रक्षा विभाग ने रविवार को इस बात की पुष्टि की। अमेरिका ने इसे एक सामान्य सुरक्षा प्रक्रिया और वैश्विक पुनर्तैनाती का हिस्सा करार दिया है, लेकिन माना जा रहा है कि आतंकवादी हमले के खतरे के मद्देनजर उसने यह कदम उठाया है।

आतंकी हमले के खतरे के मद्देनजर उठाया यह कदम

ग्लोस्टरशायर स्थित इस अहम एयरबेस को 27 सितंबर को निशाना बनाने की साजिश रची गयी थी, जिसमें ब्रिटिश पुलिस ने विस्फोटकों और आतंकवाद के संदेह में पांच ब्रिटिश नागरिकों को गिरफ्तार किया था। इसके अलावा एक अक्टूबर को आतंकवादी कृत्य की तैयारी के संदेह में एक यूके-ईरानी नागरिक को भी गिरफ्तार किया गया। बाद में हालांकि सभी को जमानत पर रिहा कर दिया गया। ब्रिटेन के पीएम एंडी बर्नहैम ने घटना में ईरान का हाथ होने के मजबूत संकेत दिये थे, जिसे ईरान ने खारिज कर दिया है। फेयरफोर्ड बेस पर तैनात बी-1, बी-2 और बी-52 जैसे सभी बमवर्षक विमान अपने अमेरिकी गृह स्टेशनों पर लौट आये हैं। जल्दबाजी में हटाये गये कम से कम 12 बमवर्षकों में से कुछ विमान हाल ही में नियमित बारी आने पर वहां पहुंचे थे। आरएएफ फेयरफोर्ड यूरोप में अमेरिका के ग्लोबल स्ट्राइक कमान के लिए एक बेहद अहम अग्रिम परिचालन ठिकाना रहा है।

लंदन से यूएस जा रही फ्लाइट में इमरजेंसी अचानक 28000 फीट नीचे आ गया विमान

● लंदन

ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट बीए295 ने सोमवार को आयरलैंड के आसमान के ऊपर उड़ान भरते समय इमरजेंसी घोषित कर दी, क्योंकि विमान अपनी सामान्य ऊंचाई से तेजी से नीचे आने लगा। बोइंग 777 लंदन हीथ्रो से शिकागो जा रहा था, तभी आयरलैंड के ऊपर से गुजरते हुए यह लगभग 37,000 फीट की ऊंचाई से नीचे आकर करीब 9,000 फीट पर आ गया। फ्लाइट-ट्रैकिंग डेटा से विमान की ऊंचाई में आए इस बदलाव का पता चला। इसके बाद पायलट ने 7700 आपात कोड जारी किया। एक घंटे बाद विमान वापस लंदन लौटा।



क्या है स्क्वॉक 7700 का मतलब

स्क्वॉक चार अंकों का एक कोड होता है जिसे हवाई जहाज का ट्रांसपोंडर एयर ट्रैफिक कंट्रोल को भेजता है। कोड 7700 का इस्तेमाल आम इमरजेंसी का संकेत देने के लिए किया जाता है। यह बस कंट्रोलर्स को बताता है कि क्रू को मदद और साफ रास्ते की जरूरत है।

नौसेना के पहले फ्लीट सपोर्ट शिप का आज कमीशन

नई दिल्ली, आरएनएन। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को हिंदुस्तान शिपयार्ड लि. में नौसेना के पहले फ्लीट सपोर्ट शिप (एफएसएस-1) का कमीशन करेंगे। सिंह एफएसइस-5 की कील रखेंगे व उन्नत स्लिपवे-4 तथा 300 टन क्षमता वाली गोलियथ क्रेन का उद्घाटन करेंगे। स्लिपवे-4 की लंबाई, भार वहन क्षमता बढ़ाई गई है। 300 टन के गोलियथ क्रेन के साथ यह शिपयार्ड को 45,000 टन तक के बड़े जहाज बनाने और उतारने में सक्षम बनाएगा।

जयशंकर बोले- भारत को नसीहत देने वाला अमेरिका नकल कर रहा

न्यूयॉर्क। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका से रिश्तों को लेकर कहा कि वह आतंकवाद पर भारत की चिंता नहीं समझता है। इसका असर रिश्तों पर पड़ता है। उन्होंने सोमवार को न्यूयॉर्क में एशिया सोसाइटी के एक कार्यक्रम में कहा, भारत ने कई दशकों तक अपने पड़ोसी देश की ओर से आतंकवाद का सामना किया है। अगर अमेरिका को इसकी गंभीरता समझ नहीं आती, तो रिश्तों पर असर पड़ता है। जयशंकर ने चीन और अमेरिका के बीच बढ़ रही दोस्ती को लेकर कहा कि अब अमेरिका एक साथ रूस, यूक्रेन और चीन जैसे देशों के साथ संबंध अच्छे कर रहा है। अब वह भारत का डिप्लोमेसी मॉडल अपना रहा है। पहले भारत की इसी नीति को लेकर अमेरिका में आलोचना की जाती थी। पूर्व अमेरिकी राजनयिक डेनियल रसेल ने एशिया सोसाइटी के कार्यक्रम में जयशंकर के साथ बातचीत की।

खतरा एक लैब कर्मचारी की बीमारी से मौत से मचा हड़कंप, 200 लोगों को किया क्वारंटाइन

रूस की प्रयोगशाला से लीक हुआ जानलेवा वायरस

● मास्को

रूस के साइबेरिया क्षेत्र में एक लैब कर्मचारी की गंभीर निमोनिया से हुई मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। बताया जा रहा है कि ये मामला इरकुत्स्क क्षेत्र के शेलेखोव शहर का है, जहां दार्या शिपिलोवा (28) महिला लैब कर्मचारी एंटी-प्लेग रिसर्च इंस्टीट्यूट में काम करती थी। उसकी मौत के बाद करीब 200 ऐसे लोगों की पहचान की गई है, जो उसके सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से संपर्क में आए थे। इन सभी लोगों को मेडिकल निगरानी और कुछ मामलों में आइसोलेशन में रखा गया है। महिला कर्मी की मौत के बाद हड़कंप मच गया है। सबसे बड़ी चिंता की बात ये है है कि महिला ने कथित तौर पर अस्पताल के डॉक्टरों को बताया था कि लैब में काम करने के दौरान उससे एक टेस्ट ट्यूब टूट गई थी। बताया जा रहा है कि उस ट्यूब में जीवित जैविक सामग्री मौजूद थी।



मृतक से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संपर्क वाले 197 लोग निगरानी में

इस घटना के बाद लगभग 197 लोगों को संभावित संपर्क के आधार पर मेडिकल निगरानी में रखा गया है। इनमें ऐसे लोग शामिल हैं, जिनका मृतक महिला से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संपर्क हुआ था। 100 से अधिक लोगों की निगरानी अस्पताल के वार्डों में की जा रही है। शेलेखोव जिला अस्पताल में संक्रमण को लेकर अतिरिक्त एहतियाती इंतजाम किए गए हैं। आसपास के कुछ स्वास्थ्य संस्थानों में भी बैन लगाए गए हैं। अधिकारियों का मुख्य उद्देश्य संभावित संक्रमित लोगों की जल्द पहचान करना है और अगर कोई संक्रमण सामने आता है तो उसे आगे फैलने से रोकना है।

रूस की स्वास्थ्य एजेंसी ने क्या कहा

रूस की उपभोक्ता संरक्षण और सार्वजनिक स्वास्थ्य निगरानी एजेंसी रोस्पोटरेब्नाडजोर ने बताया है कि एंटी-प्लेग संस्थान के एक कर्मचारी में अज्ञात कारण से निमोनिया का मामला सामने आने के बाद सैनिटरी और महामारी-रोधी कदम उठाए गए। एजेंसी के मुताबिक, इरकुत्स्क क्षेत्र में फिलहाल महामारी संबंधी स्थिति स्थिर है। संभावित करीबी संपर्कों को मेडिकल निगरानी में रखा गया है। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, निगरानी में रखे गए लोगों में बीमारी के लक्षण नहीं मिले हैं और जिन लोगों की जांच की गई है, उनकी रिपोर्ट भी नकारात्मक आई है।

न्यूमोनिक प्लेग का नाम क्यों आया

पूरे मामले में सबसे ज्यादा चर्चा न्यूमोनिक प्लेग को लेकर है। इसकी वजह महिला का एंटी-प्लेग रिसर्च सेंटर में काम करना और लैब में कथित तौर पर जैविक सामग्री के संपर्क में आने की बात है। न्यूमोनिक प्लेग येरसिनिया पेस्टिस नामक बैक्टीरिया से होने वाला प्लेग का गंभीर रूप है। यह ब्यूबोनिक प्लेग से अलग है क्योंकि इसमें संक्रमण मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है। अगर किसी व्यक्ति को न्यूमोनिक प्लेग होता है, तो संक्रमित व्यक्ति की सांस या खांसी से निकलने वाली बूंदों के जरिए दूसरे व्यक्ति तक संक्रमण पहुंच सकता है।

मेलोनी को अपनी आवाज चोरी होने की फिक्र

एआई से बचने के लिए ट्रेडमार्क आवेदन दिया, ऐसा करने वाली पहली वर्ल्ड लीडर

रोम। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने अपनी आवाज को गलत तरीके से इस्तेमाल होने से बचाने के लिए उसे ट्रेडमार्क कराने का आवेदन किया है। उनका यह कदम एआई डीपफेक के खतरे से बचने के लिए है।

मेलोनी ने यूरोपीय संघ के बौद्धिक संपदा कार्यालय में यह आवेदन किया है। आवेदन के साथ मेलोनी ने करीब 4 सेकंड की एक ऑडियो रिकॉर्डिंग जमा की है। इसमें वह इतालवी भाषा में दो बार कहती हैं- लो सोनो जॉर्जिया यानी मैं जियोर्जिया मेलोनी हूं।

मेलोनी की 2021 में आई आत्मकथा का नाम भी लो सोनो जॉर्जिया था यह वाक्य उनके राजनीतिक प्रचार से भी जुड़ा हुआ है। मेलोनी अपनी आवाज का ट्रेडमार्क कराने वाली पहली वर्ल्ड लीडर हैं।

एआई से आवाज की नकल कैसे होती है?

आवाज की रिकॉर्डिंग से। ढ सीखता है- एआई को किसी व्यक्ति की असली आवाज की रिकॉर्डिंग दी जाती है। वह उसके बोलने के तरीके, आवाज के उतार-चढ़ाव और उच्चारण को समझता है। फिर नई बातें उसी आवाज में बोली जा सकती हैं-एआई इस जानकारी के आधार पर उस व्यक्ति की आवाज जैसी नई रिकॉर्डिंग तैयार कर सकता है, भले ही उसने वह बात असल में कभी न कही हो।

विदेशी बाजारों की मजबूती से निवेशकों का भरोसा बढ़ा, खरीदारी का जोर

चार दिन बाद संभला बाजार, सेंसेक्स 473 अंक चढ़ा, निफ्टी में 133 अंक की रही तेजी

● मुंबई/ एजेंसी

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार चार कारोबारी सत्रों की गिरावट थम गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 472.77 अंक यानी 0.66 फीसदी की बढ़त के साथ 72,382.47 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स 431 अंक ऊपर 72,340.95 अंक पर खुला था और शुरुआती कारोबार में 722 अंक तक चढ़ गया। हालांकि, दोपहर बाद बिकवाली के कारण यह 71,840.18 अंक तक फिसल गया। इस तरह पूरे दिन सूचकांक में 791 अंकों का उतार-चढ़ाव रहा।



निफ्टी में भी मजबूती

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 133.80 अंक यानी 0.60 फीसदी बढ़कर 22,555.75 अंक पर बंद हुआ। लगातार चार सत्रों की गिरावट के बाद दोनों प्रमुख सूचकांकों में तेजी लौटी।

आईटीसी सबसे ज्यादा चढ़ा

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में 20 के शेयर बढ़त में रहे। आईटीसी का शेयर 4.49 फीसदी चढ़कर सबसे अधिक मजबूत रहा। इटरनल में 2.50 फीसदी, भारती एयरटेल में 2.38 फीसदी, बजाज फाइनेंस में 2.28 फीसदी, अडानी पोर्ट्स में 2.13 फीसदी और आईसीआईसीआई बैंक में 2.11 फीसदी की तेजी रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.72 फीसदी, एलएंडटी 1.48 फीसदी, एनटीपीसी 1.45 फीसदी, टाइटन 1.43 फीसदी, टीसीएस 1.40 फीसदी, मारुति सुजुकी 1.07 फीसदी और पावरग्रिड 0.92 फीसदी चढ़े। बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी बढ़त में बंद हुए।

एफएमसीजी शेयरों में खरीदारी

कारोबार के दौरान एफएमसीजी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद कंपनियों के शेयरों में अधिक खरीदारी देखी गई। निफ्टी एफएमसीजी सूचकांक 1.80 फीसदी मजबूत हुआ। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सूचकांक में 1.53 फीसदी और मीडिया सूचकांक में 0.92 फीसदी की तेजी रही। बैंकिंग, वित्त, रियल्टी तथा तेल एवं गैस समूह भी बढ़त में रहे। हालांकि स्वास्थ्य और फार्मा से जुड़े सूचकांकों में गिरावट रही।

मिडकैप-स्मॉलकैप भी चढ़े

वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों का असर निवेश धारणा पर दिखा। व्यापक बाजार में भी बढ़त रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.42 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.47 फीसदी चढ़ा। एनएसई पर कारोबार करने वाली 3,706 कंपनियों में 1,844 के शेयर गिरावट में और 1,745 बढ़त में रहे, जबकि 117 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

एचसीएल टेक में रही सबसे बड़ी गिरावट

दूसरी ओर, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 3.69 फीसदी टूट गया। एचडीएफसी बैंक 1.99 फीसदी, सन फार्मा 1.55 फीसदी, इंफोसिस 1.50 फीसदी और एशियन पेंट्स 1.43 फीसदी नीचे रहे। ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक और टाटा स्टील के शेयरों में भी गिरावट रही।

एशियाई बाजारों में तेजी

एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 2.40 फीसदी, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.31 फीसदी और हांगकांग का हैंगसेंग 0.28 फीसदी की बढ़त में बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार के दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.52 फीसदी और जर्मनी का डैक्स 0.25 फीसदी ऊपर कारोबार कर रहा था।

बैंकों में अतिरिक्त धनराशि बढ़ने तरलता प्रबंधन तेज किया

आरबीआई ने वीआरआरआर नीलामी से बैंकों से 2.10 लाख करोड़ रु. खींचे

दो चरणों में बैंकों से अतिरिक्त धनराशि वापस ली गई

● मुंबई/

बैंकिंग प्रणाली में भारी अतिरिक्त नकदी के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को दो एकदिवसीय परिवर्तनीय दर रिवर्स रेपो (वीआरआरआर) नीलामियों के जरिये प्रणाली से 2,10,192 करोड़ रुपये की नकदी निकाली। पहली नीलामी में केंद्रीय बैंक को दो लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के मुकाबले 2,10,688 करोड़ रुपये की बोलियां मिलीं। आरबीआई ने 5.24 फीसदी की भारित औसत दर पर 2,00,050 करोड़ रुपये स्वीकार किए।

दूसरी नीलामी में कम भागीदारी

दूसरी नीलामी में बैंकों की प्रतिक्रिया काफी कमजोर रही। इसमें 50,000 करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के मुकाबले केवल 10,142 करोड़ रुपये की बोलियां प्राप्त हुईं। केंद्रीय बैंक ने पूरी राशि स्वीकार कर ली।



अधिशेष नकदी 5.16 लाख करोड़ रुपए

पिछले दो महीनों के दौरान आरबीआई ने बैंकिंग प्रणाली में मौजूद अतिरिक्त नकदी को सोखने और एकदिवसीय मुद्रा बाजार की दरों को रेपो दर के अनुरूप बनाए रखने के लिए कई वीआरआरआर नीलामियां आयोजित की हैं। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, चार अक्टूबर तक बैंकिंग प्रणाली में करीब 5.16 लाख करोड़ रुपये की अधिशेष नकदी रहने का अनुमान है।

एफसीएनआर जमा से बढ़ी तरलता


बैंकिंग प्रणाली में नकदी की अधिकता का एक प्रमुख कारण बैंकों में एफसीएनआर (बी) जमा में हुई भारी वृद्धि है। इसके अलावा महीने के अंत में वेतन और पेंशन भुगतान समेत सरकारी खर्च बढ़ने से भी बैंकिंग प्रणाली में नकदी का प्रवाह बढ़ा है।

पतंजलि विवि में 52वां अभा प्राच्य विद्या सम्मेलन संपन्न

पंजीकरण की तारीख 10 अक्टूबर तक बढ़ी

भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक संदर्भों से जोड़ने का बनेगा व्यापक मंच

हरिद्वार। पतंजलि विश्वविद्यालय में होने वाले 52वें अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव ने चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान-परंपरा, संस्कृत, संस्कृति और प्राच्य विद्याओं के संरक्षण तथा वैश्विक प्रसार के लिए यह सम्मेलन महत्वपूर्ण अवसर है। विद्यार्थियों और शोधार्थियों के उत्साह को देखते हुए सम्मेलन के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 अक्टूबर कर दी गई है।



ज्ञान-विरासत पर होगा विमर्श : स्वामी रामदेव ने कहा कि भारतीय संस्कार, सभ्यता, योग, अध्यात्म, शास्त्र परंपरा और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत संस्कृत भाषा में संरक्षित है। सम्मेलन में संस्कृत और भारतीय संस्कृति का व्यापक संगम देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल विद्वानों के विचार-विमर्श तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि भारतीय ज्ञान-संपदा के वैज्ञानिक और व्यावहारिक पक्षों को सामने लाने के साथ नई पीढ़ी को अपनी परंपरा से जोड़ने का माध्यम बनेगा।

जीएसटी में परिवहन सेवाओं से जुड़े कर नियमों में मिल सकती है राहत

गाड़ी खरीद, मरम्मत पर मिल सकता है ज्यादा आईटीसी

● नई दिल्ली

जीएसटी परिषद की इस सप्ताह होने वाली बैठक में परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र से जुड़े कई प्रस्तावों पर चर्चा हो सकती है। इनमें 13 लोगों तक की क्षमता वाली यात्री गाड़ियों पर कारोबारियों को इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) देने का प्रस्ताव अहम है। ड्राइवर को भी इस क्षमता में शामिल किया जाएगा। वाहन के बीमा, सर्विस, मरम्मत और रखरखाव पर खर्च किए गए जीएसटी का क्रेडिट देने पर भी विचार है।

मौजूदा व्यवस्था में सीमित सुविधा

फिलहाल सामान्य तौर पर 13 लोगों तक की क्षमता वाली यात्री गाड़ियों पर आईटीसी नहीं मिलता। हालांकि, दोबारा बिक्री, यात्रियों को लाने-ले जाने या ड्राइविंग प्रशिक्षण जैसे निर्धारित कार्यों में इस्तेमाल होने पर इसकी अनुमति है। बीमा और रखरखाव संबंधी खर्च पर भी क्रेडिट सीमित है। प्रस्ताव मंजूर होने पर कंपनियों की वाहन रखने की लागत घट सकती है।

ट्रकों की बार-बार जांच पर रोक

दूसरे राज्यों में माल ले जाने वाले वाहनों की बार-बार जांच कम करने का भी प्रस्ताव है। किसी वाहन को तभी रोकने की व्यवस्था की जा सकती है, जब जांच का कोई खास कारण या सूचना हो। इसके लिए वरिष्ठ अधिकारी की पूर्व मंजूरी जरूरी हो सकती है। जरूरी दस्तावेज होने पर कई राज्यों से गुजरने वाले वाहन की केवल एक जगह जांच की जा सकती है। हालांकि, कुछ परिस्थितियों में जांच जारी रहेगी। माल पहुंचने वाले राज्य में खरीदार पर कर देय होने या जरूरी दस्तावेज नहीं होने की स्थिति में अधिकारी वाहन की जांच कर सकेंगे।

इलेक्ट्रिक वाहनों को भी समान व्यवस्था

यात्री परिवहन और वाहन किराये की सेवाओं में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए भी मौजूदा कर व्यवस्था स्पष्ट करने का प्रस्ताव है। अभी ऐसी सेवाओं में पांच फीसदी जीएसटी के साथ सीमित आईटीसी या 18 फीसदी जीएसटी के साथ पूरा आईटीसी लेने का विकल्प है।

खाद की खेप लाने वाली कंपनियों को मिल रही सरकारी मदद

● नई दिल्ली / एजेंसी

युद्ध संकट और समुद्री मार्गों पर बढ़ते जोखिम के बीच भारत तक खाद की खेप पहुंचाने की लागत बढ़ रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बढ़े हुए बीमा प्रीमियम से खाद लाने वाली शिपिंग कंपनियों पर दबाव बढ़ा है। इससे निपटने के लिए भारत ने शिपिंग इमरजेंसी फंड बनाया है। इसके जरिये खाद की खेप लाने वाली कंपनियों को बढ़े बीमा प्रीमियम का भुगतान करने में मदद दी जा रही है।

एक यूनिट पर 2,700 की सब्सिडी

सीतारमण के मुताबिक भारत अपनी करीब 80 फीसदी उर्वरक जरूरत आयात से पूरी करता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें बढ़ने के बावजूद सरकार किसानों पर इसका पूरा बोझ नहीं डाल रही है। कोविड महामारी के बाद से उर्वरक सब्सिडी पर सरकार का खर्च ऊंचे स्तर पर है। उन्होंने बताया कि आयात के समय यूरिया या डीएपी की एक यूनिट की लागत करीब 3,000 रुपये पड़ती है, जबकि किसानों से सिर्फ 300 रुपये लिए जाते हैं। बाकी करीब 2,700 रुपये सरकार सब्सिडी के रूप में वहन करती है।

एलएंडटी को मिले बिजली पारेषण के मेगा ऑर्डर

● नई दिल्ली / एजेंसी

निर्माण एवं अभियांत्रिकी क्षेत्र की कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को देश-विदेश में बिजली पारेषण के क्षेत्र में मेगा ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने सोमवार को बताया कि ये ऑर्डर उसके बिजली पारेषण एवं वितरण कारोबार को इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण कार्यों के लिए मिले हैं। इसके तहत वह इन देशों में पारेषण नेटवर्क को मजबूत करेगी और नवीकरणीय ऊर्जा को ग्रिड से जोड़ने में मदद करेगी। नयी परियोजनाएं मेगा ऑर्डर की श्रेणी में हैं, यानी 10,000 करोड़ रुपये से 15,000 करोड़ रुपये तक के हैं। सऊदी अरब में एलएंडटी को 380 केवी पारेषण और सबस्टेशन सेगमेंट में ऑर्डर मिले हैं। इन परियोजनाओं का मकसद पारेषण क्षमता बढ़ाना और नवीकरणीय ऊर्जा को ग्रिड तक पहुंचाना है, ताकि देश के बिजली ग्रिड में स्वच्छ ऊर्जा को शामिल किया जा सके।

खेती की लागत घटाने की दिशा में नई तकनीकी पहल

अब खेतों की डिजिटल जांच खुलीं नौ मृदा परीक्षण लैब

हरिद्वार। किसानों को उर्वरकों के संतुलित इस्तेमाल के प्रति जागरूक करने और खेती की लागत घटाने के लिए हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) ने नई पहल शुरू की है। कंपनी ने पतंजलि समूह की भरुआ एग्री साइंस द्वारा विकसित स्वचालित मृदा परीक्षण मशीन 'धरती का डॉक्टर' को अपनाया है। इसके तहत उत्तर प्रदेश और बिहार में नौ मृदा परीक्षण लैब स्थापित की गई हैं। किसान इन केंद्रों पर अपने खेत की मिट्टी की निशुल्क जांच करा सकेंगे।

किसानों को मिलेगी मुफ्त जांच सुविधा

12 मानकों की जांच

धरती का डॉक्टर मशीन मिट्टी के 12 प्रमुख मानकों की जांच करती है। इनमें पीएच, विद्युत चालकता, जैविक कार्बन, नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटैशियम, सल्फर, जिंक, आयरन, कॉपर, मैंगनीज और बोरॉन शामिल हैं। इनसे मिट्टी की अम्लीय या क्षारीय प्रकृति और पोषक तत्वों की स्थिति का आकलन किया जा सकता है। भरुआ एग्री साइंस के अनुसार, मशीन की जांच प्रक्रिया में औसतन करीब 40 मिनट लगते हैं।

जरूरत के मुताबिक खाद का इस्तेमाल : मृदा परीक्षण से किसान यह जान सकेंगे कि उनके खेत में कौन से पोषक तत्व पर्याप्त हैं और किनकी कमी है।

जुपिटर वैगन्स को उत्तराखंड में मिला बीईएसएस प्रोजेक्ट

नई दिल्ली, आरएनएन। जुपिटर वैगन्स लिमिटेड की ऊर्जा कारोबार इकाई जेईएम एनर्जी ने उत्तराखंड में 41 मेगावाट/102.5 मेगावाट घंटा क्षमता वाली स्टैंडअलोन बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) परियोजना हासिल की है।

कंपनी के मुताबिक, यह परियोजना उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) की टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के तहत मिली है। जुपिटर वैगन्स और माधव इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड की साझेदारी क्लस्टर सी में एल-1 बोलीदाता रही। परियोजना के तहत करीब 100 करोड़ रुपये की बीईएसएस प्रणाली की आपूर्ति और कमीशनिंग की जाएगी।

सेल ने पहली छमाही में किया रिकॉर्ड उत्पादन

हॉट स्टील का 102 लाख टन, क्रूड स्टील का 96 लाख टन और तैयार स्टील का 839 लाख टन उत्पादन कर बनाया कीर्तिमान

● नई दिल्ली / एजेंसी

भारतीय इस्पात प्राधिकरण (सेल) ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में उत्पादन का नया कीर्तिमान बनाया और विक्रय तथा दक्षता के मानकों पर भी नयी ऊंचाइयां हासिल की।

कंपनी ने बताया कि हॉट मेटल, क्रूड स्टील और तैयार स्टील के उत्पादन में उसने अब तक की किसी भी छमाही का रिकॉर्ड बनाया है। इस दौरान हॉट स्टील का उत्पादन 102 लाख टन, क्रूड स्टील का 96 लाख टन और तैयार स्टील का 839 लाख टन दर्ज किया गया। एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में इनमें क्रमशः



दो प्रतिशत, एक प्रतिशत और एक प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। साथ ही बिक्री के लिए उपलब्ध कुल इस्पात उत्पादन में तैयार स्टील उत्पादन की हिस्सेदारी बढ़कर 89.2 प्रतिशत हो गयी, जो अप्रैल-सितंबर 2025 में 86.8 प्रतिशत थी। बिक्री से प्राप्त शुद्ध आय बढ़ाने वाले उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कंपनी ने अप्रैल-सितंबर 2026 के दौरान सालाना आधार पर 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ लगभग 20 लाख टन हाई-एंड इस्पात उत्पादन किया है।

उत्पादन और बिक्री में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

कंपनी ने लौह अयस्क उत्पादन और लौह अयस्क विक्रय दोनों में ही अप्रैल-सितंबर के दौरान अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया। जहां लौह अयस्क उत्पादन में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई, वहीं इसी अवधि के दौरान लौह अयस्क विक्रय 190 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी के साथ 26.71 लाख टन हो गया।

बिजनेस न्यूज

डॉ. ए. के. द्विवेदी की पुस्तक कैंसर में होम्योपैथी सपोर्टिव एण्ड पॉलिएटिव कैंसर केयर का विमोचन

भोपाल। मध्यप्रदेश के वरिष्ठ होम्योपैथी चिकित्सक एवं डॉ. ए.के. द्विवेदी की पुस्तक कैंसर में होम्योपैथी सपोर्टिव एण्ड पॉलिएटिव कैंसर केयर का विमोचन किया गया। पुस्तक का विमोचन गोवा के राज्यपाल पुसापति अशोक गजपति राजू, मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत तथा केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीपाद येसो नाईक की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। कैंसर के प्रति जागरूकता, मरीजों की बेहतर जीवन-गुणवत्ता तथा सपोर्टिव एवं पॉलिएटिव केयर को केंद्र में रखकर लिखी गई इस पुस्तक में कैंसर से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं को सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया है। इसी अवसर पर आयोजित 17वीं पॉलिएटिव कैंसर कॉन्फ्रेंस भी संपन्न हुई, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन में डॉ. ए.के. द्विवेदी ने पॉलिएटिव एण्ड सपोर्टिव केयर थ्रू होम्योपैथी इन वायरस कैंसर्स विषय पर व्याख्यान दिया तथा कैंसर के एक मरीज का क्लिनिकल केस प्रस्तुत किया।

सैमसंग ने गैलेक्सी टैब एस12 सीरीज अल्ट्रा-थिन डिजाइन के साथ ग्रे और सिल्वर रंगों में उपलब्ध

भोपाल। सैमसंग ने सोमवार को बताया कि उसकी गैलेक्सी टैब एस12 सीरीज 7 अक्टूबर से भारत में उपलब्ध होगी। ग्रे और सिल्वर रंगों में आने वाले गैलेक्सी टैब एस12 अल्ट्रा और टैब एस12+ सैमसंग का अब तक का सबसे सक्षम और वर्सेटाइल टैबलेट एक्सपीरियंस देते हैं। इनमें अल्ट्रा-थिन डिजाइन के साथ नए स्तर की परफॉर्मेंस, लंबी बैटरी लाइफ और लेटेस्ट गैलेक्सी एआई मिलता है। गैलेक्सी टैब एस12 अल्ट्रा और टैब एस12+ में बड़े डायनैमिक एमोलेड 2एक्स डिस्प्ले हैं, जिनकी पीक ब्राइटनेस 1600 निट्स तक जाती है। 14.6-इंच वाले अल्ट्रा और 12.6-इंच वाले प्लस मॉडल में यूजर्स मल्टी विंडो लेआउट में स्क्रीन को तीन हिस्सों में बांटकर आसानी से मल्टीटास्किंग कर सकते हैं। जैसे, वे एक साथ लेक्चर स्ट्रीम कर सकते हैं, एआई असिस्टेंट इस्तेमाल कर सकते हैं। सिर्फ 5.1एमएम पतला गैलेक्सी टैब एस12 अल्ट्रा सैमसंग का अब तक का सबसे पतला गैलेक्सी टैब है, जबकि 5.3एमएम का गैलेक्सी टैब एस12+ भी लगभग उतना ही पतला है।

आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च की अपनी नई ब्रांड पहचान- 'हर कल आसान'

भोपाल। आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने सोमवार को अपनी नई ब्रांड पहचान और टैगलाइन- हर कल आसान की घोषणा की। आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस के मार्केटिंग, डिजिटल और बैंकेश्योरेंस प्रमुख, श्रीनिवास बालासुब्रमण्यन ने नई ब्रांड पहचान और टैगलाइन के बारे में कहा, आईसीआईसीआई नाम देश के लाखों लोगों के जीवन में भरोसे, मजबूती और वित्तीय पहुँच के प्रतीक के तौर पर विशेष स्थान रखता है। पिछले 25 साल में, हमें 20 करोड़ से ज्यादा भारतीयों के सपनों और भविष्य को सुरक्षित करने में मदद करने का सौभाग्य मिला है। इस सफर के दौरान, हमने भारत की शानदार तरक्की और लोगों की उम्मीदों में आए बड़े बदलाव देखे हैं। उन्होंने कहा, आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस का मानना है कि यह वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने के अनुभव को सरल, पारदर्शी, लचीला और आसान बनाने से जुड़े हमारे वादे को स्पष्ट करती है।

कौन बनेगा करोड़पति सीजन18 में फिल्म उड़ता तीर के प्रमोशन के लिए शो में पहुंचे आयुष्मान खुराना

भोपाल। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के कौन बनेगा करोड़पति सीजन 18, जिसकी मेजबानी महानायक अमिताभ बच्चन कर रहे हैं, में एक यादगार और पुरानी यादों से भरा पल देखने को मिला, जब अभिनेता आयुष्मान खुराना और सारा अली खान अपनी आगामी फिल्म उड़ता तीर के प्रमोशन के लिए शो में पहुँचे। अपने जन्मदिन के महीने का जश्न मनाते हुए, आयुष्मान खुराना ने कभी कभी मेरे दिल में की यादगार प्रस्तुति दी, जिसने अमिताभ बच्चन को सीधे उस दौर की यादों में पहुँचा दिया। इस पर उन्होंने कहा, बहुत खूब आयुष्मानजी। धन्यवाद, बहुत सारी पुरानी यादें ताजा करदी आपने। साथ ही साथ हम और एक फिल्म शूट कर रहे थे यशजी की जिसका नाम था दीवार। आयुष्मानजी और यकीन नहीं होता कि यशजी जो थे एक रोमांटिक किस्म के डायरेक्टर थे। आयुष्मान खुराना की दिल छू लेने वाली प्रस्तुति के लिए एक बार फिर अपना आभार व्यक्त करते हुए, अमिताभ बच्चन का जन्मदिन माह आयुष्मान खुराना और सारा अली खान ने खास अंदाज में मनाया।

चीनी, चावल, दालों समेत कई वस्तुओं के दाम बढ़े

नई दिल्ली,(एजेंसी)। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चीनी की औसत कीमत में तेजी देखी गई। चीनी के साथ चावल, गेहूं, दालों और खाद्य तेलों के दाम भी बढ़ गए।

मीठे के थोक बाजार में चीनी की औसत कीमत सात रुपये बढ़कर 5,108 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। वहीं, गुड़ की कीमत 18 रुपये घटकर 5,898 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। खुदरा बाजार में चीनी की औसत कीमत दो पैसे घटकर 55.28 रुपये प्रति किलोग्राम रह गयी। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 54 रुपये बढ़कर 4,205 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। गेहूं 2,888 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा।

रिपोर्ट


आने वाले महीनों में दूरसंचार सेवाओं पर बढ़ सकता है घरेलू बजट का बोझ

मोबाइल रिचार्ज होंगे महंगे, 15 फीसदी तक बढ़ सकते हैं टैरिफ

अगले चार से पांच महीनों में कंपनियां दरों में बदलाव कर सकती हैं

● नई दिल्ली

भारत में मोबाइल रिचार्ज और अन्य दूरसंचार सेवाएं एक बार फिर महंगी हो सकती हैं। सेंटरम इंस्टीट्यूशनल रिसर्च की एक रिपोर्ट के मुताबिक, देश की प्रमुख दूरसंचार कंपनियां अगले चार से पांच महीनों में मोबाइल टैरिफ में करीब 12 से 15 फीसदी तक बढ़ोतरी कर सकती हैं। ऐसा होने पर उपभोक्ताओं का मासिक रिचार्ज खर्च बढ़ जाएगा।



प्रति ग्राहक कमाई में भी सुधार

ग्राहकों की संख्या बढ़ने के साथ कंपनियों की प्रति ग्राहक औसत कमाई यानी एआरपीयू में भी वृद्धि की उम्मीद है। जियो का एआरपीयू करीब एक फीसदी बढ़कर 218 रुपये और एयरटेल का करीब दो फीसदी बढ़कर 269 रुपये प्रति माह हो सकता है। वोडाफोन आइडिया का एआरपीयू करीब 0.8 फीसदी बढ़कर 178 रुपये रहने का अनुमान है।

कम कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्धा

रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय दूरसंचार बाजार में अब कुछ ही बड़ी कंपनियां सक्रिय हैं। इसके चलते कीमतों को लेकर कंपनियों के बीच दबाव पहले की तुलना में कम हुआ है। मौजूदा बाजार परिस्थितियां टैरिफ बढ़ाने के लिए ज्यादा अनुकूल मानी जा रही हैं। इसी आधार पर आने वाले महीनों में 12 से 15 फीसदी तक दरें बढ़ने की संभावना जताई गई है।

जियो और एयरटेल की स्थिति मजबूत


रिपोर्ट में कहा गया है कि रिलायंस जियो और एयरटेल आगे भी अपने ग्राहक आधार का विस्तार कर सकती हैं। जुलाई-सितंबर तिमाही में जियो के करीब 80 लाख नए ग्राहक जुड़ने का अनुमान है। एयरटेल के ग्राहक आधार में करीब 30 लाख की वृद्धि हो सकती है। वहीं, वोडाफोन आइडिया के ग्राहकों की संख्या में करीब 10 लाख का इजाफा होने का अनुमान है।

5जी विस्तार से कारोबार को मिला सहारा

देश में 5जी सेवाओं का विस्तार भी दूरसंचार कंपनियों के कारोबार को सहारा दे रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, जियो और एयरटेल 95 फीसदी से अधिक जिलों में 5जी सेवा पहुंचा चुकी हैं। अब कंपनियों का जोर ज्यादा से ज्यादा 5जी फोन और अन्य उपकरणों को अपने नेटवर्क से जोड़ने पर है। वोडाफोन आइडिया भी करीब 200 शहरों में 5जी सेवा उपलब्ध करा चुकी है और नेटवर्क का विस्तार तेजी से किया जा रहा है।

टमाटर की उन्नत कृषि कार्यमाला





टमाटर अत्यंत ही लोकप्रिय तथा पोषक तत्वों से युक्त फलदार सब्जी है। जिसका उपयोग साल भर किया जाता है। सब्जी के अलावा उससे सूप, चटनी, सलाद, आदि के रूप में भी उपयोग किया जाता है। विटामिन व अन्य खाद्य पदार्थ उपयुक्त मात्रा में पाये जाते हैं।

⊙**भूमि**– टमाटर की खेती कई किस्मों की मिट्टी में की जाती है लेकिन अच्छी जल निकासी चिकनी मृदा तथा दोमट मिट्टी सर्वोत्तम है।

⊙**खेत की तैयारी** :– प्रथम जुताई मिट्टी पलटने वाले हल से करने के बाद 2–3 बार कल्टीवेटर या हैरो चलाना चाहिए ताकि भूमि की निचली कठोर परत टूट जाए। प्रत्येक जुताई के बाद पाटा चलाना चाहिए ताकि मिट्टी भुरभुरी हो जाए।

⊙**उन्नतशील किस्में** :– पूसा रूबी, पन्त टी–1 पंजाब छुआरा, अर्का विकास, पूसा अर्ली ड्वार्फ आदि।

⊙**बीज दर**:– देशी – 400–500 ग्राम/ हेक्टेयर

⊙संकर – 100 ग्राम / हेक्टेयर

⊙**पौध तैयार करना (नर्सरी)**:– वर्षा ऋतु में 10 सें.मी. ऊंची क्यारी तैयार कर उसमें बीज बोना चाहिए। बीज कतारों में बोना चाहिए।

⊙**बीजोपचार** :– बीज को बोने से पूर्व थायरम या बाविस्टिन से 2 ग्राम/ किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करना चाहिए।

⊙**बुआई का समय** :– खरीफ– जून–जुलाई, शीत –अक्टूबर– नवम्बर

⊙**रोपण** :– क्यारियों में जब पौधे 4 से 5 सप्ताह के हो जाएं या 7 से 10 सें.मी. के हो जाएं तब खेत में रोपित करना चाहिए। पौध रोपण के पश्चात् तुरन्त हल्की सिंचाई करनी चाहिए। एक स्थान पर एक ही पौधा लगाएं।

⊙**पौध अन्तरण**:– कतार से कतार की दूरी 75 सें.मी. एवं पौध से पौध की दूरी 60 सें.मी. रखना चाहिए।

⊙**उर्वरक की मात्रा** :– गोबर खाद 200 क्विंटल प्रति हेक्टेयर भूमि की तैयारी के समय मिलाना चाहिए। यूरिया 217 किलो प्रति हेक्टेयर, तीन भागों में देना चाहिए। पहला भाग, पौध रोपण के समय तथा दूसरा भाग एवं तीसरा भाग 30 दिन के अन्तर से देना चाहिए। एस.एस.पी. 500 किलो/ हेक्टेयर व पोटाश 100 किलो प्रति हेक्टेयर पौध रोपण के समय देना चाहिए।

⊙**सिंचाई** :– टमाटर में अधिक तथा कम सिंचाई दोनों ही हानिकारक हैं। शरद ऋतु में 10 से 12 दिन के अन्तर तथा गर्मी में 4–5 दिन के अन्तर में भूमि के अनुसार सिंचाई की जा सकती है।

⊙**निंदाई गुड़ाई** :– टमाटर की फसल को खरपतवारों से मुक्त रखने के लिए निरंतर निंदाई–गुड़ाई करते रहना आवश्यक है। गुड़ाई उथली करनी चाहिए जिससे जड़ों को नुकसान न पहुंचे। 30–40 दिन बाद पौधों पर मिट्टी चढ़ा देना चाहिए।

⊙**वृद्धि नियामकों का प्रयोग** :– वृद्धि नियामकों का प्रयोग फूलों को झड़ने से रोकने तथा बिना निषेचन के फलों को विकास के लिए उपयोगी सिद्ध हुआ है। पी. सी.पी.ए. 50–100 पी. पी. एम. (50–100 मि.ग्रा./ लीटर पानी में घोलना है) के घोल का छिड़काव लाभकारी होता है।

⊙**सहारा देना** :– ऊंचाई व मध्यम ऊंचाई वाली किस्मों को पेड़ की टहनियां (बांस) की सहायता से सहारा देना चाहिए, ऐसा करने से पौधे की वृद्धि अच्छी होती है, वर्षा ऋतु में फल तथा पेड़ सड़ते नहीं हैं। फलों का आकार बढ़ जाता है तथा पैदावार भी अधिक होती है।

⊙**फलों की तुड़ाई** :– टमाटर के फसल की तुड़ाई कई अवस्थाओं में की जाती है–

⊙ **कच्चे या हरे फल** :– टमाटर को अधपके हरे से गुलाबी पड़ने पर तब तोड़ा जाता है जब इसे दूर स्थित बाजारों में विपणन हेतु भेजना होता है।

⊙ **गुलाबी या हल्के लाल फल**:– टमाटर को गुलाबी या हल्के लाल होने की अवस्था में तब तोड़ा जाता है जब इसे स्थानीय बाजारों में भेजना होता है।

⊙ **पके हुए टमाटर** :– फलों का अधिकतम भाग लाल होता है व नरम होता है ऐसे फल घरेलू उपयोग या कच्चे सलाद खाने के काम आते हैं।

⊙**अधिक पके टमाटर** :– बीज उत्पादन के लिए लाल फल आदर्श माने जाते हैं। फल परीरक्षण के लिए भी अधिक पके टमाटर अच्छे माने जाते हैं।

गोभीवर्गीय में पोषक तत्वों की आवश्यकता

⊙**भूरापन या ब्राउनिंग** – यह समस्या गोभीवर्गीय फसलों में बोरान की कमी से होता है।

⊙**लक्षण** – भूरापन में शुरूआत में फूल में जल अवशोषित धब्बे पड़ जाते हैं, जो कि बाद में बड़े हो जाते हैं। इसके बाद तने में भी जल अवशोषित धब्बे पड़ते हैं तथा तना अंदर से खोखला हो जाता है। यदि भूरापन का प्रकोप ज्यादा होता है तो पूरा फूल में कुछ दिन बाद गुलाबी या भूरे रंग के धब्बे पड़ जाते हैं।

⊙**उपचार** – बोरान की कमी को दूर करने के लिये 10–15 किलो बोरेक्स प्रति हेक्टर भूमि में पौध रोपण के समय देना चाहिए अथवा जब फसल खड़ी हो 0.1 प्रतिशत बोरेक्स घोल का छिड़काव करना चाहिए प्रथम छिड़काव पौध रोपण के दो सप्ताह पश्चात और दूसरा छिड़काव फूल बनने से दो सप्ताह पहले करना चाहिए।

⊙**व्हिपटेल** – यह लक्षण गोभीवर्गीय फसलों में मालीब्डिनम नामक तत्व की कमी के कारण होता है।

⊙**लक्षण** – मुख्यत: मालीब्डिनम की कमी अम्लीय भूमि में हो जाती है अर्थात् मालीब्डिनम अनुपलब्ध रूप से हो जाता है, जिससे पौधे इस तत्व का अवशोषण नहीं कर पाते और व्हिपटेल के लक्षण दिखाई देते है, इसमें शुरूआत में पौधे की वृद्धि रुक जाती है और पत्तियाँ सिकुड़ कर सफेद पड़ने लगती हैं तथा कुछ दिन बाद पत्तियां अपना आकार खो देती हैं और मिडरिब के अलावा शेष भाग सूख जाता है, जिसके कारण इसे सामान्यत: व्हिपटेल कहा जाता है।

⊙**उपचार** – मालीब्डिनम की कमी को दूर करने के लिए अम्लीयता कम करने के उद्देश्य से 50–70 क्विंटल बुझा चूना प्रति हेक्टर खेत की तैयारी के समय भूमि में मिला देना चाहिए। इसके साथ ही पौध रोपण के पहले 2.5 से 5 किलो सोडियम मालीब्डेट प्रति हेक्टर भूमि में मिला देना चाहिए अथवा खड़ी फसल में 0.05ज सोडियम मालीब्डिट घोल का पौधों पर छिड़काव करना चाहिए।





⊙**बटनिंग** – बटनिंग की समस्या गोभी वर्गीय फसलों के कई कारणों से होती है जैसे अधिक उम्र के रोप के कारण, नाइट्रोजन की कमी के कारण या समय के अनुसार उचित किस्मों को ना लगाने से ऐसा होता है।

⊙**लक्षण** – फूलों का विकसित ना होकर छोटा रह जाना बटनिंग कहलाता है। इसमें फूलों का आकार छोटा हो जाता है तथा कम विकसित पत्तियाँ होती हैं।

⊙**उपचार** – बटनिंग को रोकने के लिये अगेती या पिछेती किस्में अनुशंसित समय पर ही लगाएं, पौधे की वृद्धि चाहे वह नर्सरी में हो या खेत में नहीं रूकनी चाहिए। अधिक सिंचाई न करें। जो पौधा नर्सरी में अधिक दिन के हो उन्हें खेत में न लगाएं और नाइट्रोजन की उचित मात्रा पौधों को समय–समय पर दें।

⊙**रेसीयनेस** – रेसीयनेस के लक्षण मुख्यत: वातावरण में अनुकूल तापमान की कमी, अधिक नाइट्रोजन देने के कारण तथा अधिक आर्द्रता के कारण होती हैं।

⊙**लक्षण** – समय से पूर्व अविकसित कली को रेसीयनेस कहते हैं। इसमें फूल की ऊपरी सतह ढीली पड़ जाती है तथा सफेद छोटी कलिका बन जाती है।

⊙**उपचार** – रेसीयनेस से उपचार के लिये उचित किस्म का चयन करें, समय पर पौधों की रोपाई करें, नाइट्रोजन की उचित मात्रा का प्रयोग करें तथा प्रतिरोधी किस्मों का चयन करें।

⊙**अन्धता** – अन्धता गोभीवर्गीय फसलों से पौधे की वृद्धि के शुरूआत मुख्य कलिका में कीट के प्रकोप के कारण तथा वातावरण में तापमान में कमी होने वाला पाला पड़ने के कारण होता है।

⊙**लक्षण** – अन्धता में पौधे की मुख्य कलिका कीट के कारण क्षतिग्रस्त हो जाती है तथा इसके पत्ते बड़े, चमड़े जैसे मोटे और गहरे रंग के हो जाते हैं।

⊙**उपचार** – अन्धता की रोकथाम के लिए मुख्य कलिका को कीटों से क्षतिग्रस्त होने से बचाने के लिये कीटनाशक का प्रयोग करना चाहिए, उचित किस्म का चयन करना चाहिए।

वैभव को लेकर गंभीर का बड़ा बयान

बोले- प्रतिभा के बावजूद हर खिलाड़ी को करना पड़ता है मौके का इंतजार

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के साथ हुई बातचीत का खुलासा करते हुए कहा है कि शानदार फॉर्म और प्रतिभा के बावजूद किसी खिलाड़ी को कई बार अपने मौके का इंतजार करना पड़ता है। गंभीर ने स्पष्ट किया कि टीम की प्लेइंग इलेवन का फैसला सोशल मीडिया या बाहरी चर्चाओं के आधार पर नहीं, बल्कि टीम संयोजन, खिलाड़ियों के प्रदर्शन और मैच जिताने की क्षमता को ध्यान में रखकर किया जाता है।



गौतम गंभीर ने 'जियोस्टार' से बातचीत में बताया कि वैभव के साथ इस विषय पर उनकी बात हुई थी। गंभीर के मुताबिक, उन्होंने युवा बल्लेबाज को समझाया कि टीम में लंबे समय से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों की मौजूदगी में कभी-कभी प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी को भी अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि प्लेइंग इलेवन का चयन बाहर की चर्चाओं से प्रभावित नहीं होता। टीम प्रबंधन यह देखता है कि मौजूदा परिस्थितियों में कौन सा संयोजन टीम को मैच जिताने की सबसे बेहतर स्थिति में रख सकता है। गंभीर ने टीम चयन के पीछे की चुनौती को समझाते हुए कहा कि यदि वैभव को मौका देने के लिए ऐसे खिलाड़ी को बाहर किया जाता है, जिसने लंबे समय तक अच्छा प्रदर्शन किया है, तो ड्रेसिंग रूम में बातचीत मुश्किल हो सकती है। उन्होंने अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन का उदाहरण देते हुए कहा कि लगातार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अचानक बाहर नहीं किया जा सकता।

चोटों ने रोकी पोटापोवा की रफ्तार

करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के बाद 2026 सीजन किया खत्म

नई दिल्ली। रूस की टेनिस स्टार अनास्तासिया पोटापोवा ने चोटों और फिटनेस संबंधी परेशानियों के बीच अपना 2026 सीजन समय से पहले समाप्त करने का फैसला किया है। दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी ने कहा कि उनका शरीर लगातार आराम करने का संकेत दे रहा था। ऐसे में उन्होंने आगे के मुकाबलों में हिस्सा लेने के बजाय पूरी तरह रिकवरी पर ध्यान देने का निर्णय लिया है। पोटापोवा अब नए सीजन में पूरी तरह फिट होकर वापसी की तैयारी करेंगी।



पोटापोवा ने सोशल मीडिया के जरिए अपने फैसले की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि हाल के दिनों में उनका शरीर बार-बार उन्हें रुकने और आराम करने का संकेत दे रहा था। खिलाड़ी ने कहा कि उनके लिए यह साफ संकेत है कि अब ब्रेक लेकर शरीर को जरूरी समय देना चाहिए, ताकि वह मजबूती के साथ कोर्ट पर लौट सकें। उन्होंने अपने संदेश के अंत में 2027 में दोबारा मिलने की बात कही। पोटापोवा का यह फैसला बीजिंग टूर्नामेंट से हटने के कुछ दिन बाद आया है, जहां वह दाहिने कंधे की चोट के कारण सिन्जा क्रॉस के खिलाफ पहले दौर का मुकाबला नहीं खेल सकी थीं। पोटापोवा के लिए 2026 का सीजन कई मायनों में खास रहा।

न्यूजीलैंड दौरे पर टीम इंडिया में बड़े बदलाव के संकेत, चयन समिति में भी नया चेहरा

टेस्ट में मुकेश की होगी वापसी, आकाश को भी मिल सकता है मौका

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के न्यूजीलैंड दौरे को लेकर हलचल तेज हो गई है। टीम इंडिया को इस महीने के आखिर में न्यूजीलैंड का दौरा करना है, जहां पांच टी20, पांच वनडे और दो टेस्ट मैचों की लंबी श्रृंखला खेली जाएगी। दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान इसी सप्ताह होने की उम्मीद है। टीम चयन से पहले कई खिलाड़ियों की वापसी और नए चेहरों को मौका दिए जाने की चर्चा तेज हो गई है।

भारतीय टीम के चयन से पहले सबसे बड़ा सवाल चयन समिति को लेकर है। मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर का कार्यकाल 4 अक्टूबर को समाप्त हो चुका है, लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने अब तक उनके उत्तराधिकारी का ऐलान नहीं किया है। ऐसे में नए चयनकर्ता की नियुक्ति होने तक वरिष्ठ पुरुष चयन समिति चार सदस्यों के साथ ही काम कर सकती है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, पूर्व भारतीय स्पिनर प्रज्ञान ओझा इस चयन बैठक की कमान संभाल सकते हैं। हालांकि यह व्यवस्था कितने समय के लिए होगी, इसे लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। इसके बावजूद न्यूजीलैंड दौरे के लिए सभी प्रारूपों की मजबूत टीम घोषित किए जाने की संभावना है।

सीनियर खिलाड़ियों की होगी वापसी- न्यूजीलैंड दौरे की टीम में कई अनुभवी खिलाड़ियों की वापसी की उम्मीद है। वेस्टइंडीज के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई वनडे श्रृंखला के बाद कप्तान शुभमन गिल ने भी संकेत दिए थे कि आगामी मुकाबलों में सभी प्रमुख खिलाड़ी उपलब्ध रहें तो टीम को फायदा होगा। ऐसे में सीमित ओवरों की टीम में प्रमुख खिलाड़ियों की वापसी लगभग तय मानी जा रही है। न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच टी20 और पांच वनडे मैच भारतीय टीम के लिए अगले बड़े लक्ष्य की तैयारी का अहम हिस्सा होंगे।



आकाश दीप को भी मिल सकता है मौका

मुकेश कुमार के साथ आकाश दीप को भी न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट टीम में जगह मिलने की संभावना जताई जा रही है। न्यूजीलैंड की परिस्थितियों में तेज गेंदबाजों की भूमिका बेहद अहम रहने वाली है। ऐसे में चयनकर्ता ऐसे गेंदबाजों को प्राथमिकता दे सकते हैं, जो नई गेंद के साथ-साथ लंबे स्पैल डालने में सक्षम हों। अब निगाहें चयन बैठक पर टिकी हैं। टीम की घोषणा के साथ यह भी साफ हो जाएगा कि किन सीनियर खिलाड़ियों की वापसी होती है और किन युवा चेहरों को न्यूजीलैंड की चुनौती के लिए चुना जाता है।

टेस्ट टीम में मुकेश कुमार की धमाकेदार वापसी!

न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों को लेकर भी चयनकर्ताओं की नजर तेज गेंदबाजों पर है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2027 की दौड़ में बने रहने के लिए यह श्रृंखला भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगी। इसी वजह से मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के साथ उतरने की तैयारी है। बंगाल के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने हाल ही में ईरानी कप में शानदार प्रदर्शन कर टेस्ट टीम में वापसी का मजबूत दावा पेश किया है। जम्मू-कश्मीर के खिलाफ रेस्ट ऑफ इंडिया की ओर से खेलते हुए उन्होंने फाइनल में छह विकेट झटके और टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

होलकर में पिच की 'साइंस' पर जोर, घास की जड़ें भी निभाती हैं अहम भूमिका

200 से 750 किलो तक के रोलर से तैयार होगी भारत-वेस्टइंडीज भिड़ंत की जमीन

इंदौर,

11 अक्टूबर को होलकर स्टेडियम में भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले टी-20 मुकाबले को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बार मैदान की पिच को तैयार करने के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। पहली बार यहां 200, 500 और 750 किलोग्राम वजन वाले तीन आधुनिक रोलर उपलब्ध कराए गए हैं। पुराने हाथ से चलने वाले रोलर की तुलना में इनका आकार बड़ा है और वजन का वितरण भी अलग तरीके से किया गया है। चेन्नई से इंदौर लाए गए इन रोलर के इस्तेमाल का फैसला पिच की नमी, मिट्टी की स्थिति और मौसम को देखकर किया जाएगा।

सिर्फ भारी रोलर से नहीं बनती बेहतर पिच

क्रिकेट में लंबे समय तक यह माना जाता रहा कि भारी रोलर चलाने से पिच ज्यादा सख्त होती है और बल्लेबाजों के लिए बेहतर सतह तैयार होती है। लेकिन आधुनिक पिच विज्ञान ने इस सोच को काफी हद तक बदल दिया है। पिच पर रोलर का दबाव कितना हो, यह मिट्टी की नमी और उसकी संरचना पर निर्भर करता है। यदि पिच में नमी ज्यादा है और उस पर जरूरत से ज्यादा दबाव डाल दिया जाए तो सतह की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। वहीं, नमी कम होने पर रोलिंग का प्रभाव अलग हो सकता है। इसलिए पिच तैयार करने वालों के लिए अब सिर्फ रोलर का वजन नहीं, बल्कि सही समय और सही दबाव भी महत्वपूर्ण हो गया है। पिच की तैयारी में घास को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पिच पर मौजूद घास की जड़ें मिट्टी के भीतर नमी को खींचने में मदद करती हैं।



रोलर का काम सिर्फ मिट्टी दबाना नहीं

आधुनिक पिच तैयारी में रोलर का उद्देश्य केवल मिट्टी को दबाकर सतह को सख्त करना नहीं रह गया है। खिलाड़ियों की आवाजाही, मौसम में बदलाव और नमी के कारण पिच की सतह में छोटे-छोटे बदलाव आ सकते हैं। रोलिंग के जरिए इन बदलावों को नियंत्रित करने की कोशिश की जाती है। पिच के किसी हिस्से की कठोरता दूसरे हिस्से से अलग होने पर गेंद के उछाल में अंतर आ सकता है। इससे बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों के प्रदर्शन पर असर पड़ता है। ऐसे में अलग-अलग वजन वाले रोलर पिच को जरूरत के मुताबिक तैयार करने का विकल्प देते हैं। होलकर स्टेडियम में इस बार 200, 500 और 750 किलोग्राम के तीन रोलर उपलब्ध हैं। इनमें से किसका इस्तेमाल करना है, यह मैदान की स्थिति और मौसम के आधार पर तय किया जाएगा। खास बात यह है कि इन रोलर में केवल वजन का अंतर नहीं है, बल्कि वजन का वितरण भी पुराने हाथ से चलने वाले रोलर से अलग है।

क्रिकेट बोर्ड के निर्देश पर चेन्नई से आए रोलर

मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहित पंडित के अनुसार, ये पुराने हाथ से चलने वाले रोलर की तुलना में नई तकनीक का हिस्सा हैं। इनके वजन का वितरण अलग तरीके से किया गया है, जिससे पिच तैयार करने में मदद मिल सकती है। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड के निर्देश के बाद इन्हें चेन्नई से इंदौर मंगाया गया है। पिच की तैयारी में मौसम सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक है। तापमान, नमी, बारिश और मिट्टी की मौजूदा स्थिति के अनुसार रोलिंग का तरीका बदल सकता है।

चाइना ओपन 2026

इगा ने बनाई राउंड ऑफ 16 में जगह, रोमांचक मुकाबले में डोना वेकिक को हराया



बीजिंग। छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने चाइना ओपन के राउंड-ऑफ-32 में 30वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी डोना वेकिक को हराया। उन्होंने एक सेट और दो ब्रेक से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की। इगा स्वियातेक ने शानदार वापसी करते हुए राउंड-ऑफ-16 में जगह बनाई। पोलैंड की स्टार खिलाड़ी पहला सेट 4-6 से हार गई थीं और दूसरे सेट में 2-5 से पीछे चल रही थीं। ऐसा लग रहा था कि वह मैच हार जाएंगी, लेकिन उन्होंने जबरदस्त संघर्ष दिखाया। स्वियातेक ने दूसरे सेट का टाईब्रेकर 7-0 से जीता और फिर निर्णायक सेट में 6-2 से जीत हासिल कर मैच को 4-6, 7-6 (0), 6-2 से अपने नाम कर लिया।

जीत के बाद ब्रॉडकास्टर्स से बात करते हुए स्वियातेक ने बताया कि उन्हें एक सेट हारने के बाद कैसा महसूस हो रहा था। उन्होंने कहा, मैं सच में बहुत चिढ़ गई थी। मुझे लगा कि मैं बुरा नहीं खेल रही थी, लेकिन निश्चित रूप से वह काफी नहीं था। मैंने कुछ गलतियां कीं। मुझे गुस्सा आ रहा था। मैं कुछ बदलना चाहती थी। जाहिर है कि वह काम नहीं कर रहा था। दूसरा सेट शुरू में मुश्किल था। बाद में मैंने समझ लिया कि क्या करना है। मैं इसे लेकर बहुत खुश हूं। मैच के तीसरे गेम में स्वियातेक अपनी सर्विस गंवा बैठीं और वेकिक की सर्विस तोड़ने का कोई तरीका नहीं ढूंढ पाईं। आठवीं वरीयता प्राप्त पोलिश खिलाड़ी आखिरकार पहला सेट 4-6 से हार गईं।

बीसीसीआई मीटिंग के बाद हरमनप्रीत ने छोड़ी कप्तानी

उनकी अगुआई में भारत ने पहली बार महिला वर्ल्ड कप जीता; स्मृति बन सकती हैं अगली कप्तान

एजेंसी दुबई

हरमनप्रीत कौर ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तीनों फॉर्मेट की कप्तानी छोड़ दी है। उन्होंने मंगलवार को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। यह फैसला एक दिन पहले गुवाहाटी में हुई बीसीसीआई की मीटिंग के बाद आया है।

बैठक में हरमनप्रीत, उपकप्तान स्मृति मंधाना और कोच अमोल मजूमदार शामिल हुए थे। टीम के भविष्य और कप्तानी को लेकर भी चर्चा हुई। हरमनप्रीत के बाद स्मृति मंधाना को अगला कप्तान बनाया जा सकता है।

37 साल की हरमनप्रीत के नाम कई रिकॉर्ड हैं। इनमें बतौर कप्तान भारत को पहला महिला वर्ल्ड कप जिताना शामिल है। उनकी कप्तानी में टीम ने 2012, 2016, 2022 और 2026 एशिया कप का खिताब भी अपने नाम किया। 2012 एशिया कप में हरमनप्रीत ने सिर्फ फाइनल में कप्तानी की थी। बाकी मैचों में मिताली राज ने टीम की कमान

आज मैं सभी फॉर्मेट में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ रही हूं। यह आसान फैसला नहीं है। इसमें सालों की यादें, भावनाएं, त्याग और ऐसे पल जुड़े हैं, जो जिंदगीभर मेरे साथ रहेंगे।

हरमनप्रीत कौर के रिकॉर्ड, उपलब्धियां और सम्मान

भारत ने 2025 में पहली बार महिला वनडे वर्ल्ड कप जीता। हरमनप्रीत वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला कप्तान बनीं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2017 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में नाबाद 171 रन की पारी खेली। यह महिला वर्ल्ड कप की यादगार पारियों में शामिल है। 2018 में न्यूजीलैंड के खिलाफ ङ्क20 इंटरनेशनल में शतक लगाया। ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं। हरमनप्रीत 200 इंटरनेशनल टी-20 मैच खेलने वाली दुनिया की पहली क्रिकेटर हैं।



ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने वाली खिलाड़ी बनीं। उन्होंने 382 मैच खेले हैं।

150 टी 20 में कप्तानी करने वाली दुनिया की पहली क्रिकेटर। सितंबर 2026 में रिकॉर्ड बनाया।

2017 में उन्हें क्रिकेट के लिए अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

2026 में देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म श्री से सम्मानित किया गया।

हरमनप्रीत कौर को 2017 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

हरमनप्रीत कौर को 2017 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

लगातार 2 बार एशियन गेम्स के गोल्ड जीते

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला ि केट टीम ने एशियन गेम्स में लगातार दो गोल्ड मेडल जीते हैं। भारत ने 2022 हांगझोउ एशियन गेम्स में श्रीलंका को हराकर पहला गोल्ड जीता था। इसके बाद 2026 नागोया एशियन गेम्स में भी टीम ने श्रीलंका को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

हरमनप्रीत ने 2009 में किया था डेब्यू

हरमनप्रीत ने भारत के लिए 2009 में पाकिस्तान के खिलाफ वनडे से इंटरनेशनल डेब्यू किया था।
उन्होंने 8 टेस्ट, 164 वनडे और 210 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं।

स्मृति पहले भी कप्तानी कर चुकीं

स्मृति मंधाना को हरमनप्रीत कौर के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी मिल सकती है। स्मृति पहले भी टीम की कप्तानी कर चुकी हैं।

नाई समाज की अस्मिता को ठेस पहुंचाने वाले गायक पर हो कार्रवाई : धनबाद में जोरदार प्रदर्शन

रफ्तार मीडिया संवाददाता





धनबाद : नाई समाज को लेकर एक गायक द्वारा कथित तौर पर आपत्तिजनक और अश्लील गीत गाए जाने के विरोध में मंगलवार को धनबाद जिला नाई समाज संघ ने समाहरणालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन और नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद समाज के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त (डीसी) आदित्य रंजन को एक ज्ञापन सौंपकर आरोपी गायक के खिलाफ अविलंब कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

दर्ज एफआईआर पर 10 दिन बाद भी कार्रवाई नहीं

धनबाद जिला नाई समाज संघ के जिलाध्यक्ष दीनानाथ ठाकुर ने बताया कि इस मामले को लेकर बीते 26 सितंबर को ही धनबाद थाना में नामजद एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसके बावजूद 10 दिन से अधिक का समय बीत जाने पर भी पुलिस और प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि गायक ने केवल सस्ती लोकप्रियता और टीआरपी हासिल करने के लिए नाई समाज को निशाना बनाते हुए एक अश्लील गीत गाया है, जिससे पूरे समाज की अस्मिता को गहरी ठेस पहुंची है। जिलाध्यक्ष ने दो टूक शब्दों में कहा कि नाई समाज हमेशा शांति और संवैधानिक तरीकों में विश्वास रखता है, लेकिन समाज के सम्मान के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्रशासन के समक्ष रखी गई ये 4 प्रमुख मांगें:

प्रदर्शन के दौरान नाई समाज के प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन के माध्यम से सरकार के सामने चार मुख्य मांगें रखीं: आरोपी गायक की गिरफ्तारी: समाज की भावनाओं को आहत करने वाले गायक के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए। जननायक ठाकुर की प्रतिमा: बिरसा मुंडा पार्क के समीप चौराहे पर जननायक कर्पूरी ठाकुर की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाए। अनुसूचित जाति का दर्जा: नाई जाति को अनुसूचित जाति (एस सी) की श्रेणी में शामिल किया जाए। केश कला बोर्ड का गठन: झारखंड राज्य में जल्द से जल्द 'केश कला बोर्ड' का गठन किया जाए।

कार्रवाई न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी

नाई समाज के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने उनकी मांगों पर जल्द ही संज्ञान नहीं लिया और दोषी गायक के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की, तो समाज के लोग पूरे जिले और राज्य स्तर पर उग्र आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने को विवश होंगे।

आईआईटी-आईएसएम में 'सेवा फर्स्ट नवाचार चुनौती': सांसद बोले- नौकरी मांगने वाले नहीं, रोजगार देने वाले बनें युवा





- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी-आईएसएम) में हुआ पूर्वी क्षेत्र के कार्यक्रम का आयोजन।
- सांसद ढुल्लू महतो ने युवाओं को नवोन्मेषी उद्यम (स्टार्टअप) और कौशल विकास के लिए किया प्रेरित।
- प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप 'सेवा संकल्प अभियान' से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर।
- प्रतिभाओं को सही मंच और मार्गदर्शन देकर देश की अर्थव्यवस्था मजबूत करने की तैयारी।

रफ्तार मीडिया संवाददाता

धनबाद : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी-आईएसएम) के प्रबंधन कक्ष (मैनेजमेंट हॉल) में 'सेवा फर्स्ट नवाचार चुनौती- पूर्वी क्षेत्र' (सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज-ईस्टर्न जोन) का भव्य आयोजन किया गया। एसीआईसी, आईआईटी-आईएसएम प्रतिष्ठान (फाउंडेशन) की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का मुख्य फोकस युवाओं को नवोन्मेषी उद्यम (स्टार्टअप), नवाचार और कौशल विकास के जरिए रोजगार से जोड़ने पर रहा।

प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण पर हो रहा काम

युवाओं को संबोधित करते हुए सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण (विजन) के अनुरूप जमीनी स्तर पर तेजी से काम किया जा रहा है। 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत युवाओं को रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध कराने और उन्हें पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है, ताकि वे अपने कार्यों और विचारों से दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा कर सकें।

युवाओं में है अपार क्षमता और प्रतिभा

सांसद ने जोर देते हुए कहा कि देश के युवाओं में अपार क्षमता और प्रतिभा है। नए नवाचारों और उद्यमों के जरिए युवा अब केवल नौकरी तलाशने वाले नहीं, बल्कि खुद सक्षम होकर 'रोजगारदाता' बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। कौशल विकास की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि छोटी-बड़ी कंपनियों के साथ समन्वय स्थापित कर देश में ही रोजगार के नए अवसर पैदा करने की सख्त जरूरत है।

मार्गदर्शन से आत्मनिर्भर बनेगा भारत

उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि हमारे युवाओं को सही मार्गदर्शन और आर्थिक व तकनीकी सहयोग मिले, तो वे भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और देश को पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बनाने में ऐतिहासिक भूमिका निभा सकते हैं। जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को उचित मंच और सहायता उपलब्ध कराने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रतिष्ठान (फाउंडेशन) टीम की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. आकांक्षा सिन्हा सहित कई गणमान्य लोग, शिक्षाविद और भारी संख्या में प्रतिभावान युवा उपस्थित रहे।

पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ कनहरी से दूधमटिया तक निकली साइकिल रैली





- पेड़-पौधों, जंगल और वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर किया जागरूक, ग्रामीणों ने किया स्वागत

रफ्तार मीडिया संवाददाता

हजारीबाग। पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार और वन्यजीवों की सुरक्षा के उद्देश्य से मंगलवार को कनहरी से टाटीझरिया प्रखंड के दूधमटिया तक साइकिल जागरूकता रैली निकाली गई। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड तथा हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रैली में वन विभाग के पदाधिकारी-कर्मी, स्कूली छात्र-छात्राएं और स्थानीय लोग शामिल हुए। साइकिल सवारों ने लोगों को जंगल बचाने, अधिक से अधिक पौधे लगाने, वन्यजीवों की रक्षा करने तथा पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त रखने का संदेश दिया।

रैली के दौरान विभिन्न पर्यावरण संरक्षण संबंधी नारों के माध्यम से लोगों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया गया। प्रतिभागियों ने प्लास्टिक के अनावश्यक इस्तेमाल से बचने और आसपास हरियाली बढ़ाने की अपील की। वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। जंगल और वन्यजीव सुरक्षित रहेंगे, तभी प्राकृतिक संसाधनों का संतुलन कायम रहेगा। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की जिम्मेदारी है। दूधमटिया पहुंचने पर ग्रामीणों ने रैली का स्वागत किया। पर्यावरणविद् सह वरिष्ठ पत्रकार मुरारी सिंह ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से नई पीढ़ी में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। इस मौके पर तरंग ग्रुप के पुरी टीम के द्वारा पर्यावरण की गीतों से सब का मन मोहा मौके पर मौजूद मुरारी सिंह,पर्यावरणविद् सह वरिष्ठ पत्रकार दिनेश खंडेलवाल, मनोज सिंह, तरंग ग्रुप के अमीत कुमार, सहित वन विभाग के अलावा स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राएं मौजूद थी।

सुभाष नगर में 62 वर्षों से हो रही मां दुर्गा की आराधना इस बार बाहुबली थीम बनेगा आकर्षण का केंद्र

7.50 लाख की लागत से तैयार हो रहा भव्य पूजा पंडाल,1.50 लाख में बन रही मां दुर्गा की प्रतिमा

रफ्तार मीडिया संवाददाता



बेरमो : फुसरो नगर क्षेत्र के सुभाष नगर में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति द्वारा इस वर्ष भी दुर्गोत्सव को लेकर जोरदार तैयारियां की जा रही हैं। सुभाष नगर में दुगार्पूजा की परंपरा करीब 62 वर्षों से चली आ रही है। वर्ष 1965 ई. से यहां मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की शुरूआत हुई थी। तभी से प्रत्येक वर्ष श्रद्धा और भक्ति के साथ दुर्गोत्सव मनाया जाता है। इस वर्ष पूजा समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बाहुबली थीम पर भव्य पूजा पंडाल तैयार कराया जा रहा है। पंडाल निर्माण में लगभग 7.50 लाख रुपये की लागत आने का अनुमान है। वहीं मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा करीब 1.50 लाख रुपये की लागत से तैयार की जा रही है। पंडाल निर्माण का कार्य नील टेंट हाउस, चंद्रपुरा द्वारा कराया जा रहा है, जबकि मां दुर्गा की प्रतिमा निर्माण की जिम्मेदारी श्री गोपी श्याम, गोमिया को दी गई है। पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि दुगार्पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। समिति की ओर से पूजा पंडाल, विद्युत सज्जा, सुरक्षा, श्रद्धालुओं की सुविधा सहित अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समिति का प्रयास है कि इस वर्ष भी सुभाष नगर का दुर्गोत्सव श्रद्धालुओं के लिए यादगार बने। **पूजा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य:-** संरक्षक: अरुण कुमार सिंह, रविन्दर सिंह, डोमन पासवान, ललन सिंह, मुन्ना सिंह, सचिन्द्र सिंह, देवराज पासवान, विकास सिंह, चंदन दुबे, रामचरण तुरी, कैलाश ठाकुर, विजय दास, गिरधारी गुप्ता, नवनीत सिंह, मिथिलेश प्रसाद, विनोद शर्मा, नारायण शर्मा एवं रिंकु सिंह। **अध्यक्ष:-** सरण सिंह राणा। **उपाध्यक्ष:** शिबू तांती, राम निहोरा सिंह, गुड्डू दुबे, गौतम सिंह मुंडा, कंचन पासवान, कुंदन कुमार रवानी एवं शेखर कुमार रवानी। **सचिव:-** अशोक कुमार अग्रवाल। **उप सचिव:-** लीलधारी गुप्ता, नवीन सिंह, आनंद कुमार विश्वकर्मा, जय बहादुर थापा, काली, श्याम कुमार, प्रिंस सिंह, भोला तांती एवं राज सिंह। **कोषाध्यक्ष :** उपेन्द्र कुमार। **उप कोषाध्यक्ष:-** गौतम सेन गुप्ता, गोपाल सिन्हा, सरवन कुमार एवं संतोष गुप्ता। **सक्रिय सदस्य:-** धनैजय तिवारी, सकेन्द्र कुमार, दिलीप सिंह, छोटू रवानी, शशि कुमार, राहुल रवानी, राहुल ठाकुर, विक्रम शर्मा, रोशन सिंह, शशि सिंह, मनोज शर्मा, रूपेश राम, शक्ति स्वांसी, सुजीत स्वांसी, विक्रम स्वांसी, सुजीत ठाकुर, शक्ति तिवारी, संतोष कुमार, नंदू रवानी, विजय रवानी, रोहित सिंह, रौनक कुमार, किसन कुमार, अक्षय कुमार, सन्नी कुमार एवं धोनी नायक।

विस्थापन और वैकल्पिक रास्ते की मांग को लेकर ग्रामीणों ने ठप की सुदामडीह साइडिंग की ट्रांसपोर्टिंग

- प्रबंधन के आश्वासन पर घंटों बाद शांत हुआ आंदोलन; जल्द पहल न होने पर दोबारा आंदोलन की चेतावनी

रफ्तार मीडिया संवाददाता



धनबाद : सुदामडीह थाना क्षेत्र की थाना बस्ती के ग्रामीणों ने विस्थापन समेत विभिन्न मांगों को लेकर सुदामडीह नंबर-5 रेलवे साइडिंग का ट्रांसपोर्टिंग कार्य ठप कर जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। आंदोलन का नेतृत्व बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (बीसीकेयू) के संयुक्त सचिव गौतम कुमार रवानी ने किया। प्रदर्शन में भारी संख्या में महिला व पुरुष ग्रामीण शामिल हुए, जिसके कारण साइडिंग में परिवहन कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा।ग्रामीणों का आरोप है कि प्रबंधन ने थाना बस्ती के विस्थापित परिवारों को छह महीने के भीतर विस्थापित करने का लिखित आश्वासन दिया था। इसके बावजूद करीब दो वर्ष बीत जाने के बाद भी विस्थापन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने प्रबंधन से जल्द से जल्द विस्थापन प्रक्रिया शुरू कर प्रभावित परिवारों को पुनर्वासित करने की पुरजोर मांग की। रास्ता बंद होने से बढ़ी परेशानी आंदोलनकारियों ने बताया कि पाथरडीह से बिरसा पुल जाने वाले मुख्य रास्ते को बंद कर दिए जाने से स्थानीय लोगों का जीना मुहाल हो गया है। ग्रामीणों को आवागमन के लिए गांव के अत्यंत संकरे रास्ते का इस्तेमाल करना पड़ रहा है, जिससे हर वक्त जाम की स्थिति बनी रहती है। मोटरसाइकिल और अन्य छोटे वाहन भी इसी संकीर्ण रास्ते से गुजर रहे हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने मुख्य रास्ते का तत्काल कोई सुलभ विकल्प उपलब्ध कराने की मांग रखी। आंदोलन की सूचना मिलते ही ईजे एरिया भौंरा के एजीएम एलएल वर्णवाल दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की। उन्होंने ग्रामीणों की सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और प्रबंधन की ओर से जल्द ही सकारात्मक पहल करने का ठोस आश्वासन दिया। प्रबंधन के इस रुख के बाद ग्रामीणों ने आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया, जिसके बाद साइडिंग में ट्रांसपोर्टिंग का कार्य दोबारा सुचारू रूप से शुरू हो सका। बीसीकेयू के संयुक्त सचिव गौतम कुमार रवानी ने कहा कि प्रबंधन हमेशा विस्थापितों के साथ वादाखिलाफी करता आया है। छह महीने का भरोसा देकर दो साल तक ग्रामीणों को अधर में लटका कर रखा गया है। रास्ता बंद होने से बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि यदि प्रबंधन ने दिए गए आश्वासन पर तय समय के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं की, तो ग्रामीण एक बार फिर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी।

समाचार सार

जामताड़ा बीडीओ अबिश्वर मुर्मू ने दिखाई संवेदनशीलता, महिला को बैंक पहुंचकर पुरी कराई पेंशन की प्रक्रिया



जामताड़ा (रफ्तार मीडिया संवाददाता)। प्रखंड क्षेत्र के मेंझिया गांव में एक महिला को सरकारी पेंशन योजना का लाभ दिलाने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी अबिश्वर मुर्मू ने संवेदनशीलता और मानवता की मिसाल पेश की। जानकारी के अनुसार मेंझिया गांव निवासी सावित्री राय, पति मोतीलाल राय को सर्वजन पेंशन योजना का लाभ दिलाने की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए बीडीओ स्वयं उनके पास पहुंचे। बीडीओ ने महिला की स्थिति को देखते हुए उन्हें अपने वाहन में बैठाकर वनांचल ग्रामीण बैंक, मेंझिया पहुंचाया। इसके बाद बैंक में महिला का खाता खुलवाने की प्रक्रिया पूरी कराई गई, ताकि उन्हें सरकारी पेंशन की राशि प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस दौरान संबंधित पंचायत के मुखिया मिरूदी सोरेन भी बैंक में उपस्थित रहे और पूरी प्रक्रिया में सहयोग किया। बीडीओ द्वारा स्वयं महिला को वाहन से बैंक ले जाकर उनका खाता खुलवाने की पहल को ग्रामीणों ने सराहनीय कदम बताया। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों की ऐसी संवेदनशील पहल से आम लोगों का प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ता है। खासकर बुजुर्ग एवं जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने में प्रशासन की सक्रियता महत्वपूर्ण है। बीडीओ की इस पहल ने यह संदेश दिया कि सरकारी योजनाओं का उद्देश्य केवल कागजी प्रक्रिया पूरी करना नहीं, बल्कि वास्तविक जरूरतमंद व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंचाना है। सावित्री राय को पेंशन योजना से जोड़ने के लिए जिस तरह बीडीओ स्वयं आगे आए और उन्हें बैंक तक ले जाकर खाता खुलवाया, वह प्रशासनिक संवेदनशीलता और मानवता की एक मिसाल के रूप में सामने आया है। मौके पर प्रखंड कर्मी मनोज कुमार,समाज सेवी भागीरथ पंडित सहित अन्य उपस्थित थे।

800 एनसीसी कैडेट्स ने ली यातायात नियमों के पालन की शपथ, सीखे सड़क सुरक्षा के गुर



धनबाद (रफ्तार मीडिया संवाददाता): उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश पर धनबाद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी परिसर में एक वृहद सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न स्कूलों और संस्थानों के लगभग 800 एनसीसी कैडेट्स ने हिस्सा लिया और यातायात नियमों के कड़ाई से पालन की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार और ट्रैफिक सार्जेंट प्रवीन कुमार ने छात्रों को सड़क हादसों के कारण और उनसे बचाव के तरीके बताए। कैडेट्स को ओवरस्पीडिंग न करने, नशे या नींद की हालत में ड्राइविंग न करने, वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल न करने और गलत दिशा में चलने से बचने की हिदायत दी गई। साथ ही, दोपहिया वाहन पर दोनों सवारों के लिए हेलमेट और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट की अनिवार्यता पर जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने छात्रों को सड़क दुर्घटना के शुरूआती एक घंटे यानी 'गोल्डन आवर' के महत्व के बारे में बताया। इसके साथ ही, घायलों की मदद कर उनकी जान बचाने वाले 'गुड समेरिटन' (नेक मददगार) नीति और 'हिट एंड रन' से जुड़े कानूनी प्रावधानों की भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं को स्वयं नियमों का पालन करने और अपने आस-पड़ोस को जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर भारतीय सेना के ब्रिगेडियर दीपक गौर, कमांडिंग ऑफिसर अनिमेष झा, जेसीओ सूबेदार राजेंद्र प्रसाद सैनी और जिला सड़क सुरक्षा टीम के सदस्य प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

शिकारीपाड़ा में गिट्टी लदे ट्रक से 13 लाख की अवैध शराब जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार



शिकारीपाड़ा/दुमका (रफ्तार मीडिया संवाददाता): दुमका पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में गिट्टी से लदे एक ट्रक से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब और बीयर की खेप बरामद की है। पुलिस अधीक्षक दुमका को मिली गुप्त सूचना के आधार पर रामपुरहाट की ओर से आ रहे ट्रक (इफ1ऋ 5968) को चेकिंग के दौरान रोका गया। तलाशी लेने पर गिट्टी के नीचे छिपाकर रखी गई कुल 13 लाख रुपये मूल्य की अवैध शराब बरामद हुई, जिसे पश्चिम बंगाल से बिहार ले जाया जा रहा था। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मौके से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में बिहार के खगड़िया जिले के चौथम थाना अंतर्गत ब्रह्मा गांव निवासी मनोज यादव तथा दुमका जिले के रानेश्वर थाना क्षेत्र के हकीकतपुर गांव निवासी अजीमुद्दीन खान और समीरूल खान शामिल हैं। पुलिस ने गिट्टी और शराब से लदे ट्रक को जब्त करते हुए संबंधित धाराओं एवं उत्पाद अधिनियम के तहत शिकारीपाड़ा थाने में मामला दर्ज कर लिया है। इस सफल छापामारी अभियान का नेतृत्व सदर दुमका के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप खलखो ने किया। टीम में शिकारीपाड़ा थाना के पुलिस अवर निरीक्षक आनंद हेम्ब्रम, आशीष कुमार भारद्वाज, हेमंत सिंह भोगता, साक्षर आरक्षी चुनचुन कुमार यादव और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

पेंशन व क्षैतिज आरक्षण को लेकर आंदोलनकारियों ने की जिला बैठक

जामताड़ा (रफ्तार मीडिया संवाददाता): जामताड़ा के गांधी मैदान में मंगलवार को झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारी जामताड़ा समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष बोड़ो सोरेन ने की। बैठक में झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारियों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से आंदोलनकारियों को मिलने वाली पेंशन एवं क्षैतिज आरक्षण के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए प्रखंड स्तर पर कमेटी गठन करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष बोड़ो सोरेन ने बताया कि आगामी 11 अक्टूबर 2026 को कुंडहित आईबी में फतेहपुर, नाला एवं कुंडहित तीनों प्रखंडों की कमेटियों का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला कमेटी के निर्देशानुसार सभी आंदोलनकारियों की निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में समिति के अध्यक्ष मेनारथ मरांडी, उपाध्यक्ष रॉबिन मिर्धा, सचिव अनिल सोरेन, कोषाध्यक्ष रोहनी मरांडी, जमाल अंसारी, मंगल सोरेन, जीतेन हांसदा, रंजीत राउत, नरेश मिर्धा, हिरालाल सोरेन, गुरुजी मुर्मू, दिल मरांडी, छत्रधारी मरांडा, सुन्दरी मुर्मू, पार्वती हेम्ब्रम, सर्जनी टुडू, फुलमुनी कुमारी बास्की, जोहु मुनी टुडू, पारसुखी मुर्मू सहित अन्य आंदोलनकारी उपस्थित रहे।

पीआरजीआई/आरएनआई पंजीयन संख्या RNI NO. JHHIN/26/3481 स्वतत्वाधिकारी,संपादक एवं प्रकाशक गौरव कुमार, कार्यकारी संपादक अरविंद कुमार, उत्तम निवास, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, अरगोड़ा थाना के पास, हरमू, रांची, झारखंड 834002 से प्रकाशित, एसएच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, रातू काठीटांड़ नियर टेंडर बगीचा एचपी पेट्रोल पंप, पीओ रातू, रांची 835222 से मुद्रित, फोन नंबर 6203592707,ईमेल -raftaarhr@gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत समाचारों के चयन के लिए जिम्मेवार) समस्त विवादों का क्षेत्राधिकार रांची न्यायलय रहेगा।